समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 62,979.37 | 18,665.50 |

तापमान
अधिकतम 36 ℃
न्यूनतम 28 ℃

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



नौ साल में महिलाओं का उत्थान, श्रमिकों को सम्मान मिला पेज-02

39 जिला सहकारी बैकों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित पेज-03

वर्ष 10 अंक 304 लखनऊ, 24 जून शनिवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

पीएम मोदी ने दुनिया को पढ़ाया लोकतंत्र और शांति का पाठ

# भारत-अमेरिका के रिश्तों को दिया नया आकाश

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अमेरिका दौरा बेहद सफल रहा। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर करार हुए और आतंकवाद तथा कट्टरता से मिलकर लड़ने का जो संकल्प लिया गया उससे पूरी दुनिया को लाभ होगा। राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिका में जिस तरह भव्य स्वागत किया गया, विश्व के लिए अहम मुद्दों पर भारत की राय व भारत की भूमिका को महत्व दिया गया और अमेरिका के विकास में भारतीय अमेरिकियों के योगदान को सराहा गया तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए भारत की प्राचीन योग पद्धति के महत्व को पूरी दुनिया की ओर से स्वीकारा गया उसने भारत को विश्व गुरु के स्थान पर पहुँचाने का काम किया है। अमेरिका यात्रा के दौरान मोदी-मोदी की गूँज दरअसल भारत के यशोगान की गूँज थी। पूरी दुनिया को यह समझ आ गया है कि भारत ही अब नेतृत्व करेगा और संकटकाल हो या सामान्य दिन, भारत पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में मानता है और सबको साथ लेकर चलने की चाहत और क्षमता भी रखता है। अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कई कीर्तिमान स्थापित किये। इसमें सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि वह अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गये।

अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की पृष्ठभूमि में कहा है कि यह युद्ध का नहीं बल्कि संवाद और कूटनीति का युग है और रक्तपात और मानवीय पीड़ा को रोकने के लिए जो कुछ भी हो सकता है सभी को करना चाहिए। अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने आतंकवाद का भी उल्लेख किया और कहा कि यह आज भी पूरी दुनिया के लिए खतरा बना हुआ है। 'मोदी-मोदी' के नारों और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मोदी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा) में काफी तरक्की हुई है लेकिन साथ साथ ही एक अन्य एआई यानि भारत-अमेरिका के रिश्तों में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा, ''हमारे सहयोग का दायरा अंतहीन है, हमारे तालमेल की क्षमता असीमित है और हमारे संबंधों में केमिस्ट्री सरल है।'' करीब एक घंटे के अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि अमेरिका का लोकतंत्र सबसे पुराना है और भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लिहाजा दोनों देशों की साझेदारी लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छी है। उन्होंने कहा, ''दुनिया के लिए बेहतर भविष्य और भविष्य के लिए बेहतर दुनिया के लिए यह अच्छी है।''



## यह युद्ध का युग नहीं है

रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, ''यह युद्ध का युग नहीं है, बल्कि यह संवाद और कूटनीति का युग है और हम सभी को रक्तपात और मानवीय पीड़ा को रोकने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, वह करना चाहिए। वैश्विक व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सम्मान, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर आधारित है।'' उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता दोनों देशों की साझेदारी की केंद्रीय चिंताओं में से एक बन गई है और दोनों एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के दृष्टिकोण को साझा करते हैं। आतंकवाद के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका के 9/11 हमले के दो दशक से अधिक समय बाद और मुंबई में 26/11 के एक दशक से अधिक समय बाद भी आतंकवाद और कट्टरपंथ पूरी दुनिया के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा, ''आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इससे निपटने में कोई अगर-मगर नहीं हो सकता। हमें आतंक को प्रायोजित और निर्यात करने वाली ऐसी सभी ताकतों पर काबू पाना होगा।'' प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करने और बेहतर संसाधनों और प्रतिनिधित्व के साथ बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि यह शासन के सभी वैश्विक संस्थानों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र पर लागू होता है। उन्होंने कहा, ''जब दुनिया बदल गई है, तो हमारे संस्थानों को भी बदलना चाहिए।''

## अमेरिका ने दुनिया भर के लोगों को गले लगाया है

मोदी ने कहा कि अमेरिका ने दुनिया भर के लोगों को गले लगाया है और उन्हें अमेरिकी सपने में समान भागीदार बनाया है। उन्होंने कहा कि यहां लाखों लोग हैं जिनकी जड़ें भारत में हैं और उनमें से कुछ यहां इस कक्ष में गर्व से बैठते हैं। उन्होंने इस क्रम में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का भी उल्लेख किया। भारतीय लोकतंत्र और उसकी विविधता का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि गुलामी के लंबे कालखंड के बाद भारत अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मना रहा है और यह न केवल लोकतंत्र का उत्सव है बल्कि इसकी विविधता का भी उत्सव है। उन्होंने कहा, ''यह न केवल हमारे प्रतिस्पर्धी और सहकारी संघवाद की बल्कि हमारी एकता और अखंडता के साथ ही सामाजिक सशक्तिकरण की भी भावना है। इसलिए आज दुनिया में हर कोई भारत के विकास, लोकतंत्र और विविधता को समझना चाहता है।'' उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करना हमेशा सम्मान की बात होती है लेकिन उनके लिए यह असाधारण सौभाग्य की बात है कि उन्हें यह अवसर दो बार मिला।

## पीएम मोदी और जो बाइडेन की हुई द्विपक्षीय वार्ता

संयुक्त सत्र को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की और दोनों देशों के समग्र रिश्तों की समीक्षा की तथा इसे और घनिष्ठ करने के रास्तों पर चर्चा की। वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंधों एवं समग्र वैश्विक सामरिक गठजोड़ में एक नया अध्याय जुड़ा है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि भारत के साथ यह साझेदारी दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी में से एक है जो इतिहास में किसी भी समय अधिक मजबूत, करीबी और अधिक गतिशील है। हम आपको यह भी बता दें कि वार्ता से पहले प्रधानमंत्री मोदी का व्हाइट हाउस में भव्य स्वागत किया गया, जहां अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी जिल बाइडेन ने उनकी अगवानी की।

## किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं

इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोकतंत्र हमारी रगों में है और जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में कोई भेदभाव नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में एक सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''लोग कहते हैं नहीं, बल्कि भारत एक लोकतंत्र है और जैसा कि राष्ट्रपति बाइडन ने कहा है, भारत और अमेरिका दोनों के डीएनए में लोकतंत्र है।''मोदी ने कहा, ''लोकतंत्र हमारे रगों में है। लोकतंत्र को हम जीते है। हमारे पूर्वजों ने संविधान के रूप में शब्दों में ढ़ाला है। जब हम लोकतंत्र को जीते हैं तब भेदभाव की बात ही नहीं आती । हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में कोई भेदभाव नहीं है।'' उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं सभी के लिए है और इसमें जाति, पंथ, धर्म आदि को लेकर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब आप लोकतंत्र की बात करते हैं, लोकतंत्र में रहते हैं तब इसमे भेदभाव का कोई स्थान ही नहीं है।

## संक्षिप्त

### यह स्वार्थ का गठबंधन है, जिसके निशाने पर भारत का भविष्य है

**पटना।** पटना में आज विपक्षी दलों की बैठक हुई है। इस बैठक को लेकर भाजपा जबरदस्त तरीके से हमलावर है। भाजपा की ओर से विपक्षी दलों की बैठक को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एक प्रेस वार्ता किया। इसमें स्मृति ईरानी ने साफ तौर पर कहा कि यह स्वार्थ का गठबंधन है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि स्वार्थ का ये गठबंधन, जिसके निशाने पर है हिंदुस्तान है। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि ये राजनीतिक दल जब भी एक साथ आए, भ्रष्टाचार लाए, परिवारवाद लाए और राष्ट्र की आर्थिक प्रगति को संकुचित करने का आरोप अपने संग लेकर आए।

### दुनिया में मोदी की प्रशंसा होती है तो कांग्रेसी नेताओं के पेट में मरोड़ मचती है

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज ओडिशा के कालाहांडी में हैं। कालाहांडी में उन्होंने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधा और साथ ही साथ मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। जेपी नड्डा ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक लक्ष्य तय किया है कि अब हम विकासशील देश नहीं कहलाएंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आने वाले समय में हम विकसित राष्ट्र कहलाएंगे और विकसित राष्ट्र को आगे ले जाएंगे।

### अस्पताल निर्माण योजना लक्ष्य से 10 साल पीछे, रुके प्रोजेक्ट भी गिनाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था पर उपराज्यपाल ने चिंता जताई है। अस्पताल निर्माण में हो रही देरी पर दिल्ली सरकार को अवगत भी कराया है। इस बाबत उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र भी लिखा है। पत्र में कहा है कि न केवल सिरसपुर में नए अस्पताल का निर्माण कार्य निर्धारित समय से एक साल पीछे चल रहा है, बल्कि लोक नायक, गुरु गोबिंद सिंह, डॉ. बीआर आंबेडकर, राव तुला राम और अरुणा आसफ अली जैसे मौजूदा अस्पतालों में बिस्तरों की बढ़ोतरी में भी तीन साल से अधिक की देरी हुई है।

पटना में बोले राहुल गांधी : कर्नाटक में क्या हुआ, सबने देखा

# हम एक साथ मिलकर बीजेपी को हराएंगे

**पटना (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विपक्षी नेताओं की मेगा बैठक से पहले पटना में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा को हराकर जीत हासिल करेगी। आपने देखा कि कर्नाटक में क्या हुआ।

बीजेपी नेताओं ने जगह-जगह दौरा किया, लंबे-लंबे भाषण दिए और दावा किया कि उनकी जीत होगी। लेकिन क्या आपने देखा कि क्या हुआ? मैं इस मंच से कह रहा हूं कि आपको बीजेपी तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ या मध्य प्रदेश में नहीं दिखेगी। क्यों? क्योंकि कांग्रेस गरीबों के साथ खड़ी है। राहुल गांधी ने कहा कि पूरा देश अब समझता है कि बीजेपी का मतलब दो-तीन लोगों



की प्रगति है। वहीं, कांग्रेस का मतलब गरीबों का विकास है। राहुल गांधी ने अपना भाषण शुरू करते हुए कहा कि आपका मूड कैसा है? मूड अच्छा है? अमेरिका यात्रा के बाद राहुल गांधी का यह पहला सार्वजनिक संबोधन है।

राहुल ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि भारत में विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। एक तरफ, कांग्रेस की भारत जोड़ो विचारधारा है, दूसरी तरफ, आरएसएस, भाजपा की भारत तोड़ो विचारधारा है। हम यहां आए हैं क्योंकि कांग्रेस के डीएनए में है बिहार। बिहार के लोगों ने हमारी भारत जोड़ो यात्रा में बहुत योगदान दिया। हर जगह मैं लोगों से पूछता था कि वे कहां से आए हैं। जवाब था बिहार।

### दिल्ली में सेवा पर नियंत्रण से जुड़े अध्यादेश के मुद्दे पर मानसून सत्र से पहले फैसला होगा : खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से जुड़े केंद्र सरकार के अध्यादेश को लेकर फैसला संसद के आगामी मानसून सत्र के शुरू होने से पहले किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शायद यह पता होगा कि अध्यादेश का विरोध या समर्थन संसद के बाहर नहीं, संसद के भीतर किया जाता है। खरगे ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की, जब आम आदमी पार्टी (आप) के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को कहा था कि अगर कांग्रेस ने दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ उसे समर्थन देने का वादा नहीं किया, तो 'आप' विपक्षी दलों की शुक्रवार को पटना में होने वाली बैठक से बाहर हो जाएगी।

पटना में चल रहा फोटो सेशन, अमित शाह बोले- विपक्ष एकजुट नहीं होगा

# 2024 में फिर पीएम बनेंगे नरेंद्र मोदी

**पटना (एजेंसी)।** पटना में विपक्षी दलों की बैठक चल रही है। इस बैठक को लेकर भाजपा विपक्षी दलों पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। इन सब के बीच केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ अमित शाह ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर निशाना साधा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पटना में फोटो सेशन हो रहा है।

विपक्षी दल कभी एकजुट नहीं होंगे। 2024 में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। आपको बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबले के लिए संयुक्त रणनीति बनाने के लिए विपक्षी नेताओं की बैठक पटना में शुरू हो गई है। बैठक में 15 से ज्यादा विपक्षी दल शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू



में कहा कि आज पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। सारे विपक्ष के नेता एक मंच पर आ रहे हैं और संदेश देना चाहते हैं कि हम भाजपा और मोदी जी को चुनौती देंगे।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मैं विपक्ष के नेताओं को कहना चाहता हूं कि कितने भी हाथ मिला लो आप एक साथ नहीं आ सकते हैं और आ भी गए तो 2024 में मोदी जी का 300 से ज्यादा सीटों के साथ आना तय है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मोदी जी तिसरी बार 2024 में प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि जब धारा 370 लागू हुई थी तब श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका विरोध किया था और कहा कि इस देश में 2 विधान, 2 निशान और 2 प्रधान नहीं चलेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए वे सत्याग्रह करते-करते जम्मू-कश्मीर तक पहुंचे, यहां उन्हें धोखे से गिरफ्तार कर लिया गया। हम सब जानते हैं उनकी हत्या कर दी गई थी। आज उनकी आत्मा बहुत सुकून से होगी क्योंकि 5 अगस्त 2019 को मोदी जी ने धारा 370 निरस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर विकास की राह पर बढ़ा है।

यूपी बोर्ड के सिलेबस में वीर सावरकर समेत 50 महापुरुषों की जीवनी शामिल

# छात्र-छात्राएं पढ़ेंगे वीर सावरकर की जीवन गाथा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

यूपी बोर्ड ने पाठ्यक्रम में बड़ा बदलाव किया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड के सिलेबस में विनायक दामोदर सावरकर की जीवनी को शामिल किया है। बोर्ड परीक्षाओं के स्टूडेंट अब सिलेबस में अनिवार्य रूप से वीर सावरकर की जीवनी पढ़ेंगे। देश के अलग-अलग राज्यों में वीर सावरकर तो लेकर छिड़ी बहस के बीच योगी सरकार का बड़ा फैसला सामने आया है। बोर्ड परीक्षाओं के स्टूडेंट अब सिलेबस में अनिवार्य रूप से वीर सावरकर की जीवनी पढ़ेंगे। इस विषय में पास होना भी जरूरी होगा। वीर सावरकर के अलावा 50 और महापुरुषों की जीवन गाथा को सिलेबस में शामिल किया गया है।

शाहजहांपुर में बाइक सवार 5 लोगों को अज्ञात वाहन ने रौंदा

# सभी लोगों की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में आज सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार 5 लोगों की मौत हो गई। किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पांच लोगों के पीछे से टक्कर मार दी, जिससे सभी की मौत हो गई। घटना सेहरामऊ दक्षिणी थानांतर्गत दिलावपुर गांव की है। मिली जानकारी के मुताबिक बाइक सवार 5 लोग शाहाबाद शादी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। इस हादसे में बाइक सवार पुरुष, 2 महिलाएं और दो बच्चों की मौत हुई। बाइक सवार शाहजहांपुर जिले के तिलहर और जैतीपर के रहने वाले थे। पुलिस ने दो बच्चों को जिला अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टर ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी होने पर कोहराम मच गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अमित चौरसिया ने बताया कि घटना शुक्रवार तड़के हुई जब पीड़ित विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। मोटर साइकिल सड़क पर फिसल गई या उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी, इसकी जांच की जा रही है। मृतकों की पहचान रघुवीर (34) और उसकी पत्नी ज्योति (30) तथा उनके बच्चे अभि (तीन) कृष्णा (पांच) एवं साली जूली (35) के तौर पर हुई है। पीड़ितों के सिर में चोट लगने के कारण संभवतरू मृत्यु हुई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में जांच की जा रही है।

नहर में गिरी ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली

# दो बच्चों सहित तीन की मौत, 12 से अधिक घायल

**आगरा (समृद्धि न्यूज़)।** उत्तर प्रदेश के आगरा में शुक्रवार शाम बड़ा हादसा हो गया। सैंया-इरादत नगर मार्ग पर शादी समारोह से पहले भात देकर वापस लौटते ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली नहर में गिर गई। इस हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक युवक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसे में एक दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। मौके पर राहगीरों ने नहर से लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस भी वहां आ गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये हादसा सैंया-इरादत नगर मार्ग पर हुआ। बताया गया है कि शादी समारोह से पहले भात देकर वापस लौटते ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली नहर में गिर गई। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई।

रेसलर्स प्रोटेस्ट

जयचंद, जहरीला नाग, चापलूस, विनेश फोगाट ने योगेश्वर दत्त पर साधा निशाना, कहा-

# महिला पहलवानों की आपबीती पर हंसता रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घटनाओं के एक चौंकाने वाले मोड़ में भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने साथी पहलवान योगेश्वर दत्त पर तीखा हमला किया है। विनेश फोगाट ने कहा कि वो पहलवानों और कोचों को महिला पहलवानों के धरने में शामिल होने से लगातार रोक रहा था। बता दें कि दत्त द्वारा फोगट और पांच अन्य को एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप ट्रायल से दी गई छूट पर सवाल उठाने के बाद तीखी नोकझोंक हुई। फोगट ने ट्विटर पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा कुश्ती जगत समझ गया कि योगेश्वर बृजभूषण की थाली से बचा हुआ खाना खा रहे थे। अगर कोई समाज में अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता है, तो योगेश्वर निश्चित रूप से बयान देते हैं।

एशियाई खेलों में दो बार और राष्ट्रमंडल खेलों में तीन बार स्वर्ण पदक जीतने वाली विनेश फोगाट ने दत्त को बृज भूषण का कमीना और अपनी ही बिरादरी को धोखा देने वाला व्यक्ति करार दिया। उन्होंने ट्विट करते हुए कहा कि योगेश्वर दत्त का वीडियो सुना तो उसकी वह



घटिया हंसी दिमाग़ में अटक गई। वह महिला पहलवानों के लिए बनी दोनों कमेटियों का हिस्सा था। जब कमेटी के सामने महिला पहलवान अपनी आपबीती बता रही थीं तो वह बहुत घटिया तरह से हंसने लगता। जब 2 महिला पहलवान पानी पीने के लिए बाहर आयीं तो बाहर आकर उनको कहने लगा कि कुछ ना हो बृजभूषण का, जाके अपनी प्रैक्टिस कर लिया करो। विनेश फोगाट ने कहा कि समाज में कोई भी अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाता है तो योगेश्वर ज़रूर उल्टियाँ करता है। पहले किसानों, जवानों, छात्रों, मुसलमानों, सिखों पर घटिया टिप्पणियाँ कीं और अब महिला पहलवानों को बदनाम करने में लगा हुआ है। समाज से गद्दारी के कारण ही दो बार चुनाव में औंधे मुँह गिरे हो तुम। और मैं चैलेंज करती हूँ कि कभी ज़िंदगी में चुनाव नहीं जीतोगे, क्योंकि समाज ज़हरीले नाग से हमेशा सावधान रहता है और उसके कभी पैर नहीं लगने देता। कुश्ती जगत को आपका बृजभूषण के तलवे चाटना हमेशा याद रहेगा। महिला पहलवानों को तोड़ने में इतना ज़ोर मत लगाओ, बहुत पक्के इरादे हैं इनके. ध्यान रखना कहीं ज्यादा जोर लगवाने से कमर न टूट जाए। रीढ़ तो पहले ही बृजभूषण के पैरों में रख चुके हो। तुम बहुत संवेदनहीन इंसान हो. ज़ालिम के हक़ में खड़े हो उसकी चापलूसी कर रहे हो।

पूर्वी इंफाल और कांगपोकपी में गोलीबारी

## सीएम ने किया राहत शिविरों को दौरा

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में हिंसा रूकने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को एक बार फिर सशस्त्र बंदूकधारियों ने फायरिंग की। अभी तक इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है। यह भी जानकारी मिल रही है कि महिलाओं का एक बड़ा समूह सेना की आवाजाही में बाधा डाल रही हैं। भारतीय सेना की स्पीयर कोर (III कोर) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इस बीच, यह भी पता चला है कि आज यानी शुक्रवार को मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने विष्णुपुर जिले के राहत शिविरों का दौरा किया।

# नौ साल में महिलाओं का उत्थान, श्रमिकों को सम्मान मिला: मुकेश शर्मा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में नौ सालों में युवाओं को नए अवसर मिले हैं । किसान समृद्ध हुए हैं गरीबों के जीवन में सुधार हुआ है, महिलाओं का उत्थान हुआ है , श्रमिकों को सम्मान मिला है। विधान परिषद सदस्य व भाजपा के महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा कैंट विधानसभा में केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के संबंध में महानगर कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

मुकेश शर्मा ने कहा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कैंट विधानसभा आलमबाग में 100 बेड का अस्पताल, विधानसभा क्षेत्र में लगभग 12 मिनी ट्यूबवेल और 45 समरसेबल पंप लगवाए । विभिन्न वार्डों में लगभग 5 करोड़ की राशि से नाली और सड़क का निर्माण कार्य कराया गया। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए लगभग पांच करोड की धनराशि से जरूरतमंद 100 से अधिक परिवारों को लाभ प्रदान किया। कैंट विधानसभा के अंतर्गत आने वाले अवध क्षेत्र चौराहे पर ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए सड़क का चौड़ीकरण कराया गया। केसरी खेड़ा वार्ड में ढाई करोड़ की लागत से नाले का निर्माण किया गया। जल निकासी के लिए लगभग ढाई सौ करोड़ रुपए की लागत से गहरी सीवर लाइन का कार्य प्रगति पर है।एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहा देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ वासियों की सुविधाओं के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। लखनऊ में 6000 करोड़ लागत की 104 किलोमीटर की आउटर रिंग रोड का निर्माण कार्य चल रहा है जिसका लगभग 85 परसेंट काम पूर्ण हो चुका है नवंबर तक आउटर रिंग रोड पूरी तरह से चालू हो जाएगी । 4700 करोड़ रुपए की लागत से 65 किलोमीटर लंबी लखनऊ कानपुर एक्सप्रेस वे जिसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। डेड़ किलोमीटर लंबा लाल कुआं नाका फ्लाईओवर पूरा हो चुका है। चारबाग रेल स्टेशन उच्चीकरण स्वीकृत कार्य प्रगति पर है। चारबाग स्टेशन में यात्रियों के प्रवेश के लिए दूसरे रास्ते का कार्य प्रगति पर है। ट्रांसपोर्ट नगर गुड्स स्टेशन के साथ यात्री रेल स्टेशन की भी स्वीकृति शीघ्र होनी है।

एयरपोर्ट की यात्री क्षमता एक करोड़ करने हेतु 1383 करोड़ रुपए से दो नए टर्मिनल का निर्माण कार्य हो रहा है। रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल से आरडीएसओ फ्लाईओवर को जोड़ने वाला उपरिगामी सेतु तैयार हो चुका है। 234 करोड़ की लागत से हैदर कैनाल के ऊपर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण 75 परसेंट पूर्ण हो चुका है। केजीएमयू में मरीज तामीरदार के ठहरने के लिए 188 वर्ड का रैन बसेरा का निर्माण कराया। आलमबाग क्षेत्र के 8 वार्डों में 177 करोड़ से नई सिविल लाइन का निर्माण कार्य, केसरी खेड़ा, राजाजीपुरम पारा पर रेल ओवर ब्रिज स्वीकृत किया गया।

# विपक्ष के बयान पर भड़के मोहसिन रजा

## कहा, यूपी बोर्ड में वीर सावरकार का नाम पाठ्यक्रम शामिल होना गौरव की बात

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने नौवीं से 12वीं तक की कक्षा के नैतिक, योग और खेल एवं शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम में वीर सावरकार नाम शामिल होने पर विपक्ष के सवाल पर विधान परिषद सदस्य मोहसिन रजा ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष वीर सावरकर जैसे वीर के बजाए अपराधियों और आक्रांताओं को महापुरुष के तौर पर देखना चाहता है।

बता दें कि माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने नौवीं से 12वीं तक की कक्षा के नैतिक, योग और खेल एवं शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम में हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर, मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज और बिरसा मुंडा समेत 11 और महापुरुषों की जीवनगाथा शामिल की है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने कहा कि कक्षा नौ से 12वीं तक की नैतिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में 11 महापुरुषों की जीवनगाथा को शामिल किया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र से कई नये विषयों को कंप्यूटर के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि अध्ययन सत्र 2023-24 से विद्यार्थी नैतिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में इन महापुरुषों के बारे में पढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि दसवीं कक्षा के नैतिक शिक्षा पाठ्यक्रम में पं. जवाहरलाल नेहरू, स्वामी दयानंद, स्वामी विवेकानंद समेत आठ महापुरुषों की जीवनगाथा शामिल है। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में नयी चीजों को शामिल करने का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर दिये गये विवरण के अनुसार बोर्ड ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नौवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में सूर्य नमस्कार, आसन और स्वास्थ्य, मुद्रा, प्राणायाम एवं स्वास्थ्य, योग निद्रा और त्राटक को शामिल किया। साथ ही इसमें अष्टांग योग के बारे में भी विस्तार से बताया गया है। इसके अनुसार यूपी बोर्ड ने नैतिक, योग तथा खेल एवं शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम के तहत 50 अंक की लिखित परीक्षा रखी है और 50 अंक की प्रयोगात्मक परीक्षा रखी है। वेबसाइट पर दिये गये विवरण के अनुसार बोर्ड ने 11वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में कंप्यूटर विषय के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल क्रिप्टो करेंसी एआर-वीआर, इंटरनेट ऑफथिंग्स, 3डी प्रिंटिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग आदि का समावेश किया है ताकि विद्यार्थी उभरती प्रौद्योगिकियों से अवगत हो सकें।

## खबरें एक नजर में

### हेमा मालिनी ने की ई-बस की सवारी दैनिक यात्रियों से लिया फीडबैक,बोलीं-और बढ़ेंगी ई-बस

लखनऊ । फिल्म अभिनेत्री और मथुरा की सांसद हेमा मालिनी अचानक लग्जरी कार छोड़ जब ई-बस में सवार हो गई तो यात्री ही नही मथुरा के नागरिक अचंभित हो गए। ड्रीम गर्ल बस में आम लोगों के साथ,चौंकाने वाली तो बात है ही। उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग द्वारा मुहैया कराई गई ई-बस का सफर कर दैनिक यात्रियों और श्रद्धालुओं से हेमा मालिनी ने फीडबैक लिया। पांच किलोमीटर की यात्रा की। इस दौरान नगर विकास के विशेष सचिव राजेंद्र पेंसिया भी साथ रहे।ओमैक्स सिटी स्थित अपने आवास से हेमा मालिनी इलेक्ट्रिक बस में सवार होकर प्रेम मंदिर होते हुए कृष्णा आर्चिड पहुंची। यात्रियों में सांसद के साथ फोटो कराने की उत्सुकता देखी तो हेमा मालिनी ने भी यात्रियों को निराश न कर फोटोशूट कराया। यात्रियों से बस के फायदे जाने। यात्रियों ने उन्हें बताया कि अभी तक टेम्पो में यात्रा करनी पड़ती थी। एक टेम्पो में 14-14 सवारी बैठकर जाती थीं, ई-बस में सफर आरामदायक है। गर्मी के दिनों में एसी बस से चलना मुफीद है जबकि किराया टेम्पो के लगभग बराबर है। बस में लगे सीसीटीवी सुरक्षा के लिहाज से बेहतर हैं। हेमा मालिनी ने बस में साफ-सफाई की तारीफकी और बताया कि अभी और बसें आयेंगी जो पूरे ब्रज में चलेंगी। कम बजट में अच्छा सफर श्रद्धालुओं को मिलेगा।

रेखा हास्पिटल के खिलाफजांच के आदेश,मिली कमी

लखनऊ,23 जून 2023 (यूएनएस)। लखनऊ में रेखा हास्पिटल के विरूद्ध प्राप्त शिकायत के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी लखनऊ के द्वारा उक्त चिकित्सालय की जांच हेतु डा विनय मिश्रा उप मुख्य चिकित्साधिकारी, डा प्रियंका यादव चिकित्सा अधीक्षिका नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्वर जुबली लखनऊ एवं डा अंकित वर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हुसैनाबाद, लखनऊ तीन सदस्यीय दल का गठन किया गया। जिनके द्वारा रेखा हास्पिटल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पाया गया कि रेखा हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन वर्ष 2020 तक था। चिकित्सालय में कोई भी पैरामेडिकल स्टाफ तैनात नही था, ऑनलाइन चिकित्सकों की व्यवस्था नही थी। निरीक्षण के समय चिकित्सालय में एक प्रसूता भर्ती थी। जिसे नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्वर जुबली, लखनऊ में भर्ती करा दिया गया है। थाना ठाकुरगंज के थाना प्रभारी एवं उनकी टीम तथा जांच दल की उपस्थिति में उक्त चिकित्सालय को सीज कर दिया गया। चिकित्सालय प्रबन्धक से समस्त सम्बन्धित अभिलेख उपलब्ध कराने एवं प्रकरण की जांच मे बयान दर्ज कराने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

### मोटो जीपी 2023: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया पहली रेस के टिकट का अनावरण

लखनऊ, । भारत की मेजबानी में पहली बार मोटो जीपी 2023 का आयोजन होना है। मोटो जीपी वर्ल्ड की सबसे पुरानी और तेज बाइक रेसिंग प्रतियोगिता है। पहली बार प्रतियोगिता यूरोप से बाहर आयोजित की जा रही है। भारत के नोएडा में इसके आयोजन होने से उत्तर प्रदेश की ब्रांड वैल्यू भी बढ़ने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाइक रेस मोटो जीपी 2023 की पहली रेस के पहले टिकट का अनावरण किया। उन्होंने रेस का आयोजन भारत में होने पर खुशी जाहिर की। मोटो जीपी के आयोजनकर्ताओं ने विश्व प्रसिद्ध स्पेनिश राइडर इनिया बास्टियानिनी की ओर से मुख्यमंत्री को एक हेलमेट उपहार के रूप में दिया। सीएम योगी ने इसके बदले खुद का साइन किया हुआ एक हेलमेट राइडर बास्टियानिनी को गिफ्ट किया। उत्तर प्रदेश के बुद्धा



इंटरनेशनल सर्किट ग्रेटर नोएडा में 22 सितंबर से 24 सितंबर तक मोटो जीपी 2023 का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने दुनियाभर से रेसर्स आएंगे। मोटो जीपी रेस को लोग बेहद पसंद करते हैं, यही वजह है कि ये दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा देखा जाने वाला इवेंट है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आयोजन से उत्तर प्रदेश में करीब 5 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा और लगभग एक हजार करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित होने की संभावना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि मोटो जीपी भारत रेसिंग प्रतियोगिता का सफल संचालन वैश्विक स्तर पर ब्रांड उत्तर प्रदेश को मजबूती से स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के असहयोग और उदासीनता के कारण उत्तर प्रदेश में लायी गयी फॉर्मूला वन रेस का मात्र एक बार आयोजन कराकर बन्द कर दिया गया था। यही कारण है कि इस रेस के आयोजक सीईओ कार्मेलो गत वर्ष मुझसे मिले थे, तब वे 2023 में उत्तर प्रदेश में इस रेस के आयोजन को लेकर सशंकित थे। मैंने उन्हें उत्तर प्रदेश में इस रेस के आयोजन के सम्बन्ध में सरकार के पूर्ण सहयोग और सुरक्षा का भरोसा दिया था। टिकट अनावरण के मौके पर मुख्यमंत्री ने एक बार फिर मोटो जीपी की पूरी टीम को सुरक्षा और सुविधा का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि रेस के आयोजकों और प्रतिभागियों का उत्तर प्रदेश में प्रवास अत्यंत सुखद रहेगा। मोटो जीपी के सदस्य देशों में 12 देश जी-20 के सदस्य हैं। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान शामिल हैं। आयोजन के समय जी-20 के राष्ट्राध्यक्ष नई दिल्ली में उपस्थित होंगे। मोटो जीपी 2023 से उत्तर प्रदेश को कई फायदे होने की उम्मीद है।

### सूचना

मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 1935820 है जो मुझसे कहीं खो गया है । उत्कर्ष चौधरी पुत्र श्री मदन मोहन चौधरी निवासी ग्राम सोनबरसा ,पोस्ट बिशनपुर बेरिया ,थाना कोतवाली देहात ,जनपद गोंडा ।

# चौथे दिन भी चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ का आंदोलन रहा जारी

**लखनऊ** । चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन में आज चौथे दिन मुख्य रूप से श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर विरोध दर्ज कराया। सिविल चिकित्सालय में बड़ी संख्या में कर्मचारी और अधिकारी काला फित्ता पहनकर सरकार की स्थानान्तारण नीति का शांति पूर्वक तरीके से विरोध दर्ज कराया। आंदोलन जिसमें प्रान्तीय चिकित्सा संघ, राजकीय नर्सेज संघ, राजपत्रित डिप्लोमा फार्मेसी एसोसिएशन, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश,सहायक प्रयोगशाला संघ, एक्स-रे टेक्नीशियन एशोसिएशन, डार्क रूम असिस्टेंट एशोसिएशन उत्तर प्रदेश, टी0 वी0 कन्ट्रोल इम्प्लॉइज एशोसिएशन,ई सी जी टेक्नीशियन, इलेक्ट्रिशियन एसोसिएशन, मिनिस्ट्रीयल एशोसिएशन स्वास्थ्य भवन के अधिकारियों, कर्मचारी ने भाग लिया। लखनऊ में श्यामा प्रसाद मुर्खजी चिकित्सालय सहित पूरे प्रदेश में काला फीता पहन कर आन्दोलन किया गया,राज नारायण लोकबन्धु चिकित्सालय, ठाकुरगंज चिकित्सालय, महानगर सिविल चिकित्सालय,वीरांगना बाई महिला चिकित्सालय, झलकारी बाई चिकित्सालय एंव रानी लक्ष्मीबाई चिकित्सालय सहित प्रदेश के सभी जिलों के चिकित्सालयो के सभी सर्वगो के अधिकारियों,कर्मचारियों ने बडी संख्या में काला फीता बाँध कर कार्यक्रम में भाग लिया। महासचिव ने कहा की कल महासंघ के अह्वाहन पर 'प्रात: 8.00 से प्रात: 10.00 तक दो घण्टे का कार्य बहिष्कार किया जाएगा साथ ही अवगत कराया की सभी कर्मचारी दो घण्टे अधिक कार्य करेगें जिससे मरीजो को कोई दिक्कत न हो क्योंकि विरोध सरकार की स्थानान्तारण नीति का विरोध है जनहित में कर्मचारी और आधिकारी अधिक कार्य करेगें और उम्मीद जताई की जल्द ही सरकार व शासन स्तर पर वार्ता कर सभी कर्मचारियों की माँगो का निस्तरण कराया जाएगा।

# दरोगा पर गंभीर धाराओं में मुकदमा, फिर भी मलाईदार चौकी का चार्ज, शासन-प्रशासन मौन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

> पुलिस अधिकारीयों की उदासीनता की वजह से शिकायतकर्ता पस्त चौकी प्रभारी मस्त



एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी जीरो टोरलेंस निति को पुरी तरह लागु करने की बात कर रहे है और पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा निरंतर मीडिया के माध्यम से सूचित किया जाता है कि किसी भी पुलिसकर्मी को जिन पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है या जिनकी शिकायत जांच चल रही हो उन्हें जल्दी थाना कोतवाली, चौकी प्रभारी या कोई भी जिम्मेदारी का कार्यभार ना दिया जाए। इसके बावजूद उपनिरीक्षक तेज कुमार शुक्ला को कैसरबाग कोतवाली के अंतर्गत मलाईदार पुलिस चौकी खंदारी बाजार का कार्यभार दिया गया। जबकि दरोगा पर 323, 325, 392, 504, 506 जैसी गंभीर धाराओं में न्यायालय के आदेश अनुसार थाना हुसैनगंज में अपराध संख्या 0193 ध् 2022 दर्ज है। इसी प्रकार इनकी अन्य और भी शिकायतें समाज के लोगों द्वारा की गई है। जिसकी जांच पुलिस उपायुक्त मध्य एवं अपर पुलिस उपायुक्त मध्य द्वारा जांच की जा रही है। अधिक शिकायतें व मुकदमा पंजीकृत होने के बावजूद पुलिस विभाग उपनिरीक्षक तेज कुमार शुक्ला पर काफी मेहरबान है। जिसके चलते यह महोदय मलाईदार चौकी का आनंद ले रहे हैं। थाना हुसैनगंज की पुलिस चौकी छितवापुर पर तैनात रहते हुए इनपर उपरोक्त धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। उसके बावजूद इसी से लगी हुई थाना कोतवाली कैसरबाग की मलाईदार पुलिस चौकी खंदारी बाजार में नियम विरुद्ध तैनाती पाने में कामयाब रहे। जिससे उप निरीक्षक तेज कुमार शुक्ला मुद्दई व गवाहों पर दबाव बना कर मुकदमे को प्रभावित कर रहे है स जबकि इनपर आईपीसी की धारा 392 लूट के अपराध, धारा 325 स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने, धारा 504 के अंतर्गत किसी को उकसा कर उसका अपमान करना वह शांति भंग, धारा 506 आपराधिक धमकी का अपराध, धारा 323 स्वेच्छा से चोट पहुंचाने से संबंधित है। मामले चाहे जितने भी गंभीर क्यों ना हो अगर विभाग में तालमेल बढ़िया है। तो अधिकारियों की मेहरबानी हो तो आप किसी भी मलाईदार चौकी का कार्यभार प्राप्त कर सकते हैं। जबकि आला अधिकारियों का यह स्पष्ट कहना है कि किसी भी दागी या आपराधिक किस्म के पुलिस दरोगा को थाना एवं चौकी का कार्यभार ना दिया जाए। राजधानी लखनऊ के पुलिस अधिकारीयों की उदासीनता की वजह से शिकायतकर्ता पस्त चौकी प्रभारी मस्त।

# 30 नवम्बर से 17 दिसम्बर तक स्मृति उपवन में लगेगा लखनऊ हस्तशिल्प महोत्सव

समृद्धि न्यूज। लखनऊ




आज मां गायत्री जनसेवा संस्थान व नीशु वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव व उत्तर प्रदेश दिवस (24 जनवरी) के उपलक्ष्य में एक भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत का सपने को साकार करते हुए ''लखनऊ हस्तशिल्प महोत्सव'' के संबंध में यूपी प्रेस क्लब लखनऊ में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में बाताया गया कि आजादी के अमृत महोत्सव व उत्तर प्रदेश दिवस (24 जनवरी) के उपलक्ष्य में एक भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत का सपने को साकार करते हुए ''लखनऊ हस्तशिल्प महोत्सव'' का शुभआरम्भ माँ गायत्री जनसेवा संस्थान व नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा दिनांक 30 नवम्बर से 17 दिसम्बर 2023 तक कांशीराम स्मृति उपवन, बंगला बाजार आशियाना लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।इस हस्तशिल्प महोत्सव में केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हस्तशिल्प कारीगरों व हुनरमंदों के हाथों बने सामानों के साथ उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के प्रसिद्ध वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए विगत् वर्षों की भांति इस वर्ष भी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जहां एक ही जगह पर साहित्य, संस्कृति, शिक्षा, सिनेमा, संगीत, शिल्प, स्वाद एवं संस्कारों का महासंगम होगा। इसके साथ ही इस महोत्सव में उत्तर प्रदेश व लखनऊ शहर के कलाकारों को प्रदर्शन करने के लिए कलामंच प्रदान किया जाएगा व अपने अपने क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करनें वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। महोत्सव के आयोजक श्री अरूण प्रताप सिंह अध्यक्ष मां गायत्री जनसेवा संस्थान व संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ महानगर भाजपा, गुंजन वर्मा अध्यक्षा नीशू वेलफेयर फाउंडेशन व सहसंयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ, विनय द्विवेदी, रणवीर सिंह हैं।

# यूपी बोर्ड पाठ्यक्रम में सावरकर को जोड़ना सरकार की ओछी मानसिकता: रालोद

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

> यूपी बोर्ड के प्रति पाठ्यक्रम की काट छांट लगातार करते रहने से ही प्रदेश में आईसीएसई और सीबीएसई बोर्डो के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में विनायक दामोदर सावरकर की जीवन को 50 अन्य महापुरुषों के जीवन परिचय के बहाने से जोड़ना सरकार की ओछी मानसिकता के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। महापुरुषों में जो भी नाम गिनाये जा रहे हैं उन सभी का जीवन परिचय किसी न किसी विषय के माध्यम से पाठ्यक्रम में जुड़े हुए हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, राजाराम मोहन राय, विनोबा भावे, स्वामी विवेकानंद, गोपाल कृष्ण गोखले आदि सैकड़ों विद्वान महापुरुष एवं स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक के रूप में हिन्दी, अग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, इतिहास तथा नागरिक शास्त्र आदि विषयों के माध्यम से कक्षा 9 से 12 तक पढ़ाये जाते रहें हैं।श्री त्रिवेदी ने कहा कि देश की नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रदेश के नौनिहालों को नई दिशा देने के उद्देश्य से ऐसे महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा समाज सुधारकों का जीवन परिचय पाठ्यक्रम में जोड़ा जाता जिन्होंने देश और समाज की अच्छाई के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कुर्बानियां दी हैं। कृषि प्रधान देश में छोटी कक्षाओं से लेकर इंटरमीडिएट, स्नातक और परास्नातक तक किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह, मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महापुरूषों का व्यक्तित्व एवं कृतित्व विस्तार से जोड़ा जाय तथा शोध का विषय बनाया जाय। रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह सातवां शिक्षा सत्र चल रहा है लेकिन अब तक किसी भी सत्र में वर्तमान प्रदेश सरकार ने समय से पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई हैं। जिससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश की शिक्षा के प्रति भारतीय जनता पार्टी कितना सकारात्मक सोचती है। यूपी बोर्ड के प्रति पाठ्यक्रम की काट छांट लगातार करते रहने से ही प्रदेश में आईसीएसई और सीबीएसई बोर्डो के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। आज से 2 दशक पहले तक यूपी बोर्ड की गणना एशिया के प्रथम स्तर के बोर्ड में होती थी जिसको चाटुकार अधिकारियों, अक्षम नेताओं के कारण आज तीसरे नंबर का बोर्ड बना दिया गया है जो निंदनीय है।

# डाबर वीटा ने बच्चों के स्वास्थ्य पर आयोजित किया कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज। लखनऊ




हमारी आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के प्रयास में डाबर की ओर से कम्पलीट हेल्थ ड्रिंक डाबर वीटा ने एक विशाल जागरुकता अभियान का आयोजन किया। जिसके माध्यम से बच्चों को उनकी सेहत से जुड़े सात पहलुओं जैसे अच्छा डाइजेशन, रेस्पीरेटरी हेल्थ, मजबूत हड्डियों एवं मांसपेशियों, ताकत, स्टैमिना और बेहतर इम्युनिटी के बारे में जागरुक बनाया गया। यह अभियान आज लखनऊ के संत एस.राम इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसमें 200 बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्टेमिना और मजबूत इम्युनिटी के साथ-साथ बेसिक हाइजीन एवं सेहतमंद आहार के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें डाबर वीटा से युक्त स्पेशल हेल्थ किट भी दी गई। इस मौके पर श्री दिनेश कुमार. मैनेजर कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, डाबर इंडिया लिमिटेड, आयुर्वेदाचार्य डा. एस.पी. तिवारी व कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती मिथिलेश कनौजिया भी मौजूद थे। सैशन में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री दिनेश कुमार. मैनेजर कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा आजकल बच्चे पढ़ाई से लेकर खेलों और एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टीविटीज में भी अच्छा परफोर्मेन्स देना चाहते हैंए इसके लिए उन्हें संतुलित एवं पोषक आहार की जरूरत हैए ताकि उनका विकास ठीक से हो सके। एक कम्पलीट हेल्थ ड्रिंक में सभी जरूरत विटामिनए मिनरल्स और पोषक तत्व होते हैं, जो आमतौर पर हमारे रोजमर्रा के आहार से पूरे नहीं हो पाते। डाबर वीटा ऐसी हेल्थ ड्रिंक है जो बढ़ते बच्चों को सभी जरूरी पोषक तत्व उपलब्ध कराती है। डाबर के 138 सालों के भरोसे, गुणवत्ता और अनुभव पर आधारित डाबर वीटा 30 आयुर्वेदिक बूस्टर्स के गुणों से भरपूर है। इसमें मौजूद अश्वगंधा, गिलोय, ब्राह्मी और शंखपुष्पी बच्चों की सेहत से जुड़ी जरूरतों को पूरा करते हैं जैसे शरीर का विकास, दिमाग का विकास, स्टेमिना और ताकतए मजबूत हड्डियां एवं मांसपेशियां तथा अच्छा डाइजेशन एवं रेस्पीरेटरी हेल्थ। इस तरह यह ड्रिंक बच्चों को स्वस्थ बनाने में मदद करती है।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संघ के वरिष्ठ प्रचारक को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

पूर्व राष्टपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को राजभवन में श्रीराम मंदिर आंदोलन के प्रमुख स्तम्भों में से एक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और अटल जी के सहयोगी रहे वीरेश्वर द्विवेदी को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व राष्टपति ने वीरेश्वर द्विवेदी के सामाजिक योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि इन्होंने अपने जीवन का हर पल राष्ट निर्माण में लगा दिया। इस अवसर पर पूर्व राष्टपति कोविंद ने श्रीराम मंदिर के निर्माण और देश के उज्ज्वल भविष्य की चर्चा की।

करीब पौन घंटे तक चली मुलाकात के दौरान पूर्व राष्टपति ने वीरेश्वर द्विवेदी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि अभी समाज को आपकी बहुत जरुरत है।वीरेश्वर द्विवेदी ने पूर्व राष्टपति का आभार जताते हुए कहा कि व्यक्ति का जन्म ही लोगों की सेवा और सांस्कृतिक चेतना के जागरण के लिए होता है, जो अपने जीवन मूल्यों को विस्मृत नहीं करते, वह सदैव जन उपयोगी सिद्ध होते हैं।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार और पंडित जगदीश नारायण मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव शरद जगदीश मिश्र ने कोविंद को श्रीराम दरबार का चित्र भेंट कर कहा कि समाज के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले मनीषियों के कारण ही आज भारतीय जीवन मूल्यों की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई पड़ रही है। पूर्व राष्टपति ने चित्र के विषय में विस्तार से जानकारी लेते हुए उसकी सराहना की। इस अवसर पर युवा नेता हरिकांत द्विवेदी, राधा, अंजली और धर्मेंद्र भी मौजूद रहे।

# मोदी ने साकार किया मुखर्जी का सपना: योगी

- पुण्यतिथि पर डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी को किया नमन
- मुखर्जी का नारा था,एक देश में दो प्रधान दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे



समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और शिक्षाविद भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज पावन बलिदान दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश शासन और प्रदेश की जनता की ओर से डॉक्टर मुखर्जी के बलिदान के प्रति नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि समर्पित करते हैं। मीडिया से मुखातिब मुख्यमंत्री योगी ने कहा, डॉक्टर मुखर्जी महान शिक्षाविद थे। मात्र 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए थे। देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अनेक सामाजिक गतिविधियों के साथ जुड़ने, प्रखर राष्ट्रवादी विचार का नेतृत्व करने और आजादी के आंदोलन में सहभागिता डॉक्टर मुखर्जी की पहचान बन गई थी। जब 1947 में देश आजाद हुआ तो प्रथम उद्योग मंत्री के रूप में संयुक्त सरकार में उन्हें भारत की औद्योगिक नीति को आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ था। जब डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस बात को देखा कि आजादी जिन मूल्यों और जिन आदर्शों को लेकर मिली थी, तत्कालीन सरकार उससे विमुख होकर तुष्टीकरण की पोषक नीतियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है तो उन्होंने त्यागपत्र देकर भारतीय जनसंघ के संस्थापक के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया था। भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सरकार की तुष्टीकरण की उन नीतियों का विरोध किया जो भारत की एकता और राष्ट्रीय अखंडता को खतरा पैदा कर सकती थीं।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कश्मीर में आजादी के बाद कांग्रेस की अदूरदर्शिता के कारण लगातार स्थिति खराब हो रही थी। परमिट व्यवस्था का विरोध करना हो या जम्मू कश्मीर में शेष भारत से अलग विधान बनाना और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री को अलग मान्यता देने के विरोध में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक नारा देश को दिया था। मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में श्दो प्रधान दो विधान और दो निशानश् नहीं चलेंगे। इसको लेकर उनका आंदोलन तेज हुआ। उनके आंदोलन को लेकर डॉक्टर मुखर्जी की भी जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तारी होती है।योगी ने कहा कि उनके बलिदान 23 जून 1953 को कश्मीर को बचाने के लिए भारत की अखंडता के लिए जाना जाता है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस वक्त साकार किया है जब 05 अगस्त 2019 को कश्मीर में धारा 370 को सदैव के लिए समाप्त कर दिया गया। भारत का कानून, भारत की सभी व्यवस्थाएं जम्मू कश्मीर के अंदर भी लागू होंगी। वहां पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया पूरी मजबूती के साथ बहाल होगी। यह निर्णय डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने जैसा है। आज के इस अवसर पर जब उनका 71वां पावन बलिदान दिवस है। मैं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति नमन करता हूं।इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत अनेक लोग मौजूद रहे।




जिला योजना समिति में निर्वाचन के बाद शंकर पुरवा-2 की पार्षद शिवम उपाध्याय को सदस्यता प्रमाणपत्र देतीं महापौर सुषमा खर्कवाल

## भाजपा के 10 सदस्य जिला योजना समिति के लिए निर्वाचित

**लखनऊ समृद्धि न्यूज**। राज्य निर्वाचन आयोग के तहत नगरीय निकायों में से भाजपा के 10 सदस्यों को जिला योजना समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया है। कैसरबाग स्थित भाजपा महानगर कार्यालय पर अध्यक्ष मुकेश शर्मा व महापौर सुषमा खर्कवाल ने निर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि स्वदेश सिंह, रजनी अवस्थी, चरणजीत गांधी, शिवम उपाध्याय, रजनी रावत, कृष्ण नारायण सिंह, राजीव बाजपेई, पूजा जसवानी, अवधेश त्रिपाठी और रोशनी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। सम्मान समारोह कार्यक्रम में महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, पुष्कर शुक्ला, रामअवतार कनौजिया, सुनील यादव, दीपू शुक्ला आदि उपस्थित रहे ।

# 39 जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

- सहकारिता मंत्री ने दी निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
- अमित शाह एवं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहकारिता विभाग का तेजी से हो रहा विकास
- यह समय सहकारिता का स्वर्णिम काल है: राठौर



समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने 39 जिला सहकारी बैकों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करिश्माई नेतृत्व एवं प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह की कुशल रणनीति से अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नव निर्वाचित पदाधिकारी पूरी मेहनत और लगन से कार्य करेंगे तथा आम जनता एवं सरकार की मंशा के अनुरूप कसौटी पर खरे उतरेंगे। जिला सहकारी बैंको को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे ले जायेंगे। प्रदेश में सभी 39 सहकारी बैकों में आज अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन हुआ, जिसमें बीजेपी के सभी प्रत्याशी अपने-अपने पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। सहकारिता मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करिश्माई नेतृत्व में सहकारिता विभाग का तेजी से विकास हो रहा है तथा यह समय सहकारिता का स्वर्णिम काल है। आने वाले समय में इसमें बड़ी उपलब्धियां होने वाली है। उन्होंने कहा कि पैक्स को कम्प्यूटरीकृत कराया जा रहा है तथा इन्हें मल्टी सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। पैक्स में अभियान चलाकर 05 लाख नये सदस्य बनाये जाने की योजना है। सहकार से समृद्धि योजना के अन्तर्गत पैक्स और अधिक सक्रिय किया जायेगा एवं नई समितियों का गठन भी कराया जायेगा। जिला सहकारी बैंकों में इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन डीबीटी के माध्यम से किया जा रहा है।श्री राठौर ने कहा कि 2021 में केन्द्र में सहकारिता मंत्रालय बनने के बाद से विभाग द्वारा अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की गई है, जिसके परिणाम स्वरूप फसली ऋण वितरण, भण्डारण क्षमता एवं कृषकों से उनकी उपज की खरीद में कई गुना वृद्धि हुई है, जिससे विभाग प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है। इफको द्वारा उत्पादित नैनो यूरिया से किसानों की उपज में बढ़ोत्तरी हुई है तथा लागत में कमी आई है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर हो रही है। कोआपरेटिव बैंकों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जिससे खाता धारकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया हो सकें। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि कोआपरेटिव बैंक की सभी शाखाएं लाभ की स्थिति में हैं, कई वर्षो से घाटे में चल रही सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 ने इस वित्तीय वर्ष में 98.50 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि पहले जहां विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वेतन देना मुश्किल हो रहा है, वहीं आज सभी को समय से वेतन मिल रहा है। ग्रामीण गोदान योजना के अंतर्गत सहकारी समितियों की वर्तमान भण्डारण क्षमता में वृद्धि किये जाने हेतु अतिरिक्त भण्डारण क्षमता का सृजन किया जा रहा है। निरंतर विभिन्न क्षमता एवं नवीन वैज्ञानिक तकनीक आधारित नये गोदामों के निर्माण से सहकारी क्षेत्र में भण्डारण क्षमता तथा भण्डारण की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है।

## नगर आयुक्त का जोन छह का दौरा, दिए जरूरी दिशा निर्देश

**लखनऊ** । नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के द्वारा समय समय पर नगर में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने एवं नई व्यवस्थाओं को लागू कर निगम द्वारा दी जा रही सेवाओ व सुविधाओ को गति प्रदान करने के उद्देश्य से निरीक्षण कर नगर का जायजा लिया जाता है और जरूरी दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं।उसी क्रम में आज प्रात: 07.00 बजे,जोन 06 अंतर्गत आलमनगर वार्ड का निरीक्षण उनके द्वारा किया गया।जिसमें मा. पार्षद पति नागेंद्र सिंह, जोन 06 के जोनल अधिकारी, नगर अभियंता एवं जोनल सेनेटरी अफसर मौजूद रहे। निरीक्षण में वार्ड अंतर्गत जलाल पुर क्रॉसिंग पर नगर निगम की खाली पड़ी का जायजा लिया गया और इसे इस्तेमाल में लाने के उद्देश्य से जमीन पर चार दिवारी कराए जाने के लिए कहा गया। वहां पर सफाई चौकियां बनाये जाने के निर्देश जोन 2 एवं जोन 6 के जोनल अधिकारियों को संयुक्त रूप से दिए गए। अशोक विहार में नगर निगम की जमीन,तालाब पर निगम द्वारा ताड़ बाड़ कराकर वहां का सुन्दरीकरण कराए जाने हेतु नगर अभियंता जोन 06 को निर्देशित किया गया, जिसका एस्टीमेट तैयार कर जल्द से जल्द प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया। जलाल पुर क्रॉसिंग पर लगी हाई मास्क लाइट जो तिरछी थी उसको दुरुस्त कराए जाने के आदेश दिए गए।साथ ही उक्त वार्ड में नियमित रूप से साफसफाई कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### कमिश्नर ने किया मैंगो म्यूजिंग आर्ट गैलरी का शुभारंभ, नवनीत सहगल रहे मौजूद

लखनऊ। लखनऊ मण्डल की कमिश्नर रोशन जैकब ने आज होटल लेबुआ में वन्दना सहगल एवं जुवैरिया कमरुद्दीन द्वारा आयोजित मैंगो म्यूजिंग आर्ट गैलरी का शुभारंभ किया। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डा. नवनीत सहगल भी मौजूद थे। आर्ट गैलेरी दर्शकों के अवलोकनार्थ आगामी 25 जुलाई तक खुली रहेगी। वन्दना सहगल ने मैंगो म्यूजिंग आर्ट गैलरी के बारे में जानकारी देते कहा कि साराका आर्ट एक कला के माध्यम से इस फल का आनंद लेने का तरीका सामने लाती है। इंस्टॉलेशन की पृष्ठभूमि में मोनोटोन कैनवस शामिल हैं, जिनपर लखनऊ के विरासत की छाप है, जो एमडीएफबोर्ड में लेजर कट सिल्हूट के साथ लगाया गया है। गैलरी में लकड़ी के आम को प्रदर्शित किया गया है। एमडीएफ बोर्ड के कटआउट आर्किटेक्ट जुवैरिया कमरुद्दीन द्वारा बनाए गए हैं। यह लखनऊ की समृद्ध विरासत का एक प्रतीक है।श्रीमती सहगल ने कहा कि लखनऊ में आम का मौसम इंद्रियों के साथ अनुभव किया जा सकता है, चाहे वह फुटपाथों के ढेरों में पीले और हरे शरमाते हुए आमों को देखने की खुशी होती है। आम की मीठी सुगंध पूरे वातावरण में छा जाती है। आम के बगीचे में खुश पक्षियों का गाना अमराई और सबसे अच्छा उनका मीठा और खट्टा स्वाद, मादक सुगंध के साथ अंतहीन रूप से चलता रहता है। इतना ही चिकनकारी के कारीगरों ने इसे कैरी का शास्त्रीय रूपांकन बनाने के लिए अमूर्त कर दिया है, जो एक कच्चा आम है।इस अवसर पर लखनऊ फार्मर मार्केट की फाउण्डर एवं सीईओ ज्योत्सना कौर हबीबुल्लाह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पूर्ववृत सम्मान सहित होगा कर्मचारियों का विदाई समारोह

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ** । नगर निगम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने महापौर से मुलाकात कर कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर पूर्व की परिपार्टी के अनुसार विदाई समारोह की मांग रखी। महापौर ने कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि पूर्ववृत विदाई समारोह जारी रहेगा। शशि कुमार मिश्रा और संघ प्रतिनिधियों ने नगर निगम की सेवा से सेवा निवृत्तिपूर्व होने वाले कर्मचारियों के विदाई एवं सम्मान समारोह की व्यवस्था हेतु नगर निगम प्रशासन द्वारा कुछ दिक्कत महसूस किए जाने व गत दिनों जुलाई माह में होने वाले सम्मान समारोह में महापौर को आमंत्रित करते हुए, पूर्व की भांति माला, फूल,मेमन्टो,धार्मिक पुस्तक, सूक्ष्म जलपान, अंगवस्त्र आदि दिए जाने की पूर्ववत व्यवस्था की जानकारी देते हुए उक्त परिपाटी को बनाए रखने का अनुरोध किया। महापौर ने आश्वस्त किया कि उसी भांति पूरे सम्मान से आने वाले सभी विदाई एवं सम्मान समारोह किए जायेंगे।इस पर संघ द्वारा .महापौर जी का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।

### अधिक उत्पादकता वाले किसानों के अनुभवों का लाभ दिलाने हेतु गन्ना किसानों को विभाग कराएगा विजिट: भूसरेड्डी

लखनऊ। प्रदेश के गन्ना आयुक्त संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों के अनुभवों का लाभ लिये जाने हेतु आसपास के क्षेत्रों के निकटवर्ती किसानों, जो उस ग्राम अथवा आस-पास के ग्रामों के निवासी हैं, को प्रगतिशील किसानों के खेतों पर विजिट कराने हेतु समस्त उप गन्ना आयुक्तों एवं जिला गन्ना अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं। इस विजिट के माध्यम से किसान प्रगतिशील किसानों के अनुभवों, विचारों, शस्य क्रियाओं, अपनायी गयी तकनीकी विधियों एवं तकनीकी जानकारियों के आधार पर अपनी खेती में सुधार ला सकेंगे तथा गन्ने की खेती के माध्यम से अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे। गन्ना आयुक्त ने बताया कि प्रगतिशील गन्ना किसानों को अधिक उत्पादन प्राप्त करने एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हेतु हॉल ही में मुख्यमंत्री के कर-कमलों से उत्कृष्टता एवं उत्पादकता पुरस्कार प्रदान किये गये हैं।

# सहायक आबकारी आयुक्तों और जिला आबकारी अधिकारियों के तबादले

- 36 सहायक आबकारी आयुक्त इधर उधर
- 01 आबकारी निरीक्षक सहायक आबकारी आयुक्त के पद पर प्रोन्नत

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी ने बताया कि तबादला नीति 2023-24 में दिये गये निर्देशानुसार 36 सहायक आबकारी आयुक्त,जिला आबकारी अधिकारियों को उनके वर्तमान स्थान से बदलाव करते हुए नये जगहों पर स्थानान्तरित किया गया है तथा एक नव प्रोन्नत सहायक आबकारी आयुक्त की तैनाती भी की गयी है। इसके अन्तर्गत सहायक आबकारी आयुक्त जिला आबकारी अधिकारी के पदों पर राजेश त्रिपाठी को बस्ती, उमेश चन्द्र पाण्डेय को जौनपुर, मृत्युन्जय प्रताप सिंह को बलरामपुर, सुबोध कुमार को गौतमबुद्धनगर, वरूण कुमार को बिजनौर, राजवीर सिंह को खीरी, राजेन्द्र प्रसाद को बांदा, उदय प्रकाश को शाहजहाँपुर, रविशंकर द्वितीय को सहारनपुर, कुलदीप दिनकर को बाराबंकी, नवीन कुमार सिंह को बागपत, अखिलेश कुमार सिंह को अम्बेडकरनगर, राकेश बहादुर सिंह को मुजफ्फरनगर, अनूप शर्मा को एटा, प्रदीप दूबे को हरदोई, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा को महोबा, अतुल कुमार श्रीवास्तव को गोण्डा जनपद, ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी को कुशीनगर, घनश्याम मिश्रा को श्रावस्ती, राजेश प्रसाद को कौशाम्बी, सुधीर कुमार को फर्रूखाबाद, पवन कुमार को आजमगढ़ एवं कृष्ण मोहन को हाथरस तैनात किया गया है।इसके अलावा सहायक आबकारी आयुक्त डिस्टलरी के पद पर सत्य प्रकाश पाण्डेय को जैन आसवनी, संतोष कुमार को कायमगंज आसवनी, गिरीश चन्द्र वर्मा को खम्भारखेड़ा, प्रमोद कुमार गिरि को चिलवरिया आसवनी एवं अभय गंगवार को धामपुर आसवनी, बिजनौर स्थानान्तरित किया गया है। नरेन्द्र सोनकर को प्रवर्तन-1 अलीगढ़, निरंकार नाथ पाण्डेय को प्रवर्तन-1 सहारनपुर, वाचस्पति शुक्ला को प्रवर्तन-1मुरादाबाद, मनोज कुमार गौतम को प्रवर्तन-2 गोरखपुर, बजरंग बहादुर सिंह को प्रवर्तन-4 मेरठ, बच्चा लाल को प्रवर्तन-1 अयोध्या तथा बीरबल प्रसाद मानिक को प्रवर्तन-1 लखनऊ के पद पर तथा योगेन्द्र कुमार सिंह को सहायक आबकारी आयुक्त लाइसेंसिंग मुख्यालय के पद पर तैनात किया गया है।आबकारी आयुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि अरविन्द कुमार सिंह को आबकारी निरीक्षक से सहायक आबकारी आयुक्त के पद पर नोशनल प्रोन्नति प्रदान करते हुए दौराला आसवनी मेरठ में तैनाती दी गयी है।

# विपक्ष के साथ जाना चाहता हूं, बसपा के बिना यूपी में गठबंधन कैसे होगा संभव: ओपी राजभर

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

यूपी की सियासत में अहम भूमिका निभाने वाले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने विपक्ष की एकता पर सवाल उठाए है। ओपी राजभर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से किनारा कर सकते हैं। वह जल्द ही विपक्ष वाले तीसरे मोर्चे में शामिल हो सकते हैं। इस बात का संकेत खुद ओपी राजभर ने दिया। फिलहाल ओपी राजभर ने विपक्ष को एकता पर कई सवाल उठाए हैं। ओपी राजभर ने कई सवाल जबाव देते हुए यूपी की सियासत में हल्ला मचा दिया है। ओमप्रकाश राजभर ने बीजेपी और गठबंधन में एक को चुनने के सवाल पर कहा कि वह गठबंधन को चुनेंगे। राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सियासत को लेकर या गठबंधन को लेकर उनकी भाजपा से कोई बात नहीं हुई है। उनके दरवाजे किसी भी गठबंधन और दल के लिए खुले हुए हैं। ओपी राजभर ने कहा अगर नीतीश कुमार, मायावती, जयंत चौधरी, अखिलेश यादव, राहुल गांधी यानी कांग्रेस एक मंच पर आते हैं, तो वह उस गठबंधन में शामिल होना चाहेंगे। भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। वहीं, सपा गठबंधन को लेकर राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव का गठबंधन किसी के साथ नहीं चला है। चाहे वो कांग्रेस हो, बसपा हो, सुभासपा हो या महान दल। इसे लेकर अखिलेश यादव को सोचना होगा। सुभासपा अध्यक्ष ने कहा कि वह राष्ट्रीय लोक दल जयंत चौधरी के संपर्क में हैं। जयंत चौधरी इसीलिए छटपटा रहे हैं क्योंकि वह जानते हैं कि कांग्रेस और बसपा के बगैर उनके



गठबंधन का कुछ नहीं हो सकता है। सत्ता में रहने वाली कोई भी पार्टी चाहे वो बीजेपी हो या अन्य दल, वह कभी गरीबों या सामाजिक न्याय समिति को लेकर सही फैसले नहीं करता है। यह मुद्दा मैं हमेशा उठाता रहूंगा। गठबंधन में जाऊंगा तब भी अपनी बात रखूंगा। ओमप्रकाश राजभर और सीएम योगी के बीच वाराणसी के सर्किट हाउस के बंद कमरे में मुलाकात हुई थी. 25 मिनट तक चली इस मुलाकात के बाद दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। सुभासपा के मुख्य प्रवक्ता व ओपी राजभर के बेटे अरुण राजभर ने लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा से गठबंधन के संकेत दिये थे। ऐसे में माना जा रहा था कि गठबंधन का औपचारिक ऐलान हो सकता है। हालांकि, ओपी राजभर ने सीएम योगी से मुलाकात और गठबंधन की खबरों को नकार दिया था।

# अवैध खनन पर चला योगी सरकार का हंटर, चार अधिकारियों पर गिरी गाज

- अवैध खनन पर गोरखपुर, गाजीपुर, बागपत के खान अधिकारी किए गए निलंबित
- वाराणसी में भूतत्व एवं खनिकर्म सचिव ने की छापेमारी



समृद्धि न्यूज। लखनऊ

योगी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एक बार फिर भ्रष्ट और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ हंटर चलाया है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर भ्रष्टाचार में लिप्त खनन विभाग के वरिष्ठ खान अधिकारी, खान अधिकारी और खान निरीक्षक को निलंबित किया गया। वहीं तीन खान अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।सचिव (भूतत्व एवं खनिकर्म) डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार देर रात बनारस में बालू, मौरंग समेत अन्य खनिज पदार्थों के अवैध खनन एवं ओवर लोडिंग की शिकायत पर छापेमारी की। इस दौरान सोनभद्र, मीरजापुर समेत अन्य राज्यों मध्य प्रदेश और बिहार से आने वाले वाहनों की जांच की गयी। उसमें बड़ी संख्या में वाहनों को सीज करते हुए जुर्माना वसूला गया।

सचिव भूतत्व एंव खनिकर्म डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगातार अवैध बालू और मौरंग खनन की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर गोंडा, गोरखपुर, गाजीपुर, बागपत, श्रावस्ती, रामपुर, गोरखपुर, महाराजगंज एवं झांसी में लगभग 45 क्षेत्रों की निदेशालय के जांच दल से जांच करायी गयी। उसमें 21 क्षेत्रों में परमीशन से अधिक लगभग 72 हजार घन मी. अवैध बालू का खनन पाया गया। जिन जगहों पर अवैध खनन पाया गया, वहां खनिज परिवहन पर रोक लगा दी गयी। साथ ही इनमें संलिप्त गोरखपुर के वरिष्ठ खान अधिकारी, गाजीपुर एवं बागपत के खान अधिकारियों को निलम्बित कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। इसके अलावा गोंडा में बालू के अवैध खनन पर खान निरीक्षक को निलंबित किया गया।भूतत्व एंव खनिकर्म विभाग की सचिव ने बताया कि प्रदेश के मीरजापुर, सोनभद्र, वाराणसी में खनिजों के अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग की लगातार शिकायत मिल रही थी। इस पर भूतत्व एंव खनिकर्म सचिव के नेतृत्व में 25 सदस्यीय जांच टीम द्वारा गुरुवार देर रात वाराणसी के राजातालाब, टेंगड़ा मोड़, नरायनपुर तिराहा पर औचक जांच की गयी। जांच के दौरान सोनभद्र, मिर्जापुर समेत अन्य राज्य मध्य प्रदेश एवं बिहार से आने वाले 250 से अधिक खनिज लदे वाहनों की जांच की गयी।

## 'बड़े वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट न मिले तो ड्राइविंग लाइसेंस जब्त करें'

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

मंण्डलायुक्त डा रोशन जैकब की अध्यक्षता में ट्रैफ्कि के सम्बन्ध में एमडी सिटी ट्रान्सपोर्ट, आरटीओ व डीसीपी ट्रैफ्कि के साथ बैठक की गई।

बैठक के दौरान मंण्डलायुक्त को आरटीओ द्वारा अवगत कराया गया 250 विक्रम टैम्पो जिसकी भौतिक समय सीमा खत्म हो गई थी। उनको आटो रिक्शा परिवर्तित कर दिया गया है। उन्होंने लखनऊ मण्डल के बड़े वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट न मिलने पर सम्बन्धित के ड्राइविंग लाइसेंस को जब्त करते हुये तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सिटी परमिट वाले आटो व टैक्सी की कलर कोडिंग करने को कहा है। मंण्डलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि चौराहों पर चिन्हित पार्किंग स्थलों पर ही टैम्पों व टैक्सी की पार्किंग कराया जाये, अन्यथा इधर-उधर गाड़ियां खड़ी करने या पार्क मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जोन वाइज ई-रिक्सा के संचालन हेतु पद्धति बना बनाने ई-रिक्सा के रूटों का निर्धारण के साथ ही उनके भी पार्किंग के स्थानों का चिन्हांकन करते हुये, ई-रिक्सा के संचालन को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। मंण्डलायुक्त को एमडी सिटी ट्रान्सपोर्ट द्वारा बताया गया शहर में कुल 140 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। मण्डलायुक्त ने एमडी सिटी ट्रान्सपोर्ट को निर्देश देते हुये कहा कि चार्जिंग स्टेशनों की संख्या में बढोत्तरी की जाये। अवध बस अड्डा पर भी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जाये, साथ ही आवश्यकतानुसार चार्जिंग यूनिट की भी बढोत्तरी कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के रूटों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाये।

# ग्राम चौपाल में जिलाधिकारी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

- विकासखंड रुपईडीह के एक्सईएएन विद्युत एवं राजस्व कर्मचारियों को दी कड़ी चेतावनी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

डीएम नेहा शर्मा ने शुक्रवार को रुपईडीह ब्लाक की 6 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर गांव में हो रहे विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को जाना। डीएम ने गांव में विकास कार्यों का सत्यापन भी कराया तथा जहां खामियां मिली, उन्हें तुरंत दुरूस्त कराए जाने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने कई समस्याएं डीएम के समक्ष रखी जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने गांव सहजनवां, कोचवा, बनगाई, कौड़िया, छितौनी तथा पिपरा बाजार गांवों में चौपाल लगाकर गांव में कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। डीएम ने ग्रामीणों से बात कर गांव में हो रहे विकास कार्यों की हकीकत को जाना और जहां खामियां मिली उन्हें तुरंत दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएम ने गांव में संपर्क मार्ग, विद्युत व्यवस्था, ग्राम निधि से कराए गए कार्य, सभी प्रकार की पेंशन, मनरेगा, समूह, आवास, नाली, खडंजा, चकरोड, तालाब, पंचायत सहायक के माध्यम से आयुष्मान कार्ड व अन्य वृद्धापेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन संबंधी कार्यों का सत्यापन कराते हुए लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ देने के भी निर्देश दिए। डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए गांव में खराब हैंडपंपों को ठीक कराने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत बन रहे शौचालय, पात्र लाभार्थियों की पेंशन बनवाने व जो अन्य कार्य होने हैं, उन्हें जल्द पूरा करने की भी हिदायत दी। जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि अगर कार्यों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होगा तो लापरवाही मानते हुए उन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। ग्राम पंचायत सहजनवां, कोंचवा, बनगाई, कौड़िया, छितौनी तथा पिपरा बाजार में ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि जलभराव हो जाने पर आने-जाने में काफी अधिक परेशानी होते हैं जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारी को जलभराव की समस्या को स्थान करने के निर्देश दिये। चौपाल के दौरान बीडीओ रुपईडीह को निर्देश दिये हैं कि ग्राम सहजनवां में जलभराव की समस्या खत्म कराने के निर्देश दिए। ग्राम पिपरा बाजार में ग्रामीणों ने एक ट्रांसफार्मर के द्वारा पूरे गांव में विद्युत सप्लाई न हो पाने की शिकायत की जिसे संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को गांव में तत्काल दूसरा ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए। ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को अवगत कराते हुए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए हैं, जिसे संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सभी शिकायतों का समाधान समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा कुलदीप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा, नायब तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार, नेहा राजवंशी, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी अरुण कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, एक्सईएएन जल निगम, खंड विकास अधिकारी झंझरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र गौतम सहित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# हरखा पुर हत्याकांड की लखनऊ से आई फोरेंसिक टीम ने किया जांच

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में बीते 11 अप्रैल को हरखा पुर गांव के निवासी 45 वर्षिय चन्द्र कांत दुबे की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या कांड में मृतक के भाई चन्द्र मोहन ने आठ लोगो के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस हत्या कांड के आरोपियों को गिरफ्तार नही किया था।इस हत्या कांड में शामिल लोगों को फंसाने के लिए मुकदमा दर्ज कराया गया था।

कोतवाली देहात महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना का सही खुलासा के लिए लखनऊ फोरेंसिक जांच टीम के लिए लिखा गया था। उसी क्रम में फोरेंसिक जांच टीम के विशेषज्ञ एस के श्रीवास्तव एवं विशेषज्ञ एम के यादव गोण्डा आये। उन के साथ साल पुर चौकी प्रभारी, खोरहसा चौकी प्रभारी , एस आई मनोज कुमार एस आई राजेश यादव, सिपाही सचिन सहित टीम के लोग घटना स्थल बान धुनिया तुलसी राम के खेत के पास पहुँचे और किस तरह घटना हुई थी, उस का रूपांतरण नाटक के माध्यम से कर के जांच किया।

दो माह पूर्व चन्द्र कांत दुबे की गोली मार कर हत्या की गई थी। तभी से इस घटना की जांच की जा रही है। फोरेंसिक जांच टीम के बाद घटना में शामिल सही लोगो की पहचान हो सकेगी।

# अधिवक्ता का निधन, वकीलों में शोक

**कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

तहसील क्षेत्र के ग्राम अख्तियारापुर निवासी एक अधिवक्ता का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। इसकी जानकारी होने पर तहसील मे शोक की लहर दौड़ गई।

मिली जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम अख्तियारापुर निवासी अधिवक्ता कृष्णकुमार मिश्र तहसील कर्नलगंज में विधि व्यवसाय कर रहे थे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गोपाल जी तिवारी व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि बीते 14 जून को अचानक उनकी तवियत बिगड गई। आनन फानन में उन्हें लखनऊ मेडिकल कालेज ले जाया गया,जहां इलाज चल रहा था। शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। त्रिलोकीनाथ तिवारी, रामसुरेश तिवारी, सुभाष तिवारी, रामसभा मिश्र, ओमप्रकाश यादव, बाबादीन मिश्रा, अरविन्द कुमार शुक्ला, श्यामधर शुक्ल, सत्यनरायन सिंह, कर्मचंद्र मिश्र, रामबाबू पाण्डेय,बीके सिंह, त्रिलोकी नाथ चौबे,जीतलाल गोस्वामी सहित तहसील के समस्त अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त किया है।




# मनरेगा के मास्टर रोल में खेल : पुरानी सड़क पर दिखाया 90 मजदूर, मौके पर एक भी नहीं

- विकासखंड मनकापुर खजुरी ग्राम पंचायत में फर्जी तैयार हो रहा मास्टर रोल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार के सख्त आदेश और जिले के अधिकारियों की प्रतिदिन मनरेगा की मानीट्रिंग होने के बाद भी मनकापुर ब्लॉक के खजुरी ग्राम पंचायत में फर्जी मास्टर रोल भरा जा रहा है यहां के अधिकारियों कर्मचारियों को सरकार, जिले के उच्चाधिकारियों का कोई डर नही है डर दिखे भी क्यों जिले में जब पूर्व में मनरेगा में बड़े-बड़े घोटाले हुए और कार्यवाही के नाम पर आज तक कुछ नहीं हुआ मुकदमा तक दर्ज नहीं करवाया गया केवल लीपापोती हुई, यही वजह है कि कई मनरेगा कर्मियों के हौसले बुलंद है।फर्जी मास्टर रोल भरने,भराने से बाज नहीं आ रहे है ।जिले के कई ग्राम पंचायतों में कच्चे कार्य पर मास्टर रोल 40 -95 के आस पास या फिर अधिक निकाला जा रहा है लेकिन अनेकों ग्राम पंचायत में एक दर्जन मजदूर भी नहीं दिखाई दे रहे है, इसका मतलब साफ है कि फर्जी कागजी मास्टर रोल चल रहा है।मनरेगा को लेकर सरकार गंभीर हो गई है, मजदूरों की मजदूरी तक आनलाइन हाजिरी तक भेजने का प्राविधान कर दिया गया है फिर भी मनकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खजुरी में इसका कोई फर्क नहीं है। खजुरी ग्राम पंचायत में मनरेगा का पलीता निकाला जा रहा है. खजुरी ग्राम पंचायत में मास्टर रोल 90 का निकाला गया. लेकिन मौके पर एक भी लेबर काम करते नहीं मिल रहे है। बताते चलें कि जिस सड़क के लिए मास्टर रोल जारी किया गया है वह सड़क आज के 6 महीने पूर्व की बनी थी.उसी सड़क के लिए 16 जून कों 90 मनरेगा मजदूरों का मास्टर रोल जारी किया जाता है, लेकिन जिला प्रशासन की सख्ती होने के बाद भी यहां के कर्मियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।यहां मनरेगा योजना के नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है सबसे बड़ी बात तो ये है कि अनेकों प्रोजेक्ट पर मास्टर रोल दूसरे का निकाला जाता है और मौके पर जो मजदूर रहते भी है वे दूसरे रहते है क्यों कि जिले के कई ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजना के कार्य को ठेका पर कराया जा रहा है। ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने कही नहीं जाते है । केवल कार्यक्रम अधिकारी कितना काम और गाव चेक कर पाएंगे । पूरे जिले में मोबाइल मानीट्रिंग सिस्टम लागू होने के बाद भी यहां फर्जी हाजिरी लगाने का धंधा बंद न हो इसलिए यहां कहीं कही ही मोबाइल मानी ट्रिंग सिस्टम लागू हो पाया है। यहां कई ग्राम पंचायतों में ब्लॉक कर्मियों द्वारा मनमानी की जा रही है। जबकि कई लोगो द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी से शिकायत भी करते है लेकिन इनको कोई फर्क नहीं पड़ता है।इस प्रकार मनरेगा योजना द्वारा सरकारी धन लूटने में ग्राम प्रधान सहित ब्लॉक कर्मी भी लगे हुए है।ताजा मामला विकास खण्ड मनकापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत खजुरी 16 जून 2023 का है जहा कागज में 90 लेबर का मस्टर रोल चल रहा है जिसमे मौके पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है. एक चकरोड लिंक मार्ग है राधेश्याम के खेत से लेकर पिकौरा गांव के सरहद तक चकरोड का मिट्टी की पिटाई की कार्य कराया गया था, जो लगभग 6 महीने पुरानी थी. उसी सड़क का 90 मजदूरों का मास्टर रोल जारी हो जाता है. ग्राम प्रधान व सचिव व रोजगार सेवक के द्वारा मिट्टी पटाई के नाम पर फर्जी तरीके से पुरानी सड़क पर काम करते दिखा कर 90 मजदूरों का फर्जी मास्टर रोल जारी कर दिया जाता है.वही ब्लॉक के अधिकारी कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं वही इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार गुप्ता से दूरभाष पर जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया हमें इसकी जानकारी नहीं है आप रोजगार सेवक से बात कर लीजिए वही इस संबंध में जिला विकास अधिकारी से बात करने पर उन्होंने बताया की अगर फर्जी मास्टर रोल निकला गया है। तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।




## खबरें एक नजर में

### राजकीय पक्षी सारस की 26 को होगी गणना

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिला वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ला ने बताया कि राज्य पक्षी की गणना के लिए मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव ने निर्देश दिया है कि इन की गणना कराई जाए। पूरे प्रदेश में 26 जून से लेकर 27 जून तक इस की गणना की जाएगी। वनाधिकारी पकंज कुमार शुक्ला ने बताया कि जिले के 9 रेजर को सारस की गणना के निर्देश दिये गए है। उन्हों ने स्वयं सेवी संस्था के साथ ही सामाजिक कार्य क्षेत्र में काम करने वाले संगठनो से अपील किया है कि कही भी सारस दिखाई पड़े तो उस की फोटो खींच कर विभागीय वेवसाइट पर ईमेल कर सकते है ,यह नजदीकि वन कार्यालय में सूचित कर दिया जाए ।उन्हों ने बताया कि सारस पक्षी ज्यादा तर तराई क्षेत्र में मिलते है ।उन्हों ने कहा कि इन का अपना एक इतिहास है। सारस भारत मे क्रेन प्रजाति का पक्षी माना जाता है ।भारत मे इस का ऐतिहासिक महत्व है। इस सारस पक्षी को बिना शर्त प्यार, भक्ति व सौभाग्य के शाश्वत प्रतीक के रूप में जाना जाता है। सारस को एक जुलाई 2014 को राज्य पक्षी घोषित किया गया है।

### भैंसे ने वृद्ध को मार डाला

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** धाने पुर थाना क्षेत्र में एक वृद्ध को भैसा ने पटक दिया ,जिस वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उस को एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उस की गुरुवार की देर रात्रि में मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। धाने पुर थाना क्षेत्र के ग्राम विशम्भर पुर के मजरा बैराठ पुर निवासी 60 वर्षिय राम किशोर पुत्र मया राम वर्मा बीते बुधवार के दिन देर शाम को शौच के लिए गया था। वही खेत में एक भैसा चर रहा था। उस को भगाने का प्रयास किया तभी भैसा ने हमला कर दिया। हमले में घायल हो गया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर उस को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के घर वालो और ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में छुट्टा जानवर से लोग बहुत परेशान है। रात रात भर लोग जग कर उनको भगाते है। कुछ जानवर लोगो के ऊपर हमला भी कर रहे है। गांव में कई लोग घायल हो चुके है ।इस की शिकायत भी लोगो ने किया है लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है।

### अभियान चला कर मुक्त कराये गये 07 बाल श्रमिक




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश तथा जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के निर्देशानुसार श्रम विभाग के नेतृत्व में एएचटीयू यूनिट, एसजेपीयू यूनिट, प्रथम संस्था और चाइल्डलाइन की संयुक्त टीम द्वारा थाना हरदी अन्तर्गत बेहड़ा एवं राजी चौक खैरीघाट में बालश्रम उन्मूलन अभियान संचालित कर 07 बाल श्रमिकों को कार्य से अवमुक्त कराकर सेवायोजकों के विरूद्ध निरीक्षण टिप्पणी जारी कर अवमुक्त कराए गए बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिजवान खान ने बताया कि खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध दो वर्ष तक की सजा या 50 हजार तक का जुर्माना तथा गैर खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर सेवायोजक को एक माह तक की सजा या 10 हजार तक जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। रिजवान खान जनपदवासियों से अपील की है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों व किशोरों से काम न लें। श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिजवान खान व विंध्याचल शुक्ला के नेतृत्व में संचालित अभियान के दौरान चाइल्ड लाइन से समन्वयक जीशान अंसारी, टीम सदस्य मनीष यादव, प्रज्जावल श्रीवास्तव, प्रथम संस्था से जिला समन्वयक राकेश कुमार चौबे, गोपी चन्द, श्रम विभाग से अजय सिंह, ए.एच.टी.यू. से प्रीती व अंजली मौजूद रही।

# सीएचसी में तेज रफ्तार में चलाई बाइक, डॉक्टर के मना करने पर कहे अपशब्द

**सीएचसी अधीक्षक की तहरीर पर केस दर्ज**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सीएचसी पयागपुर में एक युवक ने तेज रफ्तार में बाइक चलाई। अधीक्षक ने मना किया तो धमकी दी। जिस पर अधीक्षक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पयागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉ थानेदार सिंह की तैनाती है। अधीक्षक ने पयागपुर थाने में तहरीर देकर कहा है कि राजन रावत पुत्र कृष्ण कुमार रावत गुरुवार को बाइक से सीएचसी आए। इसके बाद वह 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार में बाइक परिसर में ही चलाने लगे। इससे परिसर में मौजूद मरीज और स्वास्थ्य कर्मियों में भय दिखा। इसको लेकर युवक से वार्ता कर तेज रफ्तार में बाइक चलाने का विरोध किया तो उसने अपशब्द कहते हुए धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक श्याम देव चौधरी ने बताया कि अधीक्षक डॉक्टर थानेदार की तहरीर पर धमकी देने समेत तीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# मानदेय न मिलने से नाराज आशा बहुओं ने डीएम कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

- नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर वेतन दिलाने की मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विशेश्वरगंज विकासखंड में तैनात आशा बहू गुरुवार को डीएम कार्यालय पहुंची। सभी ने बकाया मानदेय दिलाने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। विकासखंड विशेश्वरगंज के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात आशा बहुओं को जनवरी माह से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय के लिए आशा बहुओं ने कई बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र दिया, इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। इससे नाराज आशा बहू दर्जनों की संख्या में गुरुवार को डीएम कार्यालय पहुंची। सभी ने डीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया। आशा बहुओं ने जल्द से जल्द वेतन दिलाए जाने की मांग की। इस दौरान आशा बहू सुमन सिंह, नीलम शुक्ला, मुन्नी देवी, ललिता पाठक, रेशमा, गुड्डन गुप्ता, प्रियांशी शुक्ला, नीलम, लाली देवी, मिथिलेश कुमारी, अर्चना जायसवाल, निशा कश्यप समेत अन्य लोग मौजूद रहे।






## जनपद न्यायाधीश ने डीएम व एसपी के साथ कारागार का किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने पाकशाला, जेल चिकित्सालय व कारागार की बैरकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा कारागार की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बन्दियों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं मुहैय्या कराए जाने तथा साफ-सफाई के स्तर को बनाएं रखने का निर्देश कारागार प्रशासन को दिया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी शिवेन्द्र कुमार मिश्रा, कारागार अधीक्षक राजेश यादव, जेलर आन्द शुक्ला, डिप्टी जेलर देवकान्त वर्मा, अजय कुमार, शेषनाथ यादव व अनीता सक्सेना, कारागार चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# टेंट सजा, दुल्हन के हाथ में मेंहदी लगी लेकिन नहीं आई बारात

- दहेज में बुलेट न मिलने पर ससुराल के लोग नहीं लाए बारात

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली नानपारा के असल्फा बंजरिया गांव में शादी के लिए पकवान बनना शुरू हो गए ठंड भी लग गए लेकिन दहेज में बुलेट नहीं मिला तो श्रावस्ती से बारात नहीं आई। इसकी सूचना मिलते ही परिवार के लोग रोने लगे। युवती के चाचा ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत अशरफा बंजारिया गांव निवासी तरन्नुम पुत्री नियामत अली का विवाह श्रावस्ती जनपद के थाना हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र के कलंदरी गांव निवासी इस्माइल पुत्र हनीफ के साथ तय हुआ था। इसके लिए लड़की पक्ष के लोगों ने पूरी तैयारी कर ली। दहेज में देने के लिए बेड, अलमारी, सोफा सेट समेत अन्य सामान बनवा लिया। सभी 20 जून को बारात के आने का इंतजार करने लगे। बारातियों के आओ भगत के लिए पकवान भी बन रहे थे, टेंट भी लगा दिया गया। तभी दो बजे के आसपास लड़के पक्ष से बारात न लाने की सूचना लड़की पक्ष को दी जाती है। यह सुनकर वैवाहिक परिवार में गम छा गया। लड़की पक्ष के लोगों ने काफी प्रयास किया, लेकिन बारात गांव नहीं पहुंची। लड़की के चाचा इरफान पुत्र हिफाजत अली ने कोतवाली में तहरीर दी। उनका कहना है कि दहेज में बुलेट बाइक न मिलने पर श्रावस्ती से बारात नहीं आई। ऐसे में सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। चाचा का कहना है कि मांगनी कार्यक्रम से लेकर अन्य कार्य में उसका लाखों रूपये खर्चा ही गया है।कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि दूसरे पक्ष को बुलाया गया है। अगर समझाने पर नहीं माने तो सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जायेगा।





### युवती के नहीं थम रहे आँसू

बारात के लिए युवती तरन्नुम को काफी खुशी थी। उसने अपनी हाथों में मेंहदी लगा ली। लेकिन शादी दहेज के लिए टूट गया। इस पर युवती हाथ की मेंहदी देखकर और लोगों को दिखा कर रो रही है।

# सात चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार



- चोरी की बाइक और अन्य सामान भी हुआ बरामद
- सभी ने क्षेत्र में हुई सात चोरियों की बात कुबूल की
- अभियुक्तों की पहचान जुबेर और राजू उर्फ भूरे के रूप में हुई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

हरदी पुलिस ने सात चोरियों को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की बाइक और अन्य सामान बरामद हुआ है।

पुलिस ने बरामद सामान घोषित कर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देशन में हरदी थाना अध्यक्ष अंजनी कुमार राय और महसी चौकी इंचार्ज अयोध्या सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम शुक्रवार को नहर पुलिया महाराजगंज के पास वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि बाइक से दो लोग आते दिखे। जिनको रोक कर पुलिस ने बाइक के कागजात मांगे। लेकिन सभी बाइक के कागजात नहीं दिखा सके। पुलिस की फटकार पर सभी ने बाइक चोरी की बताई। इस पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। दोनों के पास से चोरी की बाइक और अन्य सामान बरामद हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि दोनों शातिर चोर हैं सभी ने क्षेत्र में हुई सात चोरियों की बात कुबूल की है। दोनों अभियुक्तों की पहचान जुबेर पुत्र नसीर निवासी बड़ेरिया चंदपईया हरदी और राजू उर्फ भूरे पुत्र छोटू निवासी बंजरिया थाना हरदी के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद सामान को पुलिस ने सीज कर दिया है।

# सदर विधायक ने बूथ पर मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस, अर्पित किया श्रद्धासुमन

- महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत लोगों से किया जनसंपर्क एवं संवाद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सभी बूथ पर मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने काजी कटरा के संस्कृत महाविद्यालय के बूथ पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया जहां पर सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तत्पश्चात पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत संपर्क से समर्थन अभियान के निमित्त सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी, चिकित्सक ,अधिवक्ता एवं शिक्षकों से जन संपर्क करते हुए उन्हें मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष के कार्यकाल की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उनसे संवाद स्थापित किया। इसी क्रम में सदर विधायक ने शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी शीतल प्रसाद अग्रवाल, प्रतिष्ठित अधिवक्ता देवेंद्र पांडे, डॉ पुनीत मेहता, डॉ सुषमा मिश्रा, डॉ अनिल अग्रवाल, डॉ मयंक अग्रवाल पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के सिंह सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ गंगोत्री प्रसाद त्रिपाठी, किसान महाविद्यालय के राजेंद्र प्रसाद पांडे,शिक्षक सुनील कुमार मिश्रा, घनश्याम गौड़, अनिल कुमार अवस्थी, दंत चिकित्सक डॉ रमेश वर्मा ,दिलीप कुमार त्रिपाठी , अधिवक्ता भानु प्रताप, इलेक्ट्रोपैथ डॉ विनोद कुमार, गायत्री परिवार के पंडित गोमती प्रसाद एवं योगाचार्य दीप नारायण पाल से संपर्क स्थापित कर उन्हें मोदी सरकार द्वारा 9 वर्षों में किए गए कार्यों एवं योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, नगर महामंत्री दुर्गेश पांडे, अजय जयसवाल ,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा , सभासद प्रतिनिधि विक्रमादित्य, सुरेश गुप्ता ,सेक्टर संयोजक सर्वेश मिश्रा, पंकज चौहान, बूथ अध्यक्ष बलबीर, राजेंद्र चौहान, मनोज कुमार अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष तौसीफ अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।





# भू माफिया पर गरजा बुलडोजर प्रशासन ने खाली कराई सार्वजनिक जमीन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राजस्व टीम और पुलिस प्रशासन ने हटवाया अवैध अतिक्रमण। पहरेमऊ ग्राम पंचायत मे पूर्व प्रधान आफताब बानो के खिलाफ वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि रामकिशोर यादव ने सरकारी ऊसर की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस मे बताया था कि 521 गाटा संख्या जो ऊसर के रूप में दर्ज है एवं 509 गाटा संख्या पर अवैध



कब्जा करके बाउंड्री वाल खड़ी कर दी गई है। जिसकी शिकायत जिला अधिकारी माला श्रीवास्तव एवं उप जिला अधिकारी रायबरेली सदर को संपूर्ण समाधान दिवस में लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा सार्वजनिक जमीन जोकि ऊसर के रूप में दर्ज है पर अवैध बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य करा दिया है। कई बार रोकने के बावजूद भी जब पूर्व प्रधान नहीं मानी तो आज सदर तहसील प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण को हटाया गया कई बार नोटिस देने के बावजूद भी जब अतिक्रमण नहीं हटा तो आज योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर भू माफिया पर गरज पड़ा और देखते ही देखते अवैध अतिक्रमण को धाराशाही कर दिया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह लेखपाल निशा भास्कर राजस्व निरीक्षक झब्बू राम और चंदापुर चौकी इंचार्ज रामपाल मिश्रा एसआई प्रेमचंद सहित भारी मात्रा में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

### पूर्व प्रधान का अभी भी कब्जा बरकरार : ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम किशोर यादव

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम किशोर यादव ने बताया जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में चार गाटा संख्या का जिक्र किया गया है जिसमें 576 गाटा संख्या 513 गाटा संख्या 509 गाटा संख्या एवं 521 गाटा संख्या है प्रशासन द्वारा 521 गाटा संख्या से अतिक्रमण हटाया गया है बाकी तीनों गाटा संख्या पर पूर्व प्रधान का अभी भी कब्जा बरकरार है।

# नजर पैथालाजी की ओर से तीन दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का किया गया आयोजन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के बहुचर्चित नज़र पैथालाजी की ओर से तीन दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवम निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

कस्बे के तिकोना पार्क स्थित नज़र पैथालाजी में 26 से 28 जून तक सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पी जी आई के कैंसर व थायराइड विभाग के विशेषज्ञ डाश आफताब हसन नज़र कैंसर तथा थायराइड के साथ साथ अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों को अपना परामर्श देंगे तथा मर्ज के निदान हेतु अपचार भी करेंगे।वही नज़र पैथालाजी की ओर से शुगर,हिमोग्लोबिन, कोलेस्ट्रॉराल की निशुल्क जांच की जाएगी।

अवगत करवाते चले डाश आफताब की प्रारंभिक शिक्षा कस्बे के लिटिट फ्लावर स्कूल, हाई स्कूल की शिक्षा गंगा राम बाराती लाल इण्टर कालेज से तथा इण्टर मिडिएड की शिक्षा बैसवारा इण्टर कालेज से ग्रहण किया फिर मेडिकल में एमबीबीएस की पढ़ाई प्रयागराज से तथा एमडी दिल्ली एम्स से करने के बाद लखनऊ पीजीआई में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डाश आफताब कहते है बैसवारा लालगंज हमारी जन्मभूमि होने के नाते इस क्षेत्र से हमे बहुत लगाव है आज जिस मुकाम पर हम है वह सब इसी क्षेत्र के लोगो के दुआओं व आशीर्वाद की वजह से है। यह हमारा लालगंज में दूसरा कैम्प है हमारा प्रयास रहता है की हमारे क्षेत्र के लोगो को अस्पतालों और पीजीआई में भटकना न पड़े उन्हें अपने घर में ही इलाज मिल जाए इसीलिए हमे जब भी पीजीआई से छुट्टी मिलती है हम कैम्प के जरिए लोगो की मदद करते रहते है। इसी सोच के चलते हमने लालगंज में पैथलाजी भी खुलवा दी जिससे लोगो को कम पैसे में सही जांच भी मिल सके।

डॉ. आफताब ने कैंसर के उपचार के लिए कई रिसर्च किए जिसके लिए उन्हें अपने देश के साथ साथ विदेशों में भी सम्मानित किया जा चुका है।

- 26 से 28 जून तक सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पी जी आई के कैंसर व थायराइड विभाग के विशेषज्ञ देगें परामर्श
- नजर पैथालाजी की ओर से शुगर, हिमोग्लोबिन, कोलेस्ट्रॉराल की निशुल्क जांच की जाएगी

## खबरें एक नजर में

### ब्रह्म भोज में प्रसाद के रूप में वितरित किए गए पौधे 11,000 पेड़ देकर बचाया जा रहा पर्यावरण



**संताव रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ब्रह्म भोज में प्रसाद के रूप में दिए जा रहे हैं वृक्ष एक अनोखी पहल। सप्त दिवस श्रीमद भागवत कथा के समापन पर हुआ विशाल ब्रह्मभोज लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान जगन्नाथ से मांगी सुख और समृद्धि का आशीर्वाद वहीं श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में दिए गए वृक्ष। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी धर्मेंद्र मिश्रा निवासी ग्राम बल्ला बरौला विकासखंड सताव के यहां 15 जून से 21 जून तक श्रीमद् भागवत कथा चलने के उपरांत 23 तारीख को जगन्नाथ स्वामी का विशाल ब्रह्मभोज आयोजित किया गया जिसमें 11,000 श्रद्धालुओं को फलदार वृक्ष अपने घर पर लगाने हेतु प्रसाद में वितरण किया गया अभी तक 11,000 फलदार वृक्ष लोगों में बांटे जा चुके हैं या पहल पर्यावरण को बचाने के लिए किया जा रहा है इस मौके पर राम सुमेर मिश्रा रमेश मिश्रा उमेश मिश्रा धर्मेंद्र मिश्रा सत्यम मिश्रा शिवम मिश्रा शुभम मिश्रा निश्चय त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जनसंघ के संस्थापक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार क्षेत्र के पहरेमऊ मण्डल (अमांवा विकास खण्ड)में अमांवा शक्ति केन्द्र के बूथ संख्या 344 पर जनसंघ के संस्थापक डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस पूरी श्रद्धा के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर मनाया गया।जहाँ कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सुरेश मौर्य ने किया। वहीं डाक्टर साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से सामाजिक समरसता संयोजक खण्ड अमांवा शिवकुमार सिंह शिव ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के मंत्री दिलीप यादव ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राजनीतिक जीवन भर प्रकाश डालते हुए हैदराबाद और कश्मीर मुद्दे पर उनके कार्यों की चर्चा की तथा इन दोनों राज्यों के भारत में विलय के उनके प्रयासों को सराहा तथा उस समय की सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण कश्मीर के एक बड़े एवं महत्वपूर्ण हिस्से को पाक के हाँथ खो देने पर क्षोभ जताया एवं उसे पुनः प्राप्त करने की मंशा पर बल दिया। कार्यक्रम के समापन पर इनोवेट कम्प्यूटर इंन्सीट्यूट कौशल विकास के संचालक अंकित सैनी ने उपस्थित सभी लोगों का आभार जताया।

# नगर पंचायत डलमऊ में बोर्ड बैठक सम्पन्न, विकास योजनाओं पर सहमति

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को नगर पंचायत डलमऊ में निर्वाचित सभासदों और नगर पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति में बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सभी सभासदों द्वारा अपने अपने वार्डो के विकास को ध्यान में रखकर प्रस्ताव प्रस्तुत किये गए जिसमे नाली सफाई,जल निकासी,हैंडपम्प बोर, स्ट्रीट लाइटो,इंटरलॉकिंग सड़क व स्वच्छ पेय जल हेतु आरओ मांग को प्रस्ताव बनाया गया जिसमें उपस्थित सभी सभासदों ने सर्वसम्मति से स्वीकृत दी नगर पंचायत के अनुभवी नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ व अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव ने बैठक के पूर्व निर्वाचित सभासदों को शिष्टाचार निभाते हुए अभिवादन किया.बैठक की शुरुआत




में सर्वप्रथम शेरन्दाजपुर से निर्वाचित सभासद विनोद निषाद द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि कार्यालय जीर्ण शीर्ण अवस्था में है इसे मोहल्ला मियां टोला पानी टंकी कैंपस में शिफ्ट किया जाए व डलमऊ से फतेहपुर जिले को जोड़ने वाले गंगा नदी पर बने पुल की लाइटों को लगवाया जाय.आदर्श नगर की सभासद देवनंदिनी यादव ने वार्ड में जल की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए हैंडपम्प को रिबोर कराने का प्रस्ताव किया वही शंकर नगर वार्ड की सभासद सुनीता जायसवाल ने बारिश से पूर्व नालियों की सफाई व जलभराव की समस्या से निस्तारण की मांग की.बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ ने कहा कि 15वां वित्त आयोग,नगरीय पेय जल योजना,अवस्थापना विकास निधि के कार्यो को तत्काल कराया जाएगा अन्य प्रस्तावों को अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव को अधिकृत करते हुए बैठक समपन्न कराई।

### आम तोड़ने के दौरान नीचे गिरने से युवक की मौत

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** आम तोड़ने के दौरान पेड़ पर से गिरने से युवक की मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के मुताबिक सलोन तहसील क्षेत्र के डीह थाना अंतर्गत परसदेपुर निवासी सुरेश कुमार पुत्र चंद्रपाल उम्र लगभग 40 वर्ष उदयपुर मजरे पदमपुर विजौली गांव में एक आम के बाग गया था।जहां उसने आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ने लगा। इसी दौरान डाल कमजोर होने के कारण अचानक टूट गई।जिससे वह सीधे आकर जमीन पर गिर गया।बाग में मौजूद अन्य लोगों ने देखा तो गंभीर रूप से घायल हो गया था।तत्काल लोगों की मदद से नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया गया।जहां युवक को मृत घोषित कर दिया है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

### पूर्व विधायक ने यूपीएससी की परीक्षा में चयनित सिद्धार्थ सिंह को लैपटॉप देकर किया सम्मानित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने यूपीएससी की परीक्षा में चयनित सिद्धार्थ सिंह को लैपटॉप देकर सम्मानित किया ॗ रायबरेली शहर के एक होटल में यूपीएससी की परीक्षा में नव चयनित सिद्धार्थ को सम्मानित किया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जीनीयस बनने के लिए कुछ गुण जन्मजात व कुछ गुण वातावरण से मिलते हैं तब जाकर वह एक प्रतिभावान व्यक्ति बनता है ॗ उन्होंने कहा कि प्रतिभा संपन्न व्यक्ति की कई सारी विशेषताएं उन्हें एक साधारण इंसान से पृथक करती हैं ॗ उनमें उच्च स्तरीय बौद्धिक क्षमता, रचनात्मकता, उत्पादकता, शैलियों में वह सभी से स्वयं को हर बार सर्वश्रेष्ठ साबित करते हैं ॗ उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ सिंह में वह सब गुण हैं ॗ इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख कौशलेंद्र सिंह, दशरथ सिंह, विकास सिंह, छोटे सिंह सहित तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# फिल्म आदिपुरुष पर प्रतिबंध की मांग

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा के पदाधिकारियों ने फिल्म आदि पुरुष पर प्रतिबंध लगाने फिल्म बनाने में शामिल सभी लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी सुधीर जायसवाल शिवाकांत मिश्रा अमरेश पांडे पवन जयसवाल मनोज सोनकर जतन पाठक आदि लोगों ने उपजिलाधिकारी डलमऊ आसाराम वर्मा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन देते हुए कहा है कि हिंदी फिल्म आदि पुरुष के द्वारा हिंदू जनमानस के धार्मिक भावनाओं पर आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है फिल्म के संवाद व चित्रांकन



पूर्णतया तथ्यों से परे तथा भारतीय संस्कृति के मूल्यों को खंडित करने वाले हैं।

भगवान राम भगवान बजरंगबली सहित रामायण के सभी पात्र व संवाद हमारी आस्था के प्रतीक हैं फिल्म आदि पुरुष में जिस प्रकार से तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत गया है उससे प्रतीत होता है कि वह हिंदू संसद के मूल्यों को नष्ट करने हेतु बहुत बड़ी साजिश का हिस्सा है फिल्म के रिलीज होने से देश के बहुसंख्यक समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। सभी पदाधिकारियों ने फिल्म आदि पुरुष के प्रसारण प्रसारण पर रोक लगाने फिल्म बनाने वाले सभी लोगों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### बकरीद त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**भगवन्त नगर, समृद्धि न्यूज।** बकरीद त्यौहार को लेकर थाना बिहार में आयोजित पीस कमेटी की बैठक उप जिला अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उप जिलाधिकारी रनबीर सिंह ने त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे तरीके से मनाए जाने की बात कही उन्होंने त्यौहार पर आने वाली समस्याओं के संबंध में वर्ग विशेष से जानकारी की तथा बकरीद के अवसर पर दी जाने वाली कुर्बानी के विषय में विशेष ध्यान रखें कुर्बानी बंद स्थान पर देने के दिशा निर्देश दिए गए तथा कुर्बानी के बाद बचे अवशेषों को मकान के अंदर गड्ढे में गाड़ कर दफ़्नाने की बात कहकर निर्देश दिए गए कुर्बानी के अवशेषों को इधर-उधर न फेंके इसके लिए कमेटी में उपस्थित लोगों को सख्त हिदायत दी। नमाज निश्चित स्थान पर ही अदा की जाएगी ऐसी भी बात कही। बैठक में क्षेत्राधिकारी विजय आनंद थाना प्रभारी संतोष शुक्ला तथा मौलवी मौलाना मौजूद रहे।

# नवाबगंज सीएचसी का एसडीएम हसनगंज ने किया औचक निरीक्षण

**नवाबगंज-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ-कानपुर हाईवे की नवाबगंज सीएचसी का शुक्रवार को न्यायिक हसनगंज एसडीएम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई डाक्टर स्टाफसहित संविदा कर्मी और टेक्नीशियन अनुपस्थित मिले है। गन्दगी को लेकर प्रभारी को लगाई फटकार एसडीएम ने जिसकी रिपोर्ट डीएम को भेजने की बात कही।

प्रदेश की राजधानी को जाने वाले नवाबगंज हाईवे के पास बनी जिले की इकलौती सीएचसी मे अनियमितता का बोलबाला है। यहां पर दवाएं कभी पूरी नही मिलती है,पैथोलॉजी एक्स-रे,अल्ट्रासाउंड की जांच नही होती है। जबकि मशीनरियां धूल खा रही है। इसी के साथी ही खून की जांचे भी लगभग बाहर से ही



करवाई जाती है। फैक्चर हो जाने पर न तो यहां आर्थोपेडिक ही है, न ही प्लास्टर का सामान उपलब्ध है। यहां एआरवी लगवाना है तो सिरींज बाहर से लाने पड़ेगी,इस सीएचसी मे सुविधा के नाम पर सब कुछ बाहर से ही लेकर आना पड़ता है। वही मार्ग दुर्घटना व अन्य मामलो मे घायलो को बगैर प्राथमिक उपचार के घांवो पर पट्टी लपेट कर रेफर कर दिया जाता है। हालाकि शुक्रवार को 9.30 बजे डीएम के निर्देश पर न्यायिक एसडीएम रामदेव निषाद जब सीएचसी पहुचे तो लगभग स्टाफ नही पहुचा था वही परिसर में गंदगी देख प्रभारी डा अरुण कुमार को लगाई फटकार। बताते दे कि गर्मियों मे सरकारी अस्पताल को सुबह 8 बजे से दो बजे तक खोला जाता है। लेकिन यहां पर डाक्टर ही 10 बजे के बाद आते है। ऐसे मे मरीजों को डाक्टर और इलाज कैसे मिले। निरीक्षण के दौरान डा.शैलेंद्र अस्थाना, डा.राजकुमार गौतम, डा.रुचि त्रिपाठी ,डा.गरिमा तिवारी, संविदा कर्मी व लैब टेक्नीशियन मे विजय कुमार, जितेंद्र यादव, मनीष, आरती देवी, आटीएस सरवन कुमार, ब्वाक प्रोग्राम मैनेजर मलखान सिंह, संगीता गौतम, आयुष्मान कार्ड मे रामनरेश अनुपस्थित मिले। इसके अलावा संजीव सक्सेना,डा.अखिलेश विक्रम, डा.ऋचा श्रीवास्तव 10.50 पर अस्पताल पहुचे। निरीक्षक के दौरान डा. प्रियंका, डा. रविशेष, डा. अंकिता, डा. जियायुल हक मौजूद मिले। न्याययिक एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद ने बताया कि डीएम के निर्देश पर निरीक्षण किया गया है जिसकी रिपोर्ट बनाकर डीएम को भेजी जाएगी। अब देखना यह होगा कि क्या निरीक्षण का असर पड़ेगा या नहीं, पूर्व में हुए डिप्टी सीएम के निर्देश का नही हुआ था असर प्रभारी सहित अन्य स्वास्थ कर्मी करते थे अपनी मनमानी।

# कोआपरेटिव बैंक के चुनाव मे बीजेपी ने लहराया परचम



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोआपरेटिव बैंक के चुनाव में एक बार बीजेपी ने फिर से परचम लहराया। सहकारिता को लेकर सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ने के लिए कल सरकार लगातार काम कर रही है पहले ये विभाग नही था पहले की सरकारें में सहकारिता मंत्रालय नहीं था हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद सहकारिता मंत्रालय बनाया गया। प्रधानमंत्री का कहना है कि सहकारिता विभाग के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा किसानों को फायदा मिलेगा किसानों को फायदा मिलेगा तो बैंक का व्यवसाय भी बढ़ेगा और किसानों को इसका सीधा लाभ होगा। सहकारिता आंदोलन सभी गांव में होता है आपने देखा होगा कि कि इस बार सभी समितियों में भाजपा का ही परचम लहरा रहा है किसी दूसरी पार्टी के किसी भी सदस्य ने पर्चा नहीं भरा। मेरा उद्देश्य यही रहेगा कि सरकार की मनसा को आगे बढ़ते हुए किसानों को समुचित लाभ मिले जो सरकार की तरफ से किसानों को दी जा रही है। वही इस मौके पर स्वतंत्र राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह राजा मयंकेशरण सिंह राज्य मंत्री सदर विधायिका अदिति सिंह सहित सैकड़ें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दरगाहों से मिलता इंसानियत का पैगाम : पीरजादा राशिद अली मीनाई



- मुल्क में अमन, शांति की दुआ के साथ हज़रत शाह मो. अहमद रह. का सालाना उर्स सम्पन्न

**सण्डीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

मख्दूमज़ादा हज़रत शाह सय्यद मो0 अहमद चिश्ती निज़ामी रह0 का सालाना उर्स तमाम रवायतों के साथ सम्पन्न हुआ।नगर के मोहल्ला अशराफ़ टोला मंगल बाज़ार स्थित साग़र मियां की दरगाह पर आयोजित 79 वें सालाना उर्स के आये दरगाह हज़रत शाह मीना रह0 लखनऊ के सज्जादा नशीन पीर ज़ादा राशिद अली मीनाई ने कहा औलिया ए काराम ने इंसानियत की मिसाल हैं इनकी दरगाहों पे आने वालों को रूहानी फैज़ के साथ साथ इंसानियत का पैग़ाम मिलता है।

सूफ़ि संतों ने हमेशा समाज से बुराइयों को मिटा कर एक साफ़ समाज की बुनियाद डाली और मोहब्बत के चिराग रौशन किये।उर्स के अवसर पर मुख्य अतिथि पीर ज़ादा राशिद अली मीनाई,शहर क़ाज़ी सय्यद आरिफ अब्दुल्लह,नायब क़ाज़ी सय्यद असद मेराज,फ़रीद उद्दीन अहमद, सज्ज़ादा नशीन मुईज़ उद्दीन अहमद साग़री ने हिंदी पुस्तक शिज़रह का विमोचन किया। तीन दिवसीय उर्स में, मिलादउन्नबी, ग़ुस्ल मज़ार, क़व्वाली, लंगर, महफिले कुल के प्रोग्राम शामिल रहे। राजू मुरली कव्वाल ने सूफ़ियाना कलाम पेश किया। इस दौरान अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। लोगों ने मजार पर चादर पोशी और गुलपोशी की और दुआ मांगी। आखिर में मुल्क में अमन और चैन के लिये दुआ की गई।

सज्जादा नशीन मुईज़उद्दीन अहमद साग़री चिश्ती निज़ामी ने मैहमानों की रस्म पगड़ी अदा करते हुए उर्स संपन्न होने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खानकाहे मतलूलिबिया के सज्जादह नशीन मुनीरुल हक़ सफ़वी, आगरा से तशरीफ़ लाए सूफ़ी इमरान, फ़रीद उद्दीन अहमद,सूफ़ी इंतज़ार मीनाई, सूफ़ी इशरत सफ़वी, सय्यद तारिक़ मियां, काशिफ़ मियां फिरंगी मैहली, मौलाना मेहंदी हसन, सूफ़ी जाबिर अली, सूफ़ी शफी अहमद साबरी, चैयरमैन मो0रईस अन्सारी, पूर्व चैयरमैन शैलेश अग्निहोत्री के अलावा बड़ी तायदाद में अकीदतमंद शामिल रहे।

# नगरवासी की अपेक्षाओं के अनुसार खरे उतरेंगे चैयरमैन रईस अंसारी?

- नवनियुक्त चैयरमैन से बहुत उम्मीदें हैं नगरवासियों को

**मोहम्मद हसनैन**



चैयरमैन रईस अंसारी



वरिष्ठ पत्रकार डॉ के जी गुप्ता | नसीम खा एड0 | डॅाक्टर अहमद सईद | समाजसेवी अंगूरी शंकर सिन्हा | शायर,कवि डॉ0 जुबैर सिद्दीकी

**सण्डीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।** नगरनिकाय चुनाव अभी हाल ही में सम्पन्न हुए है जिसको लेकर अभी तक चर्चाएं बनी हुई हैं। नगरपालिका सण्डीला के चुनाव में समाजवादी पार्टी से पुनः जीत कर आये रईस अंसारी से शहर के लोगो को काफी अपेक्षाएं है। अब देखना ये है क्या इन अपेक्षाओं पर खरे उतर पाएंगे पालिका चेयरमैन आइये पढ़ते है कि नगरवासियों को क्या उम्मीदें है अपने पालिका चैयरमैन से-

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव व सण्डीला नगर के वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर के जी गुप्ता से इस विषय मे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं नवनियुक्त पालिका चैयरमैन को बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि वो सण्डीला की जनता की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे उन्होंने कहा कि शहर में एक ही मेन रोड है जिसे पूरी तरह गड्ढा मुक्त होना चाहिए व इसके बनने में किसी प्रकार का कोई समझौता नही होना चाहिए और सबसे बड़ी समस्या ये है कि बरसात में सड़कों पर पानी भर जाता है जिसको लेकर पालिका अध्यक्ष को सीवर लाइन की व्यवस्था करनी चाहिए,मुझे लगता है पालिका अध्यक्ष इस बार इस ओर ध्यान देंगे

वही सण्डीला बार एसोसिएशन के कई बार मंत्री व पूर्व अध्यक्ष रहे अधिवक्ता नसीम खा ने पालिका अध्यक्ष रईस अंसारी से उम्मीद जताते हुए नगर की साफ सफाई,जनरेटर लाइट व कब्रिस्तानों में जलभराव की समस्या के समाधान की उम्मीद की है उन्होंने कहा कि बड़े बाग में करबला कब्रिस्तान में बारिश के वक्त जल भराव हो जाता है जिसमे कब्रे तक बैठ जाती है उन्होंने शहर में गंदे जानवरो रोक लगाने की उम्मीद जताई

तो वही शहर के रहे वरिष्ठ डॉक्टर व समाजसेवी स्वर्गवासी डॉक्टर सईद के पुत्र डॉक्टर अहमद सईद ने कहा कि चैयरमैन साहब से सण्डीला के मुस्तकबिल के लिये बेहतर उम्मीदे है इन्ही उम्मीदों के सहारे आपको दुबारा वोट देकर पालिका पहुचाया गया है उम्मीद है आप शहर के शहर वासियों के मुस्तकबिल के लिये बेहतर काम करेंगे। वही अंगुरी शंकर सिंहा सेवा समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी अंगूरी सिन्हा ने कहा पालिका अध्यक्ष से आशा जताते हुए कहा कि हमे उम्मीद है की पिछले कार्यकाल में जिस तरह से अच्छे काम हुए है उसी प्रकार इस बार भी पालिका अध्यक्ष नगर का विकास जोरो शोरो पर करेंगे। उन्होंने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय, आकांक्षी योजनाओं के तहत काम होने की उम्मीद जताई है उन्होंने कहा पालिका अध्यक्ष ने सीनियर और प्रमुख समाजसेवियों को सम्मान देने का काम किया है। शहर के मशहूर शायर व कवि डॉक्टर जुबैर सिद्दीकी ने पालिका चैयरमैन से उम्मीद जताई है कि शहर की गलियों में साफ सफाई व जल भराव की स्तिथि को सही करवाये व रात में बिजली व्यवस्था को ठीक कराये व शहर में बच्चों के लिए एक अच्छे पार्क की व्यवस्था होनी चाहिए। इन मामलो को लेकर जब सवांददाता सम्रद्धि न्यूज़ ने पालिका चैयरमैन से पूछा तो पालिका चैयरमैन रईस अंसारी ने कहा कि हम जनता की उम्मीदों पर खरे उतरने की कोशिश करेंगे क्योंकि जनता दुबारा मुझ पर विश्वास कर पालिका भेजा है।

हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



## खतरे की घंटी

ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट गहरा रहा है और पर्यावरण अनुकूल विकास को वक्त की प्राथमिकता बताया जा रहा है, हिमाचल कैबिनेट का हालिया फैसला एक आत्मघाती कदम ही कहा जायेगा। शिमला के पारिस्थितिकीय तंत्र के लिये घातक साबित हो सकने वाले इस कदम के रूप में हिमाचल कैबिनेट ने शहर की 414 एकड़ में फैली हरित पट्टियों में निर्माण गतिविधियों का रास्ता खोल दिया। जिस पर दशकों तक पर्यावरणीय हितों के मद्देनजर नियामक संस्थाओं ने रोक लगा रखी थी। दरअसल, शीर्ष अदालत के एक फैसले के बाद मंगलवार को शिमला विकास योजना का मसौदा अधिसूचित कर दिया गया। हालांकि, शीर्ष अदालत के फैसले के अनुरूप अधिसूचना के एक माह तक दस्तावेजों को लागू न करने की बात कही गई है। इस मामले में अगली सुनवाई बारह जुलाई को होनी है। निस्संदेह, ये इलाके शिमला की जनता को प्राणवायु का संचरण करते हैं। दूसरे शब्दों में इन्हें पहाड़ों की रानी कहे जाने वाले शिमला के फेफड़े कहा जा सकता है। पहले ही शिमला क्षमता से अधिक आबादी का बोझ झेल रहा है। बढ़ती आबादी के साथ ही लाखों पर्यटकों का दबाव अलग से है। पेयजल से लेकर पार्किंग जैसी तमाम समस्याएं सामने खड़ी हैं। निस्संदेह, ग्रीन बेल्ट पर निर्माण से शहर में कंक्रीट का एक ऐसा जंगल उग आएगा जो शहर का दम घोट सकता है। इसमें दो राय नहीं ग्रीन बेल्ट के बाबत इस फैसले से निर्माण गतिविधियों में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। कहने को तो एक मंजिल तक निर्माण की अनुमति की बात कही जा रही है लेकिन कानून के छिद्रों को तलाशने वाले लोग निस्संदेह, इसका अतिक्रमण करेंगे। वहीं निहित स्वार्थों में लिप्त राजनीति इसके दूरगामी परिणामों को गंभीरता से लेने की कोशिश कभी नहीं करती। यदि सत्ताधीश दूरगामी खतरों को समय रहते भांप लेते तो शिमला के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करते। लेकिन सत्ताधीशों की प्राथमिकता तात्कालिक हित ही होते हैं। उनकी कोशिश वर्ग विशेष को संतुष्ट करने की होती है। उल्लेखनीय है कि शिमला के पर्यावरण की रक्षा के मद्देनजर वर्ष दो हजार में इन ग्रीन बेल्टों को नो-कंस्ट्रक्शन जोन घोषित किया गया था। दरअसल, विशेषज्ञों और पर्यावरण प्रभावों के अध्ययन के निष्कर्षों का समर्थन करते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के फैसले तथा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने तब से इस पर लगाये गये प्रतिबंध को बरकरार रखा था। इसमें दो राय नहीं कि राज्य में रियल एस्टेट लॉबी की इस फैसले को बदलवाने में बड़ी भूमिका रही है। वहीं दूसरी ओर इन ग्रीन बेल्टों में मुख्य संपत्ति के मालिकों ने इस मुद्दे को लंबे समय तक कानूनी लड़ाई में उलझाये रखा था। अफ़्सोस की बात है कि एक के बाद एक आने वाली सरकारों का झुकाव रियल एस्टेट मालिकों की तरफ होता चला गया। निस्संदेह, रियल एस्टेट लॉबी की प्राथमिकता अपना आर्थिक हित ही होता है। उनकी प्राथमिकता शहर के अस्तित्व की परवाह करना कदापि नहीं हो सकता। दूसरा पहलू यह भी है कि भूमि मालिकों की मंशा भी इस कीमती जमीन से आर्थिक लाभ कमाना ही होगा। इस समस्या का एक सरल समाधान यह भी हो सकता था कि सरकार ग्रीन बेल्ट की जमीन को खरीद ले। सरकार यदि ईमानदार कोशिश करे तो इस समस्या का कारगर समाधान निकाल पाना संभव हो पायेगा। सरकार की किसी रचनात्मक पहल से ग्रीन बेल्ट का संरक्षण संभव है। जिससे आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को संरक्षित किया जा सकता है। निस्संदेह, आबादी के बोझ से दरकते देश के अन्य पहाड़ी शहरों की बदहाली से सत्ताधीशों को सबक लेना चाहिए। उत्तराखंड में जोशीमठ शहर के दरकने का ताजा उदाहरण हमारे सामने है। ग्लोबल वार्मिंग के दौर में पूरे देश के पर्यावरण की रक्षा के लिये हमारी वन संपदा व ग्रीन बेल्ट जैसे इलाकों का संरक्षण अपरिहार्य ही है। निस्संदेह, हरित पट्टी के बचाव की किसी अभिनव पहल से ही शिमला का पहाड़ों की रानी का प्रतिष्ठित दर्जा कायम रह सकेगा। हिमाचल सरकार को इस शहर के भविष्य के लिये अभिनव पहल करनी ही होगी।

## जीवन की गणित को गणित की व्यावहारिकता से समझें



अशोक कुमार वर्मा,
सेवानिवृत्त आईपीएस

**जीवन में मान लेने का महत्त्व सुस्पष्ट है, क्योंकि यह हमें दिशाहीनता की स्थिति में दिशा ही नहीं बताता है, बल्कि लक्ष्य तक पहुँचाता भी है। बावजूद इसके यहाँ यह जान लेना अत्यावश्यक है कि यह एक प्रस्थानबिंदु है, लक्ष्य नहीं। यदि हम मानकर चलेंगे नहीं, बैठे रहेंगे, तो लक्ष्य तक पहुँचना तो दूर, हम बचेंगे भी नहीं और मिट जाएंगे। हमारे साथ समस्या यह है कि हम मानकर बैठ जाते हैं और उसी मान लेने को अंतिम मान लेते हैं। हम पूर्वजों के विचार और बातों को मानकर बैठ जाते हैं। उन पर संदेह नहीं करते, उनके ऊपर आस्था का एक आवरण ओढ़ लेते हैं। कोई और भी उस आवरण को भेदना चाहें, तो असहज हो जाते हैं। इससे हमारी आस्था आहत होने लगती है, जबकि यदि उनके विचारों और बातों का तर्कयुक्त ढंग से विश्लेषण करें, तो उनमें आज के संदर्भ में सारवान, प्रासंगिक और सार्थक निकलेगा, मगर बहुत कम। कम-से-कम उतना तो बिलकुल नहीं, जितना हम उसे मानते हैं। सोचिए, यदि हमारे पूर्वज भी मानकर बैठ जाते, तो क्या होता! निस्संदेह हम अब भी कंदराओं और गुफाओं में जी रहे होते! कहीं एक जगह ठहरे हुए होते! आगे बढ़ने, यानी विकास करने के लिए निरंतर चलना आवश्यक है। इसीलिए कहा जाता है कि जीवन चलते रहने का नाम है, स्थायी रूप से ठहरने या बैठ जाने का नहीं।**

जीवन को समझने के लिए गणित की सामान्य समझ आवश्यक है, जिसके बिना आधुनिक जीवन असंभव तो नहीं, मगर अत्यंत दुरूह अवश्य हो जाएगा। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में गणित हमारे काम आती है। इसकी असंख्य उपयोगिताओं में से एक इस बात में है कि आगे बढ़ने की जब कोई राह नहीं सूझती, तब यह हमें आगे बढ़ने की न केवल एक तरकीब बताती है, एक राह दिखाती है, बल्कि हमें गंतव्य तक ले भी जाती है। अँधेरे में एक दीपक की तरह। यह हमें सिखाती है कि जब कभी हमें सवाल का कोई सिरा न सूझे, तब हम उसे मानकर प्रारंभ करें, लेकिन यदि हम बस मानकर बैठे रहेंगे, तो गंतव्य तक कभी पहुँच नहीं सकेंगे। मान लेना परिकल्पना है, लेकिन गंतव्य की ओर दृढ़ता और स्पष्टता से बढ़ने का प्रस्थानबिंदु ही है। इस दृष्टि से यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इसलिए मान लेने के बाद हम अपने सवाल की शर्तों के अनुरूप उसको हल करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं और अंततः उसके सटीक हल तक पहुँच जाते हैं।

जीवन में मान लेने का महत्त्व सुस्पष्ट है, क्योंकि यह हमें दिशाहीनता की स्थिति में दिशा ही नहीं बताता है, बल्कि लक्ष्य तक पहुँचाता भी है। बावजूद इसके यहाँ यह जान लेना अत्यावश्यक है कि यह एक प्रस्थानबिंदु है, लक्ष्य नहीं। यदि हम मानकर चलेंगे नहीं, बैठे रहेंगे, तो लक्ष्य तक पहुँचना तो दूर, हम बचेंगे भी नहीं और मिट जाएंगे। हमारे साथ समस्या यह है कि हम मानकर बैठ जाते हैं और उसी मान लेने को अंतिम मान लेते हैं। हम पूर्वजों के विचार और बातों को मानकर बैठ जाते हैं। उन पर संदेह नहीं करते, उनके ऊपर आस्था का एक आवरण ओढ़ लेते हैं। कोई और भी उस आवरण को भेदना चाहें, तो असहज हो जाते हैं। इससे हमारी आस्था आहत होने लगती है, जबकि यदि उनके विचारों और बातों का तर्कयुक्त ढंग से विश्लेषण करें, तो उनमें आज के संदर्भ में सारवान, प्रासंगिक और सार्थक निकलेगा, मगर बहुत कम। कम-से-कम उतना तो बिलकुल नहीं, जितना हम उसे मानते हैं। सोचिए, यदि हमारे पूर्वज भी मानकर बैठ जाते, तो क्या होता! निस्संदेह हम अब भी कंदराओं और गुफाओं में जी रहे होते! कहीं एक जगह ठहरे हुए होते! आगे बढ़ने, यानी विकास करने के लिए निरंतर चलना आवश्यक है। इसीलिए कहा जाता है कि जीवन चलते रहने का नाम है, स्थायी रूप से ठहरने या बैठ जाने का नहीं।

मानकर बैठ जाने की हमारी आदत के अनेक कारण हैं। उनमें से दो प्रमुख हैं, एक अपने पूर्वजों की भक्ति और दूसरा है साहस की कमी यानी जोखिम का डर। पूर्वजों में वे सभी शामिल हैं, जो हमसे पूर्व इस धरती पर कहीं हुए हैं। उनको देश, काल, आदि की सीमाओं में नहीं बाँधा जा सकता, क्योंकि जाने-अनजाने जीवन में हम उनकी सामूहिक थाती का उपयोग करते रहते हैं। मानवमात्र की थाती एक है, क्योंकि समस्त वसुधा एक परिवार है। हमारे साथ समस्या यह है कि हम अपने पूर्वजों का आदर और सम्मान करने के स्थान पर उनको पूजने लगते हैं, उनकी भक्ति में डूबे जाते हैं। हम अपनी समस्त मानसिक शक्तियों को अपने पूर्व के संतों, महात्माओं और महापुरुषों के आगे शून्य मान लेते हैं। ऐसा करके हम अपनी सभी संभावनाओं और क्षमताओं को उनके आगे गिरवी रख देते हैं। ऐसा करके उनके देश, काल, परिस्थितियों और उनकी सीमाओं को हम भूल जाते हैं, जबकि हमें यह याद रखना चाहिए कि हम उनकी ही संतान हैं और हममें भी वही संभावनाएं, अर्थात् क्षमताएं और शक्यताएं छिपी हैं, जो उनमें थीं। सत्य यह है कि हममें उनसे कुछ अधिक ही हैं, क्योंकि हमने उनसे बाद इस धरा पर जन्म लिया है। इसलिए संभव है कि हमारे गुणसूत्र उनसे अधिक संभावनाओं को अपने अंदर समेटे हों! देश, काल और परिस्थितियाँ सतत बदलती रहती हैं, यह बात हम भूल जाते हैं, जबकि विवेकसम्मत यह है कि हम अपने पूर्वजों की किसी भी बात को केवल इसलिए न मान लें कि यह उन्होंने कही है, बल्कि किसी और की बात की तरह उनकी बात को भी हम तर्क और विवेक की कसौटी पर कसें। आज के जीवनमूल्यों के आलोक में उसका विश्लेषण और परीक्षण करें और यदि वह इस कसौटी में सही उतरे, तो अंगीकार करें, अन्यथा नहीं। ज्ञान के लिए सोचना, विचारना, मनन करना और विश्लेषण करना आवश्यक है। किसी बात को बिना विवेकपूर्ण आधार के मान लेना आस्था नहीं है। अनुभवप्रसूत विश्वास को आस्था कहा जाना उचित है। आस्था दृढ़ विश्वास के सिवा कुछ नहीं है। यदि यह तर्क, विवेक, विश्लेषण के निकष में खरा नहीं उतरती, और इस प्रक्रिया से डरती है, तो यह अंधविश्वास है और त्याज्य है। आस्था विश्वास करने योग्य है, मगर अंधविश्वास करना, यानी श्रद्धा रखना ख़तरे से ख़ाली नहीं है। विश्वास करते हुए भी सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि इसके ग़लत होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मगर आजकल तर्क, विश्लेषण और वैज्ञानिक चिंतन पद्धति से डरी हुई आस्था को ही आस्था माना जा रहा है, जो नितांत ग़लत है। भक्तिपूर्ण आस्था के वशीभूत होकर हम अपने पूर्वजों की अनुचित, अविवेकपूर्ण और समयसापेक्ष बातों को ऑख मूँदकर सार्वकालिक और शाश्वत सत्य के रूप में स्वीकार कर लेते हैं। उनके विरुद्ध सोचने, विचारने और तर्क करने में हमें डर लगता है, क्योंकि हम उनके अंधभक्त हैं, जबकि यह स्थिति किसी भी तरह उचित नहीं है। सत्य की खोज में तर्क की भूमिका अनिवार्य है। जोखिम के डर से बचने के लिए पुरानी बातों से हम अपना काम चलाना चाहते हैं। ज्ञान के स्रोतों के श्रमसाध्य और कठिन होने के कारण हम चिंतन, मनन, विश्लेषण , परीक्षण, अनुसंधान, आदि करने से साहस की कमी के कारण डरते हैं। कोलंबस, वॉस्को डी गामा, मैगेलन, ब्रूनो, कॉपरनिकस, चार्ल्स डार्विन, आदि ख़ुद नहीं बनना चाहते। संशयात्मक विनश्यति ने संशयात्माओं का तो नुकसान शायद ही किया हो, मगर संशय न करनेवालों को मूढ़ता के सागर में डुबोकर उनका विनाश अवश्य कर दिया है। बिना संशय के जीवन संभव नहीं है। पैदल नदी पार करते समय यही संशय हमें एक-एक कदम आगे बढ़ने को प्रेरित करता है, अन्यथा हम तेजी से आगे बढ़ते और नदी में डूबे जाते! जोखिम या ख़तरा उठाए बिना कुछ भी नवीन करना या खोजना संभव नहीं है। सावधानी बरतने के पीछे यह संशय ही रहता है। कुछ नूतन अन्वेषित करने की प्रक्रिया का प्रस्थानबिंदु संशय है।

आजकल जो जैववैज्ञानिक दुर्घटना से, अर्थात् जन्मना श्रेष्ठ हैं, उनमें से कुछ और अन्य कुछ नासमझ या स्वार्थी लोगों की आस्था छुईमुई-जैसी हो गयी है। तनिक विपरीत या अपनी आस्थाओं के विपरीत कुछ दिखा-सुना नहीं कि उनकी आस्था आहत हो जाती है। आस्था आहत होनेवालों को यह भान ही नहीं होता कि आपकी आस्थावाली बातें न जाने कब से बहुसंख्य लोगों को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से आहत करती रही हैं, क्षति पहुँचाती रही हैं, मगर आस्था के वशीभूत वे इसे अपनी नियति या भाग्य मानते रहे हैं और आज भी वे इस वशीकरण के प्रभाव में हैं। इसके प्रभाव से मुक्त नहीं हो सके। वर्तमान वैज्ञानिक समय में भी तथाकथित जन्मना श्रेष्ठ आस्थावान अपनी आस्थावाली बातों को संरक्षित और सुदृढ़ करने में प्राणपण से लगे हुए हैं। अपनी आस्था के अंतर्विरोध, अतार्किकता, अन्याय, भेदभाव, अमानवीयता, आदि उनको दिखायी ही नहीं पड़ते! इन आस्थावालों को धार्मिक और जातीय भेदभाव के शिकार लोगों की आहत होती भावनाएं और संवेदनाएं नहीं दिखाई देतीं। आस्था पर तथाकथित आस्तिक अपना एकाधिकार मानते हैं, जबकि वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। सच्ची आस्था के लिए दकियानूसी और कूपमण्डूकता कोई योग्यताएं नहीं हैं। कोई नासमझ नास्तिक नहीं होता! नास्तिक बनने के लिए जीवन को बहुत सूक्ष्मता और गंभीरता से देखना पड़ता है; विवेक और तर्क का प्रयोग करना पड़ता है; पूर्वाग्रहों, रूढ़ियों और पूर्वमान्यताओं से मुक्त होना पड़ता है; परंपरा के विपरीत जाने का साहस करना पड़ता; वह अपने विचारों में ईमानदार होता है; अपने व्यक्तित्व में कथनी-करनी के भेद को मिटाने के लिए सदैव सचेष्ट रहता है; सत्य को जानने-समझने के लिए उसे सदैव सतर्क रहना पड़ता है; उसे पढ़ना भी बहुत पड़ता है।

नास्तिकता को असामाजिकता, अपराध, दुष्टता, विध्वंस, बेइमानी, आदि से जोड़ना नितांत भ्रामक है। सत्य यह है कि नास्तिकता ठीक इसके विपरीत है और पूर्णतः सकारात्मक है। दुनिया को न्यायपूर्ण, सुव्यवस्थित और गरिमा से जीने लायक बनाने का भार नास्तिक किसी पारलौकिक सत्ता पर डाल बेख़बर नहीं हो जाते, बल्कि इसे वे अपना परम कर्त्तव्य मानते हैं। उमें जो नकारात्मकता है, वह केवल समाज में व्याप्त अन्याय, भेदभाव और नकारात्मकता को लेकर है। मानवता, समता, स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय, मानवगरिमा, भ्रातृत्व, आदि में दृढ़ विश्वास व्यक्ति को नास्तिक बनाता है। वह दुनिया को न्यायपूर्ण, समतामूलक, व्यवस्थित और जीने लायक बनाना चाहता है, जाति-धर्म, लिंग, रंग, आदि के भेद मिटाना चाहता है। वह अंधविश्वास, अशिक्षा, अज्ञान, अन्याय को जड़मूल से समाप्त करना चाहता है। दुनिया की समस्त कमियों को दूर करने में वह अपने जीवन की सार्थकता देखता है। वह दुनिया को आधुनिक उदात्त मूल्यों के अनुरूप बनाना चाहता है। उसकी भी आस्था होती है, मगर इन आदर्श मूल्यों पर, न कि पुरातन रूढ़ियों, अंधविश्वासों और परंपराओं पर। उसकी भी आस्था आहत होती है। इन मूल्यों के विपरीत बातें और कार्य उसे भी आहत करते हैं।

विचार

## मणिपुर पर सर्वदलीय बैठक

मणिपुर के हालात पर अब जाकर केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। गृहमंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार को ट्विटर पर लिखा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए 24 जून को दोपहर 3 बजे नई दिल्ली में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह घोषणा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वासरमा की दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात के तुरंत बाद की गई। श्री बिस्वासरमा एनडीए के पूर्वोत्तर चौप्टर नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस के संयोजक भी हैं। उन्होंने 10 जून को इंफाल का दौरा किया था और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह समेत कई नेताओं से मुलाकात की थी। हालांकि इन मुलाकातों का नतीजा क्या निकला, इस बारे में कुछ कहना कठिन है।क्योंकि मई की शुरुआत से मणिपुर के हालात बिगड़ना शुरु हुए और दिन-ब-दिन खराब ही होते जा रहे हैं। अभी तक 110 से अधिक जानें जा चुकी हैं। 250 से ज्यादा चर्च जला दिए गए, हजारों घरों को आग के हवाले कर दिया गया। कुकी आदिवासी पलायन के लिए मजबूर हो गए। मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की बात पर तनाव शुरु हुआ, जिसे शुरु में संभाला नहीं गया। राज्य और केंद्र सरकार दोनों ने इस मुद्दे पर अक्षम्य लापरवाही बरती है, जिसका नतीजा आज मणिपुर के आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

यह दुखद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर पर बिना कुछ कहे अमेरिका दौरे पर चले गए। मणिपुर के कई प्रतिनिधि मंडलों ने उनसे मिलने की नाकाम कोशिश की। यह समझ से परे है कि आखिर प्रधानमंत्री मोदी को मणिपुर को इतनी चुप्पी क्यों अख्तियार करनी पड़ी है। प्रतिनिधि मंडलों से मिलने में उन्हें किस बात का डर या झिझक थी। और अब गृहमंत्रालय ने भी सर्वदलीय बैठक तभी क्यों रखी, जब प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर हैं। श्री मोदी का अमेरिका और मिस्र का दौरा 25 जून तक का है, उसके बाद भी यह बैठक रखी जा सकती थी। जब 50 दिनों तक ऐसी किसी पहल को सरकार ने टाला है, तो दो-तीन दिन और टाल ही सकती थी। वैसे भी तकनीकी सुविधा के कारण अब दुनिया के किसी भी कोने से किसी से भी जुड़ना आसान हो गया है। श्री मोदी के बारे में तो यही कहा जाता है कि वे दिन-रात काम करते हैं, और महज तीन घंटे सोते हैं, थकते नहीं हैं। तो इस बैठक में उन्हें भी वर्चुअली जोड़ा जा सकता था। आखिर देश के लिए इतना वक्त तो वे निकाल ही सकते हैं।लेकिन केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री की गैरमौजूदगी में बैठक करने का फैसला किया। गृहमंत्री अमित शाह पहले मणिपुर के दौरे पर जा चुके हैं और वे हालात संभालने में अक्षम साबित हुए, यह नजर आ रहा है। ऐसे में ये देखना होगा कि 24 तारीख की बैठक में इस गंभीर संकट का क्या हल सुझाते हैं। वैसे सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के प्रतिनिधियों की रायशुमारी की जाती है। बताया जा रहा है कि गृह मंत्री विपक्षी नेताओं और सहयोगियों को मौजूदा स्थिति और उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दे सकते हैं और क्या कदम उठाए जाने चाहिए, इस बारे में पूछ सकते हैं। लेकिन सवाल ये है कि विपक्षी दलों से लगभग शत्रुता का भाव रखने की ओर बढ़ चुकी भाजपा क्या उनके मशविरों को सुनेगी या स्वीकार करेगी। क्योंकि इससे पहले देश में जब भी संकट आए, यही अनुभव रहा है कि भाजपा सरकार विपक्ष की अवहेलना करती रही है। महंगाई, आर्थिक संकट, कोरोना महामारी, चीन का अतिक्रमण, ऐसे तमाम संकटों पर विपक्षी दलों ने, खासकर कांग्रेस ने जो भी सलाह दी, उसे अनसुना कर दिया गया। इस बार सरकार का रुख किस तरह का रहता है, ये देखना होगा।गौर करने वाली बात ये भी है कि सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाने का फैसला उसी दिन लिया, जब सोनिया गांधी ने मणिपुर के लोगों से शांति की अपील की। शाम साढ़े बजे सोनिया गांधी की अपील ट्विटर पर जारी हुई और रात 10 बजकर 25 मिनट पर गृहमंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्वीट कर बैठक की जानकारी दी। सोनिया गांधी ने एक वीडियो में मणिपुर के लोगों से कहा कि मणिपुर में लोगों के जीवन को तबाह करने वाली अभूतपूर्व हिंसा ने हमारे देश की अंतरात्मा पर गहरा घाव छोड़ा है।... मेरी उन सभी के प्रति गहरी संवेदना हैं जिन्होंने इस हिंसा में अपनों को खोया है। ... मणिपुर के इतिहास में विभिन्न जाति, धर्म और पृष्ठभूमि के लोगों को गले लगाने की शक्ति और क्षमता है।... भाईचारे की भावना को जिंदा रखने के लिए विश्वास और सद्भावना की जरूरत होती है, वहीं नफ़रत और विभाजन की आग को भड़काने के लिए सिर्फ एक गलत कदम की।श् सोनिया गांधी ने कहा कि आज हम एक निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं। किसी भी राह पर चलने का हमारा चुनाव एक ऐसे भविष्य को आकार देगा जो हमारे बच्चों को विरासत में मिलेगा। मैं मणिपुर के लोगों, विशेष रूप से अपनी बहादुर बहनों से यह अपील करती हूं कि वे इस खूबसूरत धरती पर शांति और सद्भाव की राह का नेतृत्व करें। एक मां के रूप में मैं आपके दर्द को समझती हूं। मैं आप सभी से यह निवेदन करती हूं कि अपनी अंतरात्मा की आवाज को पहचानें।सोनिया गांधी की इस अपील में शब्दों का चयन बेहद प्रभावशाली है। चंद वाक्यों में उन्होंने मणिपुर और भारत की सद्भाव की संस्कृति का महत्व समझा दिया, भाईचारे के लिए जरूरी विश्वास को रेखांकित किया और एक मां के तौर पर उस दर्द को साझा किया, जो अपनों को खोने से होती है। विपक्ष की एक नेता होने के स्थिति में सोनिया गांधी इससे अधिक कुछ और नहीं कर सकतीं। लेकिन मणिपुर के हालात संभालने की कोशिश में उनका यह योगदान महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी भी ऐसा कर सकते थे। लेकिन एक बार फिर वे राजधर्म निभाने से चूक गए।

साहित्य

## नगर के सिग्नल पर...



दीपक सिंह

नगर के सिग्नल पर घूमे हाथ फैलाए।
मजलूम है मासूम है भूख कैसे मिटाए।।

गाड़ी रुकते दौड़े वो,
भूख की लाचारी में।
जब धुतकारे उसको,
तो आंखों में पानी आए।।
दिल साफ है पर मैले कपड़े,
जो नेक बनते उसे भगाएं।

नगर के सिग्नल पर घूमे हाथ फैलाए,
मजलूम है मासूम है भूख कैसे मिटाए।।

शाम दो चाट लगा कर,
छीने उसकी मेहनत को।
यह मंजर जो देखू मैं,
मेरा दिल तड़प जाए।।
देख इसां की शैतानी को,

झरोखा



खुद शैतान उसको गुरु बनाए।

नगर के सिग्नल पर घुमे हाथ फैलाए।
मजलूम है मासूम है भूख कैसे मिटाए।।

फुटपाथों पर टाट बिछाए,
सोने की तैयारी में।
रात भर सिसकी लेता,
मां की ममता कहां से पाए।
नींद लगे वो भूखा सो जाए,
सुबह होते ही सांसे थम जाए।।

नगर के सिग्नल पर घूमे हाथ फैलाए।
मजलूम है मासूम है भूख कैसे मिटाए।।



## राशिफल

**मेष**:- भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**बृषभ** :- भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन** :- भावनाओं पर नियंत्रणरख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क** :- महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह** :- किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्या**:- नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।
रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला**:- कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक**:- किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनु**:- रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर**:- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ**:- पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीन**:- पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

## आतंक का रहनुमा चीन



आदित्य नारायण

आज यदि किसी बच्चे से सवाल पूछा जाए कि भारत का दुश्मन नम्बर एक कौन है तो उसका जवाब होगा चीन। चीन में क्योंकि लोकतंत्र नहीं है, इसलिए वहां शासकों की मनमानी चलती है। फिर चाहे माओ त्से तुंग हो या चाउ एन लाई हो या फिर शी जिनपिंग। विस्तारवाद चीन की फित्तरत में है, इसलिए भारत पर उसकी निगाह लगी रहती है। पाकिस्तान की कोई हैसियत नहीं है, इसलिए चीन ने उसे बहुत आसानी से अपने चंगुल में ले लिया है। पाकिस्तान चीन की गोद में बैठा हुआ है और चीन प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उसके आतंकवाद का लगातार समर्थन कर रहा है। चीन पाकिस्तान में अपने हित देखता है, देर-सवेर वह पाकिस्तान के क्षेत्रों को कब्जाना चाहता है जबकि उसके लिए भारत को दबाना आसान नहीं है। भारत धूर्त चीन की हर हरकत का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से चिढ़ा बैठा चीन एक के बाद एक हरकतें कर रहा है।

आतंकवाद के समर्थक और पोषक के रूप में चीन का नापाक चेहरा एक बार फिर बेनकाब हो गया है। पाकिस्तान आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव पर चीन ने वीटो कर रोक लगा दी है। यह जानते हुए भी की साजिद भारत का गुनहगार है और 2008 में मुंबई में हुए 26/11 हमले का मोस्टवान्डेट है। बीजिंग ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत ग्लोबल टेररिस्ट के रूप में मीर को ब्लैक लिस्ट में डालने और उसकी संपत्ति जब्त करने, यात्रा प्रतिबंध और हथियार प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका द्वारा पेश किए गए और भारत द्वारा सह-नामित किए गए प्रस्ताव पर नापाक हरकत करते हुए वीटो लगाया है। चीन ने ऐसी शर्मनाक हरकत कोई पहली बार नहीं की है। आतंक और आतंकवादियों पर पहले भी उसका रुख समर्थक का रहा है जिसके चलते वो आतंकियों को बचा चुका है।

इससे पहले भी वह भारत के कई गुनहगारों को बचाने की कोशिश करता रहा है लेकिन वह अपनी चालों में कामयाब नहीं हो सका। उसने हाफिज सईद, अब्दुल रहमान मकी, हाफिज सईद के बेटे और लश्कर सरगना हाफिज तल्हा सईद मोहम्मद सरवर, शाहिद महमूद, जैश-ए-मोहम्मद सरगना, अब्दुल राउफ अजहर और कई अन्य आतंकवादियों को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने में अड़ंगा डाल चुका है। अब उसने लश्कर आतंकी साजिद मीर को कवच प्रदान किया। भारत में साजिद मीर की आडियो जारी कर चीन और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे दिया है। इस आडियो में मुम्बई हमले के दौरान साजिद मीर को आतंकियों से यह कहते सुना जा सकता है ''जहां कहीं पर लोगों की मूवमैंट नजर आती है, कोई बंदा छत पर चल रहा है या कोई आ रहा है या जा रहा है उस पर फायर ठोको। उसे नहीं पता वहां क्या हो रहा है? साजिद मीर वही है जो अजमल कसाब समेत सभी आतंकियों को फोन पर हमले के लिए लगातार निर्देश दे रहा था। जिंदा पकड़े गए आतंकी कसाब ने भी साजिद मीर का नाम लिया था। पूरी दुनिया जानती है कि मुम्बई हमले में लश्कर संस्थापक हाफिज सईद और जकीर उर रहमान लख्वी भी शामिल थे। भारत ने चीन और पाकिस्तान की पोल खोलने के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को भी दो टूक कहा कि अगर हम ऐसे स्थापित आतंकी जिन्हें दुनियाभर में आतंकवादी करार दिया गया है। उन्हें भी कुछ देशों के भू राजनीतिक हितों के कारण सुरक्षा परिषद में वैश्विक आतंकी नहीं घोषित करवा पा रहे तो इसका सीधा मतलब है कि हम में आतंकवाद की इस चुनौती से निपटने की इच्छा शक्ति ही नहीं है। चीन और पाकिस्तान चाहे कितनी भी साजिशें रच लें वह साजिद मीर को अब ज्यादा देर बचा नहीं पाएंगे। बार-बार ऐसी हरकतों से चीन की छवि आतंकवाद समर्थक देश की बन चुकी है और भारत बार-बार यह कहता आ रहा है कि ऐसे देशों को आतंकवाद राष्ट्र घोषित कर दिया जाना चाहिए जो आतकंवाद की खेती करते हैं, बल्कि आतंकवाद का समर्थन भी करते हैं। चीन पांच फिंगर नीति से भारत को घेरना चाहता है। चीन का मकसद तिब्बत के बाद लद्दाख, नेपाल, सिक्किम, भूटान और अरुणाचल प्रदेश की जमीन कब्जाना है। यदि वह अपने इरादों में सफल होता है तो हिमालय क्षेत्र में उसका पूरा अधिकार हो जाएगा। यही कारण है कि चीन भारत के साथ सीमा विवाद बनाए रखना चाहता है और भारत पर दबाव बनाए रखता है। भारत और चीन के संबंध इस समय बड़े बुरे दौर से गुजर रहे हैं। चीन यह भी जानता है कि भारत जिस तरह से विकसित हो रहा है, भविष्य में वह हर क्षेत्र में दुनिया का नम्बर वन देश बन जाएगा। भारत, अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और लगभग दस अन्य देश उसे घेरने के लिए हाथ मिला चुके हैं। भारत अब अपनी संप्रभुत्ता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत चीन की हर चाल का कूटनीतिक जवाब दे रहा है। चीन के भारत और ताइवान के साथ ही 16 अन्य देशों से भी क्षेत्रीय विवाद है। अगर सभी देश एकजुट हो जाएं तो यह चीन को भीतर घुसकर मार सकते हैं। चीन का वैश्विक स्तर पर मात खाना अब तय है।



स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने कैच द रेन कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नेहरू युवा केंद्र खीरी के तत्वावधान एवं जिला युवा अधिकारी विकास सिंह की अगुवाई में कैच द रेन विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम लखीमपुर ब्लॉक सभागार में आयोजित हुआ। जिसका केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि कैच द रेन यानि वर्षा के जल को हर हालत में अधिक से अधिक एकत्रित करना है। देश भर में राज्य सरकार के द्वारा प्रत्येक जिले में एक जन शक्ति केंद्र बनाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने कैच द रेन कार्यक्रम की शुरुआत की थी। वर्षा के जल के संचयन कर मानव अपने उपयोग में ला सकता है। वर्षा के जल को संचियत करना भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण योजना है। इसे सफल बनाने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को एकजुट होकर सफलता के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। भारत कई तरह की मशीने ला रहा, जो वर्षा के जल को सुद्ध पीने योग्य बनाने में सहायक होगा। इस मौके पर पन्द्रह युवा क्लबो को भी नेहरू युवा केन्द्र की तरफ से खेल कूद सामग्री की किटे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने युवाओं को उपलब्ध कराई। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा सभी को जल को के महत्व को समझना चाहिए। यू ही जल की बर्बादी नही करना चाहिए। इस कार्यक्रम प्रमुख जिला युवा अधिकारी विकास सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष सकल अभियान युवा विभाग दुर्गेश त्रिपाठी, जिला क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार भारती, प्रचार प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद आचार्य संजय मिश्र, खण्ड विकास अधिकारी पीयूष कुमार सिंह, व भाजपा नेता कुलभूषण सिंह सहित सैकड़ों युवा शामिल रहे।

# लम्बित वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक अभियुक्तों को सजा दिलायी जाये : जिलाधिकारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम संजय कुमार सिंह मौजूद रहे।

अभियोजन कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने निर्देश दिया कि गम्भीर प्रकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय। जिससे अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सज़ा से बच नहीं सकते हैं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शत प्रतिशत परिक्षित कराया जाय तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। समीक्षा बैठक के दौरान में ई-प्रासी क्यूशन डाटा फिडिंग, सम्मन तामिला इत्यादि कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

डीएम ने मौजूद शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन के अधिकारियों से न्यायालयों में साक्षियों की उपस्थिति और उनके पक्षद्रोही होने के कारणों की समीक्षा की। डीएम ने पुलिस विभाग व अभियोजन विभाग से कहा कि समन तामीली समयबद्ध होनी चाहिए। अधिकतम साक्षियों को न्यायालयों के समक्ष परीक्षित कराया जाय। अकारण साक्षियों की वापसी ना होने पाए, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर सजा का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए। ताकि न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। सत्र परीक्षण वादों में दोषमुक्त अधिक होने पर अप्रसन्नता जताई। निर्देश दिए कि डीजीसी इसका स्वयं परिशीलन करें।

## खबरें एक नजर में

### आर्यावर्त बैंक अदालत का आयोजन आज

**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** आर्यावर्त बैंक अपने ऋण ग्राहकों के लिए 24 जून को बैंक अदालत का आयोजन कर रही है। जिसमें पुराने एनपीए ऋण से मुक्ति पाने के लिए बैंक की ओर से एकमुश्त समझौता हेतु बिसवां परिक्षेत्र की 8 शाखाओं बिसवां सिधौली महमूदाबाद लहरपुर रेउसा सांडा बेहमा रामपुर मथुरा में बैंक अदालत का आयोजन कर रही है। जिसमें एनपीए ऋण खाता धारकों को ऋण मुक्ति के लिए मूलधन एवं ब्याज में आकर्षण छूट का लाभ दिया जाएगा। आर्यावर्त बैंक बिसवां क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कालरा ने बताया बैंक लोक अदालत के माध्यम से कृषको लघु उद्यमियो महिलाओं एवं सहायता समूह द्वारा एन पी ए खातों में अधिकतम छूट पाकर अपना खाता बंद कर सकते हैं।

### 32 ट्रकों के हुए चालान, 6 सीज

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन को लेकर खनिज विभाग की टीम ने उप जिलाधिकारी कालपी की मौजूदगी में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। आटा इटौरा मार्ग पर चलाए गए चेकिंग अभियान में 32 ट्रकों का चालान किया गया, वहीं 6 ट्रक मौके पर सीज किये गए।
जिले में मौरंग के अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग की मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने खनिज विभाग को इन पर लगाम लगाए जाने के निर्देश दिए थे। जिसको लेकर शुक्रवार को उप जिलाधिकारी कालपी केके सिंह की मौजूदगी में खनिज इंस्पेक्टर मुकेश मिश्रा और परिवहन विभाग की टीम ने आटा इटौरा मार्ग पर चैकिंग अभियान चलाया। जहां मौरंग का अवैध रूप से परिवहन करते 32 ट्रकों के चालान किये गए। वहीं 6 ट्रकों के पास खनन के वैध प्रपत्र न मिलने पर उन्हें सीज किया गया। गौरतलब हो कि अब जबकि मौरम खनन करने में सप्ताह भर का ही समय शेष बचा है ऐसी स्थिति में ओवरलोड व बगैर एमएम 11 के मौरम भरे वाहन पकड़े जाने से मौरम पट्टाधारकों व लोकेशन सरगनाओं की सक्रियता की पोल अवश्य खुलकर सामने आ गयी।

### एसपी ने पैदल भ्रमण कर राहगीरों से सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने नगर की सड़कों पर पैदल मार्च किया तथा लोगों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूंछतांछ की। पुलिस अधीक्षक डॉ ईराज राजा के नेतृत्व में कोतवाली व चौकी पुलिस ने नगर की सड़कों पर पैदल मार्च निकाला। नगर की सड़कों पर उतरी पुलिस को देखकर लोगों को पता चला कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सड़कों पर नजर आ रही है तो लोगों को सुरक्षा का अहसास हुआ। कोतवाली से निकले पुलिस कर्मी कोतवाली रोड से देवनगर चौराहे से तहसील रोड होकर पानी की टंकी, बस स्टैंड से झंडा चौराहा सब्जी मंडी से होकर पुनः कोतवाली पहुंचे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने दुकानदारों व राहगीरों से नगर की हलचल के संबंध में जानकारी ली और उन्हें भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए है। कोई उन्हें परेशान करता है तो तत्काल पुलिस की सहायता लें। इस मौके पर सी ओ रविन्द्र गौतम, कोतवाली प्रभारी समीर कुमार सिंह, एस एस आई आनंद कुमार, एस आई ओमकार यादव, मोहित यादव, अमर

# पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



23 जून 2023 को पुलिस अधीक्षक श्री गणेश प्रसाद साहा की अध्यक्षता में पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी आदि अधिकारीगण सम्मिलित हुए।

मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। हत्या,दुष्कर्म,लूट आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, बरामदगी हेतु शेष अपहृताओं की सकुशल बरामदगी, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने एवं शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही करने व गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। गम्भीर अपराधों, पॉक्सों एक्ट, बलात्कार आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु भी निर्देश दिये गये। चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं पर अकुश लागने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया एवं नेपाल राष्ट्र के बॉडर के थाने को एसएसबी के साथ संयुक्त रुप से प्रभावी गस्त एवं चैकिंग हेतु निर्देशित किया गया। अवैध मादक पदार्थो के निर्माण, ब्रिकी व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर इनकी रोकथाम एवं ऐसे कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, जमीनी विवादों एवं वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके सतर्कता बनाये रखने व इसकी रिपोर्ट राजस्व अधिकारियों को प्रेषित करने, अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के शस्त्र निरस्तीकरण की रिपोर्ट देने, आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए गए। थानों पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये। आगामी त्यौहार बकरी ईद, सावन मेला को सकुशल संम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करने व सावन मेला के रुट को चैक कर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया तथा सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# एक जुलाई से शुरू होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जिले में एक जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही 17 जुलाई से दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक का संचालन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने किया।

शुक्रवार शाम डीएम अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत जनपदीय अन्तर विभागीय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। डीएम ने कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज व सहयोग के लिए जिले में एक माह तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता व विशेष सफाई के प्रति जागरूक किया जाएगा। सघन वेक्टर नियंत्रण, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता से सम्बंधित गतिविधियाँ अन्तर्विभागीय सहयोग के साथ जारी रखना जरूरी है। इस हेतु मलेरिया विभाग के कार्यकर्ता क्षेत्रवार योजना बनाते हुए विगत वर्ष के मच्छर जनित रोगों के आंकड़ों के आधार पर चिन्हित किए गए हाईरिस्क क्षेत्रों में वेक्टर घनत्व का आकलन भी करेंगे। डीएम ने बताया कि कहा कि जिले में एक से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 17 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

# जनसुनवाई निस्तारण में लापरवाह अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक लगा मांगा स्पष्टीकरण

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

आईजीआरएस व जनसुनवाई के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले 12 अधिकारियों पर जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने जून माह के वेतन आहरण पर रोक व स्पष्टीकरण मांगा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस व जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। जनसुनवाई में विभागीय अधिकारियों द्वारा शत-प्रतिशत निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारी मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी माधौगढ़, तहसीलदार उरई, तहसीलदार माधौगढ़, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका उरई, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत प्रथम, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, खण्ड विकास अधिकारी कदौरा, अधिशाषी अभियन्ता नलकूप, आरआरके, एआरए आदि का वेतन लम्बित प्रकरणों के अन्तिम रूप से निस्तारण होने तक वेतन रोक दिया गया हैं, साथ ही स्पष्टीकरण मांगा गया।

उन्होने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस व जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व ससमय निस्तारण किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी।

# पालिका बोर्ड की प्रथम बैठक में 25 करोड़ के विकास कार्यों को हरी झंडी

- सड़कों के चौड़ीकरण, पेयजल, जल निकासी, विद्युत सामग्री खरीद के प्रस्ताव पास

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को नगर पालिका परिषद उरई बोर्ड उरई की प्रथम बैठक शांतिपूर्ण एवं परिचयात्मक हर्षोल्लास के माहौल में संपन्न हो गई जिसमें करीब 25 करोड़ के विकास कार्यों के प्रस्ताव को पारित कर दिया गया इनमें सड़कों के चौड़ीकरण के साथ ही पेयजल, जल निकासी, सड़कों के निर्माण, विद्युत सामग्री की खरीद के अलावा अन्य कार्यों के प्रस्ताव शामिल हैं।

नगर पालिका परिषद उरई की दूसरी बार अध्यक्ष बनी श्रीमती गिरजा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड की प्रथम बैठक अधिशासी अधिकारी विमला पति की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसका संचालन अकाउंटेंट राघवेंद्र मिश्रा एवं वरिष्ठ लिपिक निर्भय सिंह ने किया। बोर्ड की बैठक में आय-व्यय मई माह 2023 का अवलोकन, जन्म मृत्यु माह मई का अवलोकन के साथ ही अमृत-2 के अंतर्गत वाटर बॉडी जनपद हेतु नगरीय निकाय सीमा अंतर्गत भारत सरकार के द्वारा स्वीकृत वाटर बॉडी की डीपीआर तैयार कराए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत, नगर पालिका परिषद उरई के वार्डों के परिसीमन सीमा विस्तार प्रस्ताव पर विचार के साथ ही स्वीकृत, सीवरेज एवं जल निकासी योजना अंतर्गत नाला, नाली निर्माण कार्य की कार्य योजना तैयार कराए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत, पंडित दीनदयाल योजना अंतर्गत नगर में रोड चौड़ीकरण आदि कार्यों की कार्य योजना का प्रस्ताव स्वीकृत, पेयजल योजना अंतर्गत नगर में रीबोर, नये नलकूपों का निर्माण एवं पाइप लाइन बिछवाने की कार्य योजना तैयार कराने हेतु प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। नगर उरई में कूड़े के बेहतर निस्तारण के लिए सभी 34 वार्डों के लिए लोडर एवं छोटी जेसीबी की खरीद की जाएगी इसके अलावा जल निकासी, पेयजल, सड़कों के चौड़ीकरण अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित करीब 25 करोड़ के विकास कार्यों को बोर्ड ने पास कर दिया।

# स्टेशन रोड से अतिक्रमणकारियों पर गरजी जेसीबी, सड़क हुई मुक्त

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को जिलाधिकारी चाँदनी सिंह के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट रामप्रकाश ने रेलवे स्टेशन रोड पर बाके कचौड़ी वाले व अन्य दुकानदारों द्वारा रोड पर किए गए अवैध अतिक्रमण को पुलिस बल व नगर पालिका कर्मचारियों की उपस्थिति में व उनके सहयोग से रोड को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

उल्लेखनीय हो स्टेशन रोड पर अनेकों दुकानदारों द्वारा सड़क को अवरुद्ध कर अपने प्रतिष्ठानों को आगे तक बढ़ा लिया था जो आवागमन में वाधक बन चुनौती दे रहे थे। ऐसे अतिक्रमणकारियों को पहले तो अपना अवैध अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया लेकिन जब उन्होंने सड़क को अतिक्रमण से मुक्त नहीं किया तो शुक्रवार को नगर मजिस्ट्रेट रामप्रकाश अपने साथ पुलिस बल के साथ नगर पालिका कर्मियों व जेसीबी मशीन लेकर जा धमके इसके बाद अवैध अतिक्रमणकारियों की दुकानों को ध्वस्त करवा दिया गया। इसके साथ ही नगर मजिस्ट्रेट ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि दुबारा सड़क पर अवैध कब्जा किया तो उनसे जुर्माना तो वसूला ही जायेगा साथ ही उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# चचेरे भाई की ट्रक से कुचलकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

- हत्या को दुर्घटना दर्शाने वाले चचेरे भाई की करतूत हुई उजागर

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



साजिश कर अपने ही चचेरे भाई की ट्रक से कुचल कर हत्या करने के आरोपी को रामपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्राधिकारी ने पूरी घटना का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी ने सोची-समझी रणनीति के तहत हत्या को सड़क हादसे में बदलने की कोशिश की लेकिन जुर्म छिप नहीं सका।

रविवार को रामपुरा थाना क्षेत्र के कंजौसा निवासी अरविंद (45) पुत्र रमेश चंद्र की जगम्मनपुर कंजौसा मार्ग पर गुफा मोड़ के पास उस समय ट्रक चालक रामजी ने कुचलकर हत्या कर दी थी,जब वह सुबह अपने खेत से सब्जी लेकर मोटर साइकिल से पास के बाजार जगम्मनपुर में बेंचने जा रहे थे। हत्या को सड़क हादसे में बदलने के लिए आरोपियों ने ट्रक से कुचलने की योजना बनाकर उसे अंजाम दिया। ताकि घटना को एक्सीडेंट दिखाया जा सके। लेकिन जांच में चचेरा भाई बाबू और लालाजी पुत्रगण राजाराम घटना का मास्टरमाइंड निकला, जिन्होंने रंजिश के चलते अपने चचेरे भाई की हत्या कर दी।

घटना वाले दिन ही यह पुख्ता हो गया था कि यह सड़क हादसा नहीं है। परिजनों ने भी आरोपियों पर हत्या करने का लगाए थे आरोप। रामपुरा इंस्पेक्टर शशिभूषण ने क्षेत्र से एक आरोपी बाबू पुत्र राजाराम निषाद को निवासी कंजौसा को गिरफ्तार कर लिया। पूरी घटना का खुलासा सीओ उमेश पांडेय ने किया। उन्होंने कहा आरोपी के खिलाफ दो आपराधिक मामले पहले से ही दर्ज हैं। उसे न्यायालय भेजा जा रहा है।

### धुर ग्रामीणांचल के 11 बच्चों का नवोदय में हुआ चयन

**कदौरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।** अलीपुर-हांसा स्थित आवासीय एसबीडी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। रिजल्ट में 11 बच्चों का नाम आने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। डायरेक्टर हर्वेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणांचल के 26 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था। इसमें 11 बच्चों का चयन हुआ है। इसमें शिखा, आनवी, अभय, आर्यन राज निवासी ग्राम पंचायत हांसा, अमन पाल चतेला, आदित्य निषाद मदरालालपुर, आर्यन पाल गोहना, काव्या मवई अहीर, अरबाज खान कारी दांडी, साहिल अभिरवा, यशपाल कानाखेड़ा का चयन हुआ है। प्रिंसिपल अलकेश यादव ने बताया कि जनपद में सबसे अधिक 11 बच्चों का चयन उनके स्कूल से हुआ है। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर छात्र, छात्राओं को शील्ड और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान भूपेंद्र सर, राजेश यादव, ब्रिजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# सरकार की योजनओ को जन जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



सीतापुर में केंद्र सरकार के 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के पूर्ण होने पर महमूदाबाद विधानसभा के पैतेपुर मंडल में बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की प्रमुख रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद अजय टम्टा ने की है। पैतेंपुर में मंडल अध्यक्ष द्वारा आयोजित इस टिफिन बैठक मर सांसद राजेश वर्मा और बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने उपस्थित रहकर बीजेपी कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया है। बैठक की शुरुआत से पहले देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें वंदन किया। बैठक में उपस्थित पार्टी मंडल अध्यक्ष गण पदाधिकारियों एवं सम्मानित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि इन 9 सालों में केंद्र सरकार देश की सबसे बड़ी पार्टी निकल कर सामने आई है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव बीजेपी के प्रत्येक कार्यकर्ता और जनता के बीच जाकर उनकी उपलब्धियों का बखान करेगा साथी केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों से वार्ता कर उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का काम भी बीजेपी के हर कार्यकर्ता को करने का काम करना है। जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि टिफिन बैठक के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, सांसद राजेश वर्मा, बीजेपी जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, सहित बीजेपी के कार्यकर्ता और पार्टी मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

# विष्णु कुमार मौर्य को अध्यक्ष एवं इंदू सिंह चौहान को उपाध्यक्ष पद की कमान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला सहकारी बैंक सीतापुर के अध्यक्ष पद पर विष्णु कुमार मौर्य एवं उपाध्यक्ष पद पर इंदू सिंह चौहान निर्वाचित हुए निर्वाचन मंडल संचालक पद पर सुभाष सिंह अनामिका सिंह मनोज कुमार मिश्रा विनोद कुमार भार्गव बाबूराम वर्मा पंकज गुप्ता शशिप्रभा वर्मा गीता पांडे प्रखर जायसवाल उदित बाजपेई निर्वाचित घोषित किए गए अध्यक्ष व अन्य लोगों को अचिन मेहरोत्रा जिलाध्यक्ष ने शपथ दिलाई कार्यक्रम मे राजेश शुक्ला विश्राम सागर राठौर जिला महामंत्री रोहित सिंह अध्यक्ष डी सी डी डी एफ सीतापुर नीरज वर्मा नैमिष रत्नतिवारी जिला उपाध्यक्ष सुमित शुक्ला जिला पंचायत सदस्य सीतापुर प्रेम शंकर पांडे पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक सीतापुर मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सह संयोजक मीडिया भाजपा उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अजय कुमार गुप्ता उर्फ विजय कुमार गुप्ता उर्फ विजय कुमार पुत्र गिरधारी लाल गुप्ता उर्फ गिरधारी प्रसाद, मो0 मोहम्मद नगर रिसिया जिला बहराइच के मूल निवासी हैं। यह इन सभी नामों से जाने व पहचाने जाते हैं। यह सभी एक ही व्यक्ति हैं। इनकी भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नानपारा में 215808248 पालिसी चल रही है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि कौशिल्या देवी पुत्री जगत पाल ग्राम व पोस्ट महुरी कला कैसरगंज बहराइच अनुक्रमांक 2125460 वर्ष 2009 का हाई स्कूल का सह प्रमाण वास्तव में खो गया है।

**कौशिल्या देवी**
**ग्राम व पोस्ट महुरी कला कैसरगंज**
**जिला बहराइच**

### आरटीओ ऋतु सिंह ने की राजस्व एवं प्रवर्तन उपलब्धियों की समीक्षा, दिए कड़े निर्देश

# बकाया कर जमा करें वरना होंगी भू-राजस्व की भांति वसूली

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



संभागीय परिवहन अधिकारी ऋतु सिंह ने गुरुवार को राजस्व एवं प्रवर्तन उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए अयोध्या मंडल के सभी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन एवं प्रवर्तन तथा यात्री कर अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने अयोध्या जनपद के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा कार्यालय द्वारा जारी किए जा रहे मांग पत्र बकाया वाहन स्वामियों से व्यक्तिगत संपर्क करके किए जा रहे प्रयासों के बाबत अभिलेख तलब किए।

एआरटीओ प्रशासन आर पी सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक 3917 वाहनों के मांग पत्र जारी किए जा चुके हैं जिन पर लगभग पांच करोड़ 92 लाख रुपए की धनराशि बकाया है।आरटीओ श्रीमती सिंह द्वारा निर्देश दिए गए कि कर बकाया होने की स्थिति में वाहन स्वामी तत्काल कर जमा कराएं अन्यथा वसूली पत्र जारी कर भू-राजस्व की भांति वसूली की जाएगी। सभी एआरटीओ प्रवर्तन एवं यात्री कर अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बकाया वाहनों पर प्रतिदिन कार्यवाही कर इसकी सूचना प्रारूप पर उपलब्ध कराएं।

मुख्य मार्गों के अलावा आंतरिक मार्गो और ग्रामीण क्षेत्रों में भी सघन चेकिंग अभियान चलाकर ओवरलोड और कर बकाया वाहनों पर चालान और बंद की कार्यवाही की जाए जिससे लक्ष्यानुरूप कार्यवाही की जा सके।इसके साथी ही आरटीओ श्रीमती सिंह ने कार्यालय की ओर से सभी बकाया वाहन स्वामियों से प्रतिदिन दूरभाष एवं व्यक्तिगत संपर्क करके कर जमा कराने के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए, जिसके बाद कार्यालय कर्मचारियों ने कई वाहन स्वामियों को फोन किया।इस दौरान कुछ नंबर गलत अथवा बंद पाए गए।

इस पर निर्देश दिया गया कि वाहन स्वामियों के सही फोन नंबर शीघ्रताशीघ्र अभिलेखों में दर्ज कराएं तथा आधार कार्ड से लिंक आवेदन करने की प्रक्रिया के संबंध में भी जनसामान्य को जागरूक किया जाए जिससे कार्यालय वाहन स्वामियों से संपर्क कर सके।

आरटीओ श्रीमती सिंह ने बताया कि जून माह में ओवरलोडिंग के विरुद्ध विशेष कार्यवाही के अंतर्गत अब तक 384 वाहनों का चालान किया गया तथा 212 वाहनों को बंद किया गया।इनसे अभी तक 71 लाख 32 हजार रुपए जुर्माना जमा कराया जा चुका है।

# बिजली की चपेट में आने से एक की मौत

## दूसरा साथी गंभीर रूप घायल

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

नगर पंचायत घघसरा के डुमरी निवासी सुरेश मौर्या व अटल नगर के मोहल्ला पिपरी निवासी प्रदुम्न शुक्रवार की सुबह बिजली की चपेट में जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए । आनन-फानन में सभी एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठर्रापार में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने प्रदुम्न गौड़ को मृत घोषित कर दिया। वहीं सुरेश को जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया गया है।

सुरेश और प्रदुम्न दोनों लोग टेंट हाउस व्यवसाय में मजदूरी का काम करते हैं। नगर में गुरुवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम था। टेंट हाउस के सामना को दोनों लोग गाड़ी पर लाद रहा थे कि अचानक लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रहे 11000 बोल्ट के तार से टच कर गया। इसके बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें प्रदुम्न गौड़ की मौत हो गई। दूसरा साथी सुरेश मौर्या गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय गोरखपुर भेज दिया है। चौकी प्रभारी घघसरा अवधेश पाण्डेय ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घघसरा उपकेंद्र के जेई शिवम चौधरी ने कहा कि बिजली पहुंचाने के लिए प्रत्येक गांवों में 11000 बोल्ट बिजली की व्यवस्था की गई है। नंगे तार से दूरी बनाकर कार्य हितकर होता है।




● लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रहे 11000 वोल्ट के तार से टच कर गया। इसके बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक की मौत तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया

## छुट्टा गाय से टकराकर महिला की मौत, चालक व उसकी भतीजी घायल

**रामनगर बाराबंकी।** छुट्टा गाय से टकराकर बाईक सवार महिला की मौत हो गयी।जख्मी चालक और उसकी भतीजी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर मे चल रहा है।थाना रामनगर के अन्तर्गत ग्राम विछलखा के निवासी अर्जुन पुत्र रामनरायन अपनी माँ रामकली और भतीजी चंदा के साथ एक शादी समारोह से लौट रहे थे।शुक्रवार को मोटर साईकिल से लौटते समय शाम को जब वह गर्री गाव के निकट पहुचे तभी अचानक छुट्टा गाय के आने के चलते टकरा गये।जिससे उनकी माँ की मौत हो गयी।भतीजी और स्वंय वह जख्मी हो गये।सूचना पाकर मौके पर पहुची एम्बुलेंश से उन्हे इलाज के लिये सी एच सी रामनगर पहुचाया गया।पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरु कर दी।

## बक़रीद पर्व को शांति से मनाए, बड़े जानवरों की न करें कुर्बानी : एसडीएम

**रामनगर बाराबंकी।** सभी लोग बकरीद का पर्व परम्परागत तरीके से मनाये।बडे जानवरो की कुर्वानी पर रोक है।यह बात उपजिलाधिकारी तान्या ने थाना परिसर मे कोतवाल सुरेश पांडे के संयोजन मे आयोजित शान्ति कमेटी की बैठक मे अध्यक्षता करते हुये व्यक्त की।उन्होने कहा कि कुर्वानी के लिये जो स्थल तय है वहा पर ही दी जाय।पुलिस क्षेत्राधिकारी जटा शंकर मिश्र ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरुप हसी खुशी से त्योहार मनाये।साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे।कोई समस्या होने पर ततकाल सूचना दे।चेयरमैन रामशरण पाठक ने कहा कि समूचे क्षेत्र मे यह त्यौहार सदैव परम्परागत तरीके से मनाया जाता रहा है।नगर मे साफ सफाई का कार्य नियमित है फिर भी कोई परेशानी आने पर सूचित कर समस्या का तुरन्त निराकरण करा सकते है।कोतवाल श्री पांडे ने बैठक मे शामिल सभी लोगो से शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाये जाने की अपील की।कोई समस्या आने पर हर समभव सहयोग की बात कही।शान्ति कमेटी की बैठक मे पूर्व चेयरमैन श्री त्रिपाठी डा. शकील अहमद आदि ने विचार रखे।इस बैठक मे क्षेत्र के सम्भ्रान्त जनो के साथ अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं गांव गांव घर घर पहुच रही हैं।पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम योगी जी के नेतृत्व में गरीबों को शौचालय आवास उज्वाला कनेक्शन पांच लाख तक का निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा सहित तमाम योजनाओं का लाभ लोगो को मिल रहा है। यह बात पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने ग्राम रसूलपुर में प्रहलाद कुमार विमल के आवास पर जनसपंर्क अभियान कार्यक्रम में कही।उन्होंने कहा कि देश को पहला ऐसा नेतृत्व मिला है जो सीधा जनता से कनेक्ट है। बीच में कोई दलाल नहीं इसलिए आज देश ने विकास की रफ्तार पकड़ी है। 2024 में फिर से मोदी जी के नेतृव में भाजपा सरकार बनेगी।पूर्व विधायक ने मण्डल अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय जिला मंत्री रामसागर कनौजिया अमित पाण्डेय बचोले अवस्थी के साथ रसूलपुर बदोसराय सिरौली गुंग सहित कई गांवों में जनसपंर्क कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताया।

## पुलिस की निष्क्रियता से क्षेत्र में बढ़ी चोरियां, दो मकानों से हजारों की हुई चोरी

**सिद्धौर बाराबंकी।** थाना असन्द्रा पुलिस की निष्क्रियता के चलते थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं ।बीती रात एक ही गांव के दो मकानों में घुसकर चोर हजारों की नगदी समेत सोने चांदी के कीमती जेवरात उठा ले गए। थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी ब्रह्मा के मकान में बीते गुरुवार की रात चोरों ने नकब लगा दी ।नकब के रास्ते अंदर दाखिल हुए चोर बक्सा में रखी सोने चांदी के जेवरात में पायजेब, हाफ पेटी, झुमकी, 3 जोड़ी पायल, गले का माला व तीन हजार की नगदी समेत कीमती पीतल फूल के बर्तन उठा ले गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत असन्द्रा पुलिस से की है।इसी रात गांव की ही निवासिनी हसीरूल के मकान की दीवार काटकर चोर अंदर दाखिल हो गए और अंदर रखी सोने की नथुनी, माला, पायजेब और दो हजार रूपये की नकदी उठा ले गए। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच की है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।उधर पुलिस की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों की नींद उड़ गई है। चोरों को पकड़ना तो दूर रहा पुलिस चोरी की घटनाओं की प्राथमिकी ही नही दर्ज करती है ।ऐसे में बेखौफ चोर नित नई घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## गिरफ्त में आया किशोरी की आत्महत्या का सूत्रधार, पुलिस से हुई मुठभेड़

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ के बेहटा गाँव निवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने एवं आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले फरार अभियुक्त को एक मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। उल्लेखनीय हैं कि गुरुवार को बेहटा गाँव निवासी किशोरी ने अभियुक्त की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर फाँसी पर लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी। परिजनों व ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने आनन फानन में आरोपी दयाराम उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा इस घटना को लेकर अभियुक्त से पूछताछ की जा रही थी और सबूत हासिल करने के लिए उसके मोबाइल की चैट व फाइलों को भी खंगाला जा रहा था। इसी दौरान मोबाइल में अवैध तमंचा की एक फोटो दिखाई पड़ी।पूछताछ में अभियुक्त ने तमंचा को अपना बताया। जिस पर पुलिस उसे लेकर बताये स्थान पर पहुंची जहां तमंचा बरामद होते ही अभियुक्त फरार हो गया। काफी खोजा गया परन्तु तत्काल पता नहीं चला।जिसके बाद अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए कई थानों की टीमों व पुलिस द्वारा काम्बिंग की जा रही थी कि तभी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के नीचे वह दिखाई पड़ा। टीम द्वारा घेरने के दौरान उसने फायरिंग कर दी आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में गोली अभियुक्त की टांग में लगी जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## क्षेत्रीय पूर्व विधायक ने निजी हॉस्पिटल का किया शुभारंभ

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ग्रामीण क्षेत्र में आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सिरौलीगौसपुर मार्ग पर रसूलपुर में न्यू नेशनल हॉस्पिटल एन्ड सर्जिकल सेंटर का शुभारंभ क्षेत्रीय पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने फीता काटकर किया।उन्होंने इस अवसर पर कहा ग्रामीण क्षेत्र में निजी अस्पताल खुलने से क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योग्य व प्रशिक्षित डॉक्टरों के कारण बेहतर इलाज मिलेगा। अस्पताल के डॉक्टर ब्रज भूषण वर्मा ने बताया इस अस्पताल में सभी प्रकार के ऑपरेशन डिग्रीधारी योग्य डॉक्टरों द्वारा किए जाएंगे। ओपीडी व इमरजेंसी सेवा 24 घंटे सुविधा मुहैया रहेगी। नवजात शिशुओ व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुविधा मिलेगी। समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्र में योग्य डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर आम जनमानस को स्वस्थ लाभ दिया जाएगा। जिसमें आम जनमानस में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े। सभी रोग का संपूर्ण इलाज होगा। इस अवसर पर बिजेंद्र गुप्ता वीरेंद्र गुप्ता भाजपा आईटी सेल शहसंयोजक अमित पाण्डेय बचोले महाराज रोजगार सेवक संघ जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी राजकुमार वर्मा मनीष बाजपेई आलोक शुक्ला अंकित गुप्ता दिव्यांशी वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आपसी भाईचारे व सौहार्द से मनाएं त्योहार : कालू सिंह



**चोपन/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

स्थानीय थाना परिसर में आगामी त्योहार ईद उल-अजहा व सावन के मद्देनजर एडीसनल एसपी कालू सिंह की अध्यक्षता मे पीस कमेटी की बैठक शुक्रवार को सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान आये हुए सम्भ्रांत लोगों की समस्याओं को सुना गया तथा शांति सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखते हेतु सर्व सम्बन्धित से अपील की गयी कि आप लोग अफवाहों से बचें, यदि कोई व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म संप्रदाय का हो अफवाह फैलाते हो तो संबंधित प्रभारी निरीक्षक एवं पुलिस के उच्च अधिकारियों से संपर्क कर अवगत कराएं। बैठक में सभी लोगों से कहा गया कि अफवाहों से बचें अगर कोई भी व्यक्ति आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वही प्रभारी निरीक्षक विश्व नाथ प्रताप सिंह ने कहा कि कुबार्नी के बाद माँस (अपशिष्ट) आदि ढककर ही ले जायें तथा अपशिष्ट को उचित डस्टबिन व वाहनों के माध्यम से ही उचित स्थान पर डाला जाएगा। इधर उधर कदापि न फेंका जाये और परम्परागत स्थलों पर ही नमाज अदा की जाये । वहीं इस मौके पर चेयरमैन उस्मान अली, जामा मस्जिद के सदर जनाब हाजी सरफराज अहमद,ईदू भाई सर्राफ, मुकेश गर्ग, नगर पंचायत लिपिक अंकित पांडेय,सभासद सलीम कुरैशी,अशफाक अहमद, असलम खान, सुल्तान कुरैशी, इत्यादि लोग मौजूद रहे वहीं गुरमा चौकी इंचार्ज मनीष द्विवेदी, चोपन हल्का इंचार्ज नवनीत चौरसिया, त्रिभुवन राय इत्यादि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया

**विंढमगंज/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत के बुटवेढवा पंचायत भवन पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया जिस के मुख्य अतिथि राम नरेश पासवान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे और विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार केसरी मंडल अध्यक्ष भाजपा विंढमगंज सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प माल्यार्पण अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प अर्पित किया गया और याद किया गया इसके बाद श्यामा प्रसाद के बारे में रामनरेश पासवान ने बताया कि जनसंघ के संस्थापक रहे हैं और श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 1901 में हुआ था इन्होंने हमेशा राष्ट्रहित में ही काम किया और राष्ट्र के लिए लड़ते रहते हैं अपने जीवन को हमेशा राष्ट्रहित में लगाए रखा इनके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इनकी मृत्यु 23 जून 1953 को जेल में रहस्यमय ढंग से मृत्यु हो गई इन्होंने अपने देश के लिए बलिदान हो गया और उसी समय से श्यामा प्रसाद मुखर्जी को हर साल याद किया जाता है उनके पुण्य कार्यों को याद करते हुए उनकी पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया सुधार गृह का निरीक्षण

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में गुरुवार को शक्ति सदन (स्वाधार गृह अयोध्या) का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया।संस्था के निरीक्षण के समय अधीक्षिका उपस्थित पायी गयी।गर्मी को देखते हुए अधीक्षिका को संस्था में गर्मी से बचाव हेतु कूलर, पंखा, ए.सी.की व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया।संस्था के निरीक्षण के समय कुल 22 संवासिनी संवासित पाई गई जिसमें के एक संवासिनी की आयु 18 वर्ष से कम है। इन संवासिनियों के साथ कुल सात बच्चे भी मां के साथ निवासित है। अधीक्षिका द्वारा अवगत कराया गया कि जून माह में कुल 17 संवासिनियों को पुर्नस्थापित कराया गया है। निरीक्षण के दौरान संस्था की साफ सफाई पर भी नाराजगी व्यक्त की गई और संस्था की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा पूर्ण स्वच्छता बरती जाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

# भारी सुरक्षा के बीच किशोरी का हुआ अंतिम संस्कार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

कोतवाली हैदरगढ़ के बेहटा गाँव में गुरुवार को फांसी का फंदा लगाकर मरी किशोरी के शव का आज भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान मृतक परिवार के घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद दोपहर लगभग 12~00 बजे किशोरी के शव के गांव पहुंचते ही परिजनों व रिश्तेदारों में कोहराम मच गया और भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए । भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गांव में स्थित श्मशान घाट पर ले जाकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार के दौरान क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत चेयरमैन आलोक तिवारी वेद प्रकाश बाजपेई पुलिस क्षेत्राधिकारी जेएन अस्थाना कोतवाली प्रभारी लालचंद सरोज सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे। पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा घर पहुंचकर विधायक दिनेश रावत, पूर्व सांसद/ विधायक बैजनाथ रावत, पूर्व सपा विधायक राम मगन रावत, हैदरगढ़ चेयरमैन आलोक तिवारी वेद प्रकाश बाजपेई सहित तमाम लोगों ने पूरे परिवार को ढाँढस बंधाया व अभियुक्त को कठोर से कठोर सजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# घर-घर संपर्क अभियान को धार देने में जुटी भाजपा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



शुक्रवार को भाजपाइयों ने जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। प्रत्येक बूथ पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनको याद किया गया।प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि डॉक्टर मुखर्जी महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद, समाजसेवी तथा राजनीतिक चिंतक थे। वह भारत की एकता और अखंडता के प्रबल पक्षधर व भारत माता के महान सपूत थे।उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी उनके सपनों को पूरा करने में जुटे हैं। जिला अध्यक्ष ने शशांक कुसुमेश ने बंकी एवम जिला कार्यालय पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।मोदी सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर शुरू किए गए महा संपर्क अभियान के अंतिम चरण में भाजपाइयों ने घर घर अभियान की शुरुआत कर दी है। बूथ स्तर पर इस अभियान को धार देने प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने शुक्रवार को खुद मोर्चा संभाला।

# कांग्रेस की सरकार में चारो तरफ खुशहाली ही खुशहाली : शाहिद तौसीफ

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़**



उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज़ आलम के निर्देश पर चलाये जा रहे संविधान पर चर्चा- दलित मुस्लिम संवाद कार्यक्रम के तहत मिर्जापुर नगर में संगठन के प्रदेश सचिव आसिफ अली मंसूरी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान घूरहूपट्टी तरकापुर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान बचाओ जुलूस निकाला गया, तत्पश्चात तरकापुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी शाहिद तौसीफ ने कहा कि भाजपा दलितों कमजोर तबको को मिले संवैधानिक अधिकारों को छीन कर फिर से मनुवादी व्यवस्था लाना चाहती है, कांग्रेस की सरकार में दलितों की जमीन को गैर दलितों द्वारा खरीदने से रोकने के लिए बने कानून को भाजपा ने इसलिए बदल दिया क्योंकि मनुवादी व्यवस्था में दलितों को जमीन रखने का अधिकार नहीं था,इस दौरान संगठन के प्रदेश महासचिव इश्तियाक अंसारी ने कहा कि 2024 का चुनाव संविधान समर्थकों व संविधान विरोधियों के बीच होगा, राहुल गांधी व कांग्रेस के नेतृत्व में सभी संविधान समर्थक एकजुट है वही संगठन के प्रदेश सचिव आसिफ अली मंसूरी ने कहा मोदी और भाजपा के नेतृत्व में बृजभूषण शरण सिंह, साक्षी महाराज, बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति को तोड़ने वाले आरक्षण विरोधीयों दलितों को घोड़ी पर बैठने पर पीटने वाले एकजुट है कार्यक्रम में शामिल होने वालों में शाहिद तौसीफ, इश्तियाक अंसारी, आसिफ अली मंसूरी शाहबाज आलम अंसारी, डॉ शहाबुद्दीन, शबनम अंसारी, मनोज कुमार गौतम, विश्वजीत कुमार गौतम, प्रमोद कुमार, पवन कुमार, संगम कनौजिया, रामधनी राम, अब्दुल मजीद, अब्दुल कयूम,अब्दुल खालिक, मुन्ना मंसूरी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# जुल्मी सरकार को सत्ता से भगाने में लगे महिलाएं : रीबू श्रीवास्तव

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हम अपने बच्चों को पेट काटकर पढ़ाते हैं परंतु मौजूदा सरकार बच्चों को नौकरी तक नहीं दे पाती ऐसी जालिम जुल्मी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए हम महिलाओं को पूरी ताकत से संघर्ष करना होगा।

उक्त विचार समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीबू श्रीवास्तव ने जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं पूर्व महासचिव श्रीमती मिथिलेश तिवारी के संचालन में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महिला सभा की समीक्षा बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कही।

महिला सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि आज पूरे प्रदेश का जनमानस महंगाई बेरोजगारी से खून के आंसू रो रहा है परंतु मौजूदा सरकार उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता समस्याएं को नजरअंदाज करके मंनघड़ंत विज्ञापन बनाने में व्यस्त है आज पूरा देश और प्रदेश हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ से नजरे गड़ाए हुए देख रहा है यही एक ऐसे नेता है जो हमारी मूलभूत जरूरतों को पूरा कर सकते हैं इसलिए हम आधी आबादी को अपने बच्चों के सुंदर भविष्य के लिए और प्रदेश की खुशहाली के लिए पूरी मुस्तैदी से समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करना है बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक अपने संगठन को एकदम चाक-चौबंद बनाना है जिस से आने वाले 2024 के चुनाव में इस जालिम जुल्मी सरकार को उखाड़ कर जनसमस्याओं को समझने वाली सरकार का का मार्ग प्रशस्त हो सके। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से श्रीमती नाहिदा बेगम, श्रीमती सरोज मौर्या, श्रीमती मिथिलेश तिवारी, श्रीमती पूनम यादव, श्रीमती तरन्नुम निशा, ओम श्री मौर्या, तारावती, उर्मिला सैनी, रूमी राय, सुमन यादव, नजमा खातून, श्रीमती लवली रावत, मुन्नी पाल, श्रीमती सुराजा यादव आदि प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता मुख्य रूप से समीक्षा बैठक में शामिल रहे।

**अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव का हवस स्वागत**

आज जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर अल्पसंख्यक सभा के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव चौधरी शमीम खान के स्वागत के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नवनियुक्त प्रदेश सचिव को पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता माला अंग वस्त्र भेंट कर कर भव्य स्वागत किया गया।

# चोरों ने समरसेबुल पर हाथ साफ किया

**विंढमगंज /सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा बुटवेढवा में पंचायत के विकास निर्माण कार्यो हेतु लगाया गया समरसेबल नदी किनारे चेंबर में लगा हुआ था जिसको बीती रात्रि में चोरों ने अपनी हिम्मत दिखाते हुए समरसेबल को चोरी कर लिया गया जबकि लगभग 1~00 बजे तक भारती इंटर कॉलेज के मैदान पर डीहवार बाबा प्रीमियर लीग का कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन चल रहा है।

वहां सुबह में जब कार्य कराने के लिए संजीत गुप्ता ने समरसेबल चालू करने के लिए गया तो वहां पर देखा गया कि समरसेबल का पाइप काटकर चोरों के द्वारा ले गया है इसका लोगों के द्वारा हर तरफ खोजा गया तो उस स्थान पर उसमें कुछ मोटर साइकिल का निशान मिला और लगा हुआ समरसेबल के पास में हेक्सा ब्लेड पाया गया इससे लोग कंफर्म हो गया की किसी अज्ञात चोरों ने चुरा कर ले गया प्रधान प्रतिनिधि और कई लोगों से पूछ ताछ किया गया तो देखा गया तो कोई जानकारी नहीं मिल पाया,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय गुप्ता ने बताया कि बीते रात्रि ग्राउंड में टॉवर लाइट लगे हैं इससे प्रयाप्त लाइट ग्राउंड के चारों तरफ रहता है इसके बावजूद भी चोरों की इतनी हिम्मत हो गई है की समरसेबल चोरी करके ले गए इसकी सूचना लिखित रूप से स्थानीय थाना प्रशासन को दे दिया गया है।


# सहकारी बैंक में चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुनः लहराया भगवा परचम

**हमीरपुर महोबा कोओपरेटिव बैंक अध्यक्ष पुनः निर्विरोध निर्वाचित हुए**

महोबा। समृद्धि न्यूज










**उत्तर** प्रदेश में चल रहे सहकारिता चुनाव में हमीरपुर महोबा सहकारी बैंक अध्यक्ष के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से चक्रपाणि त्रिपाठी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं जहां पर समाजवादी पार्टी को फिर एक बार मुंह की खानी पड़ी 14 की समिति में भारतीय जनता पार्टी के 13 संचालक निर्वाचित हुए हैं तथा समाजवादी पार्टी से सिर्फ एक संचालक चुना गया है इस तरह भारतीय जनता पार्टी ने हमीरपुर महोबा कोओपरेटिव बैंक पर अपना कब्जा बरकरार रखा है निवर्तमान अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुनः अध्यक्ष पद पर कब्जा बरकरार रखा है चक्रपाणि त्रिपाठी की जीत पर हमीरपुर महोबा के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं खुशी देखी गई भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष एम एल सी विधायक जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की जीत है प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार की विकास योजनाओं के कारण निरंतर चुनाव में सफलता मिल रही है नवनिर्वाचित अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि जिस भरोसे के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेहनत करके विजय दिलवाई है उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना ही हमारी प्राथमिकता है निर्वाचित संचालकों में भारतीय जनता पार्टी से मनीष यादव पुत्र रामनरेश, ऊषा देवी पत्नी विक्रम प्रताप सिंह,गीता देवी पत्नी रवीन्द्र कुमार तिवारी राजीव अग्रवाल पुत्र महेश कुमार,महेन्द्र पुत्र रामरतन गुरुदेव चक्रपाणि त्रिपाठी पुत्र रमाशंकर त्रिपाठी, निशी सिंह पुत्री रणवीर सिंह,शिवशरण सिंह पुत्र जयकरन सिंह, रामसेवक पुत्र जगन्नाथ,कृष्ण कुमार व्यास पुत्र भगवानदीन व्यास अशोक कुमार पुत्र रामआसरे,संतोष कुमार पुत्र रामप्रसाद,सुधेश द्विवेदी पुत्र लक्ष्मीनारायण तथा समाजवादी पार्टी से वन्दना पत्नी पुष्पेन्द्र सिंह निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचित होने के बाद निर्वाचित संचालकों के साथ ज़िला अध्यक्ष महोबा जितेन्द्र सिंह सेंगर, जिला अध्यक्ष हमीरपुर बृजकिशोर गुप्ता,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया,नगर पंचायत अध्यक्ष कुलपहाड़ वैभव अरजरिया ,पंकज तिवारी, अवधेश गुप्ता, संजीव उपाध्याय, राजेन्द्र चौबे,सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कप्तान ने वाहनों का निरीक्षण कर पुलिस लाइन का मुआयना किया

इटावा। समृद्धि न्यूज



**वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार की परेड की सलामी ली और परेड, डायल 112 एवं परिवहन शाखा के वाहनों का निरीक्षण किया साथ ही पुलिस लाइन का मुआयना कर संबंधित को निर्देशित किया।

शुक्रवार की परेड के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली गई सलामी ग्रहण करने के उपरांत एसएसपी द्वारा पुलिस बल को दौड़ कराई गई एवं टोली बार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आरक्षियों को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए शस्त्र अभ्यास कराया गया तथा उच्च प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को उचित ईनाम से पुरस्कृत किया गया, तत्पश्चात डॉग स्कॉड एवं यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित अतिथि गृह,जीडी कार्यालय, डायल- 112 कार्यालय, शस्त्रागार ,गणना कार्यालय, बैरक, पुलिस लाइन स्थित धोबी शॉप एवं चक्की एवं तेल कोल्हू का निरीक्षण कर संबंधित को साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। साप्ताहिक परेड के उपरान्त महोदय द्वारा पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यतन रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी भरथना एवं प्रतिसार निरीक्षक भी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सरकार ने विरोध के चलते पशुधन उत्पाद आयात निर्यात विधेयक वापस लिया

**इटावा।** विश्व जैन संग़ठन के जिलाध्यक्ष आकाशदीप जैन ने बताया केंद्रीय पशुपालन व डेयरी मंत्रालय द्वारा देश भर में हुये विश्व जैन संग़ठन एवं जीव दया प्रेमियों के भारी विरोध के बाद %पशुधन व पशुधन उत्पाद आयात निर्यात विधेयक 2023 को वापस लिया गया। केंद्रीय पशुपालन व डेयरी राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान द्वारा विधेयक वापिसी की घोषणा की है। विश्व जैन संगठन के पदाधिकारियों ने पशुधन हत्यारा विधेयक वापिसी किये जाने विधेयक वापसी में प्रयास करने वाले सभी जीव दया प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए बधाई देते हुये बताया विधेयक वापसी से सकल जैन समाज मे हर्ष की लहर है। जिलाध्यक्ष आकाशदीप जैन ने कहा कि भगवान ऋषभदेव, श्री राम, श्री कृष्ण, भगवान महावीर, गुरुनानक और ऋषि मुनियों के भारत से जीवित पशुधन व मांस निर्यात का सोचना भी पाप है। समस्त जीव दया प्रेमी ऐसे विधेयक कभी पास नहीं होने देंगे। देश में से सभी यांत्रिक बूचढ़खाने बंद किये जाए। जियो और जीने दो और जीवों पर दया करो का संदेश देने वाले 24वे जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी के निर्वाण के 2550 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन के आव्हान पर वर्ष 2023 में समस्त भारत में महोत्सव का आयोजन किये जा रहे है, ऐसे में पशु हत्यारा विधेयक वापिसी होना वीर प्रभु का मूक प्राणियों को आशीर्वाद है। हर्ष व्यक्त करने वालो में महामंत्री राजीव जैन रपरिया, कोषाध्यक्ष मनोज जैन एलआईसी, मीडिया इंचार्ज नितिन जैन, अर्पित जैन, पिंसू जैन, गौरव कांत जैन, विशाल जैन, सुनील जैन, नीरज जैन, रजत जैन, विकास जैन, शेखर जैन आदि प्रमुख हैं।

### संस्कार भारती की क्षेत्रीय चिंतन बैठक 24, 25 जून को

**इटावा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन एवं कला एवं साहित्य के क्षेत्र में विगत चार दशक से सक्रिय अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की दो दिवसीय क्षेत्रीय चिंतन बैठक का आयोजन इटावा में 24 व 25 जून को होगा। बैठक संयोजन की जानकारी देते हुए संस्कार भारती इटावा के सचिव कुलदीप अवस्थी ने बताया कि दो दिवसीय क्षेत्रीय चिंतन बैठक का आयोजन संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल आलमपुर हौज इटावा में होगा ,जिसमें अखिल भारतीय,पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र तथा विभिन्न प्रांतों के कलासाधकों का आगमन प्रथम बार इटावा जनपद में हो रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आनंद के विशेष सहयोग से यह आयोजन इटावा में फलीभूत हो रहा है। बैठक पूर्व की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए प्रांतीय पदाधिकारी अत्रि दीक्षित ने बताया कि चिंतन बैठक में अखिल भारतीय स्तर के दायित्वधारी राष्ट्र-संस्कृति और कला उन्नयन की भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विचार विनिमय करेंगे। दो दिवसीय प्रवास विद्यालय परिवार में रहेगा। कानपुर बुंदेलखंड प्रांत के प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय ने बताया कि बैठक में अवध प्रांत, गोरक्ष प्रांत, काशी प्रांत ,कानपुर बुंदेलखंड प्रांत के साथ उत्तर प्रदेश के लगभग आधा सैकड़ा वरिष्ठ अधिकारी सहभागिता करेंगे। इकाई अध्यक्ष अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव आयोजन कालखंड के दौरान जनपद में इस तरह की बैठक का आयोजन प्रासंगिक रूप से उल्लेखनीय है। बैठक व्यवस्था हेतु पूर्व तैयारियों में विशेष सहयोगी क्षेत्र संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश सह महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्रा पूर्व राज्य मंत्री, प्रधानाचार्य डॉ आनंद, कृषि इंजीनियरिंग महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिष्ठाता डॉ डी. कुमार, प्रांतीय सदस्य अत्रि दीक्षित, इकाई अध्यक्ष अश्वनी कुमार मिश्र, सचिव कुलदीप अवस्थी, कोषाध्यक्ष इन्द्रनारायण पांडेय, नमिता तिवारी, सौरव सक्सेना, योगेश कटियार, सुवेश, विद्यालय व्यवस्था प्रभारी डॉ हेराल्ड आदि उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद है एमडीआर टीबी का संपूर्ण व सटीक इलाज

**इटावा।** मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट (एमडीआर) टीबी के इलाज के लिए सरकार द्वारा बहुत ही प्रभावी कदम उठाए गए हैं जिसके तहत सटीक और सही इलाज स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद है। मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के इलाज में सरकारी दवा सबसे कारगर है। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के रेसपरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष व राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम उत्तर प्रदेश स्टेट टास्क फोर्स के वाइस चेयरमैन प्रो. डॉ. आदेश कुमार ने बताया- सैफई मेडिकल कॉलेज व टीबी सेंटर पर एमडीआर टीबी रोगियों के इलाज की पूर्ण व्यवस्था और दवा की उपलब्धता है। कभी कुछ टीबी मरीज जिनके ऊपर किसी दवा का असर नहीं हो होता, उन्हें टीबी सेंटर और सैफई मेडिकल कॉलेज में ही 14 दिन के लिए भर्ती किया जाता है। हालत में सुधार होने पर शेष दवाएं घर भेज दी जाती हैं। इलाज पूरा होने तक प्रत्येक टीबी मरीज़ को 500 रुपये प्रतिमाह सरकार की तरफ से पोषण के लिए भी दिए जाते हैं। मरीज़ ध्यान रखें कि दवाओं के सेवन के साथ जल्द स्वस्थ होने के लिए उचित खानपान व्यायाम, योग भी करना चाहिए। तंबाकू, धूम्रपान और किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए जिससे उनकी प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होगी और वह जल्द ही टीबी मुक्त होकर स्वस्थ हो जाएंगे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शिवचरण हैबरम ने बताया टीबी के लिए सबसे अधिक प्रभावकारी दवाओं के ख़िलाफ़ प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाए तो इसे %मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट% टीबी या %एमडीआर% टीबी कहते हैं। यह टीबी का गंभीर रूप है और ऐसे में इलाज में थोड़ी सी भी लापरवाही करना जानलेवा साबित हो सकता है। इस वर्ष जनवरी से अब तक जिले में कुल 2335 टीबी रोगियों को इलाज पर रखा गया है जिनमें से 103 मरीज एमडीआर टीबी के हैं।

### इटावा नगरपालिका परिषद में हुई बोर्ड बैठक

**इटावा।** निकाय चुनाव के बाद इटावा नगरपालिका परिषद में हुई पहली बोर्ड बैठक में पहुंची सदर विधायक सरिता भदौरिया ने सदन में इटावा नगरपालिका को जल्द ही नगर निगम का दर्जा दिलाए जाने को लेकर सरकार के समक्ष प्रस्ताव पेश करने की बात कही।

वही बोर्ड बैठक में राज्य सभा सांसद रामगोपाल यादव के प्रतिनिधि बनकर पहुंचे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता 'संटू' ने नगरपालिका के कई विभागों में अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी ने भ्रष्टाचार को लेकर शासन स्तर पर किसी भी तरह की जांच कराने की बात सदर विधायक से कहीं। उन्होंने कहां कि उनके कार्यकाल में प्रत्येक कार्य नियमों के अनुसार बेहतर तरीके से कराया गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

पनवाड़ी, महोबा। समृद्धि न्यूज



**माँ भारती** के अमर सपूत, शिक्षाविद् व भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर जिला महामंत्री मंगल महान के अस्पताल में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर श्रद्धांजलि दी..!!उपरोक्त अवसर पर भाजपा के मीडिया प्रभारी उपेन्द्र द्विवेदी, राजा दीक्षित, जिला महा मंत्री डॉ मंगल महान इसी प्रकार ब्लाक सभागार में भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को बड़े आदर से भाजपा कार्यकर्ताओ ने मनाया जिसमे वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज द्विवेदी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी, मण्डल अध्यक्ष सन्तोष विश्वकर्मा सहित पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया प्रत्येक बूथ स्तर पर यह बलिदान दिवस मनाया गया डॉ. मुखर्जी जी ने राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता-अखंडता हेतु समर्पित रहा..!! सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अंत्योदय को देश की प्रगति का आधार मानने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान- नहीं चलेंगे% का नारा दिया और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी..!!

### ट्रक में तेज रफ्तार से जा रही ईको कार घुसी दो की मौत

इटावा। समृद्धि न्यूज

**थाना सिविल** लाइन क्षेत्र अन्तर्गत नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक में तेज रफ्तार जा रही ईको कार जा घुसी इस हादसे में बारात से लौट रहे कार सवार दो युवक आशीष और शैलेंद्र की दर्दनाक मौत हो गई घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को निकालकर पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। बताया जा रहा है कि देर रात में थाना जसवंतनगर इलाके के तमेरी गांव के रहने वाले आशीष व शैलेंद्र गांव से इटावा शहर में आई बारात मैं शामिल होने के लिए आए हुए थे और बारात में शामिल होने के बाद जब वह अपने घर वापस जा रहे थे तभी उनकी कार ट्रक से टकरा गई घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन व ग्रामीण मोर्चरी पहुंचे।

# बारिश में गिरे मकानों का प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा



महोबा। समृद्धि न्यूज

जिले में छह घंटे की मूसलाधार बारिश से कई स्थानों पर कच्चे मकान गिरे। बारिश व जलभराव से सबसे ज्यादा नुकसान बम्हौरी बेलदारन में हुआ। यहां कुछ मकान पूरी तरह जमींदोज हो गए जबकि कुछ मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। गांव में 42 कच्चे मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना गुरुवार की शाम डीएम मनोज कुमार, सीडीओ चित्रसेन सिंह, एडीएम नमामि गंगे जुबेर बेग, सीएमओ डॉ. डीके गर्ग व एसडीएम स्वेता पांडेय मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कराते हुए प्रभावित लोगों के लिए खानपान की व्यवस्था कराते हुए पंचायत भवन में ठहरने का इंतजाम किया। देर रात तक जिला प्रशासन की पूरी टीम गांव में मौजूद रही।

# पुलिस लाइन महोबा में पुलिसकर्मियों को दिलायी नशे से आजादी की शपथ



महोबा। समृद्धि न्यूज

**पुलिस** अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर नशा मुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नशा मुक्ति हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम की अध्यक्षता में पुलिस लाइन महोबा में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जनपदीय पुलिसकर्मियों को नशीले पदार्थों का सेवन न करने के साथ-साथ समाज के दूसरे लोगों को भी नशाखोरी से बचाने आदि का संकल्प लेते हुये शपथ दिलायी गयी। पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद स्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी करने वाले एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने समाज में निरंतर फैल रहे नशे को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी नशे को लेकर खासी प्रभावित है । इसे बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को सामने आना होगा, साथ ही नशे के सेवन से शारीरिक एवं पारिवारिक परिवेश पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति भी सचेत किया गया।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

इटावा। समृद्धि न्यूज




**अखिल** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बंसल गुट के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी अवनीश राय को सौंपा।

ज्ञापन में मांग करते हुए कहा गया है ऑनलाइन ट्रेडिंग को बंद करवाइए और देश के 7 करोड़ खुदरा व्यापारियों उनके कर्मचारियों का जीवन बचाइए। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा मांग करता है ऑनलाइन ट्रेडिंग को समाप्त किया जाए और खुदरा व्यापारियों के व्यापार को और परिवारों को बचाया जाए आज खुदरा व्यापारी पूरी तरीके से बर्बादी की कगार पर खड़ा है ऑनलाइन ट्रेडिंग पर प्रतिबंध लगना अति आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन, जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान, जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष राठौर, जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी, जिला उपाध्यक्ष विकास गुप्ता विकी, युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा, युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास बाबू शाक्य, युवा नगर अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, नई मंडी अध्यक्ष सत्येंद्र कुशवाहा, अभिषेक जैन, साक्षी अग्रवाल, विशाल जैन आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

### महिला ने ईमानदारी की मिसाल पेश की

इटावा। भरथना विकास खण्ड क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की एक महिला ने ईमानदारी की मिसाल पेश कर परिजनों सहित पूरे गांव क्षेत्र में ईमानदारी की शौहरत हासिल की है। भरथना विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम करवा खुर्द निवासी भाजपा नेता देवेन्द्र सिंह की धर्मपत्नी राम कुमारी विगत दिवस बुधवार को भरथना डांक घर मे संचालित अपने खाता से भैंस खरीदने हेतु कुछ रुपये निकालने पहुँची थी। उन्होंने कैश काउंटर से विट्रोल भर कर 45 हजार रुपये निकाले थे,कैश काउंटर और आस-पास भीड़ भाड़ अधिक होने के कारण वे कैश काउंटर से प्राप्त नोटों की गड्डियां सुरक्षित रख कर घर पहुँच गईं,और नोटों से भरे बैग को घर में रख दिया। शाम को जब राम कुमारी के पति भाजपा नेता देवेन्द्र सिंह कहीं वाहर से लौटे और भैंस वाले को रुपये देने के लिए पत्नी राम कुमारी से रुपये मांगे तो उन्होंने नोटों से भरा बैग ज्यों का त्यों अपने पति देवेन्द्र सिंह को थमा दिया और जब पति देवेन्द्र सिंह ने बैग मे 45 हजार के स्थान पर 85 हजार रुपये देखे तो उन्होंने पत्नी को पुनः आवाज लगाकर बुलाया और कहा कि तुम से डांक घर से मात्र 45 हजार रुपये निकालने को कहा गया था। तुमने 85 हजार रुपये क्यों निकाले है। जिसपर पत्नी ने उन्हें बताया कि मैने तो विट्रोल 45 हजार का ही भरा था,रुपये भी 45 हजार ही होंगे। फिर पति-पत्नी ने अच्छी तरह नोटों की गड्डियां चैक की लेकिन उनके हिसाब से 40 हजार रुपये अधिक होने पर पति-पत्नी दोनों डांक घर पहुँचे और घटना क्रम बताते हुए उन्हें लिखा पढ़ी के तहत 40 हजार रुपये वापस किये।

# भोगनीपुर गंग नहर में डूबे किशोर को लोगों ने बचाया

इटावा। समृद्धि न्यूज



भागवत कथा के समापन के बाद जवारे विसर्जन करने गए महिलाओं और पुरुषों के साथ एक किशोर नहाने के दौरान भोगनीपुर गंग नहर जसवंतनगर में डूब गया साथ आए लोगों ने किशोर को बचा लिया।

विवरण के अनुसार गांव खेडा धौलपुर के बजरंग बली के मंदिर पर भागवत कथा हुई थी। कथा का समापन के बाद ट्रैक्टरों पर सवार होकर गांव के लोग जवारे विसर्जित करने राजपुर गांव के पास भोगनी पुर गंग नहर पुल के पास गए थे,ग्रामीणों के साथ 16 वर्षीय रामकेश पुत्र विशुन सिंह गांव खेड़ा धौलपुर का रहने वाला भी साथ था,जवारे विसर्जन के दौरान उक्त किशोर अन्य लोगों के साथ नहर में नहाने लगा। गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। तो लोगो मे हड़कंप मच गया। राजपुर गांव के लोगों समेत पास नहा रहे लोगों ने किशोर को बमुश्किल निकाला और आननफानन में परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां से उसे सैफई पीजीआई भेज दिया गया है।

### महिला पुलिस ने मनचलों के खिलाफ शहर में चलाया चेकिंग अभियान

**इटावा।** महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मनचलों अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया जिससे मनचलों में हड़कम्प मच गया।

महिला सुरक्षा विशेष दल ने शहर क्षेत्र अंतर्गत मंदिर, पूजा घर, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटर, सार्वजनिक पार्क आदि के आसपास महिला सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र-छात्राओं, युवक-युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, यूपी 112 इत्यादि की जानकारी दी तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया।

# अर्चना मेमोरियल के मेधावी छात्र अर्पित जेईई एडवांस्ड परीक्षा में हुआ सफल

इटावा। समृद्धि न्यूज

**अर्चना** मेमोरियल इंटर कालेज के प्रतिभाशाली छात्र अर्पित यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने प्रथम प्रयास में ही आईआईटी जी एडवांस्ड 2023 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जनपद और अपने विद्यालय का मान बढ़ाया है।

अर्पित ने सामान्य वर्ग में 4448 व ओबीसी वर्ग में 843 रैंक प्राप्त की है। इससे पूर्व अर्पित ने आईआईटी जी मैंस की परीक्षा में भी शानदार प्रदर्शन कर 98.85 परसेंटाइल प्राप्त किया था।उसने इंटरमीडिएट की पढ़ाई के साथ ही तैयारी प्रारंभ कर दी थी उसने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन व माता पिता के आशीर्वाद को दिया है।पिता सत्यवीर सिंह व माता सुमन देवी अर्पित की इस सफलता से बेहद ही खुश है। मेधावी छात्र अर्पित ने बोर्ड परीक्षाओं में भी शानदार प्रदर्शन किया जिसमे हाईस्कूल परीक्षा में उसने यूपी बोर्ड में प्रदेश स्तर पर सातवां व जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में भी अर्पित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया था।अब अर्पित आईआईटी मुंबई, आईआईटी दिल्ली अथवा आईआईटी कानपुर में से किसी भी संस्थान को चुन सकता है जहां वे आगे की शिक्षा प्राप्त कर सकेगा। इस अवसर पर एसएमजीआई के चेयरमैन एवं विद्यालय के प्रबंधक डॉ.विवेक यादव ने अर्पित को उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या असरा अहमद सहित विद्यालय के सभी अध्यापकों की मेहनत और निष्ठा की सराहना की।प्रधानाचार्या असरा अहमद ने अर्पित को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया।

# पुलिस ने एक लाख के इनामी साइको रेपिस्ट किया गिरफ्तार

- पुलिस और अपराधी के बीच गुरुवार की देर रात हुई मुठभेड़, दुर्दान्त अपराधी के पैर में लगी गोली, जिला अस्पताल में भर्ती
- जनपद कन्नौज और फर्रुखाबाद पुलिस को काफी लम्बे समय से आरोपी की थी तलाश, दोनो जनपदों में आरोपी के खिलाफआठ मुकदमें दर्ज हैं
- उक्त अपराधी ने चार बच्चों के साथ रेप-कुकर्म व हत्या की घटना को दिया था अंजाम







**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**गुरुवार** की देर रात गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने दुर्दान्त अपराधी साइको रेपिस्ट को मुठभेड कर गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान उक्त आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त अपराधी के खिलाफचार बच्चों के साथ रेप व कुकर्म का आरोप है। इनमें से दो बच्चों की उसने कुकर्म के बाद हत्या कर दी थी। जनपद फर्रुखाबाद समेत कन्नौज जनपद की पुलिस उसे काफी समय से तलाश कर रही थी। उक्त अपराधी के खिलाफ जनपद फर्रुखाबाद और कन्नौज में आठ मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया कि मुठभेड़ में पकड़ा गया आरोपी जनपद फर्रुखाबाद के खुदागंज का निवासी रामजी वर्मा है। रामजी वर्मा ने आठ माह पूर्व थानाा गुरसहायगंज में बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसे मरणासन्न हालत में फेंक दिया था। आरोपी हुलिया बदलकर फर्रुखाबाद और कन्नौज में घूम-घूमकर बच्चों की रेकी करता था और मौका पाकर उनके साथ दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम देकर हत्या कर देता था। एसपी ने बताया कि गुरुवार की रात गुरसहायगंज थाना पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक लाख का इनामी दुर्दान्त अपराधी रामजी वर्मा चोरी-छिपे घूम रहा है। सूचना मिलते ही गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान की घेराबंदी कर ली। पुलिस टीम से खुद को घिरा देखकर शातिर अपराधी रामजी ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। बचाव में पुलिस ने भी फायरिंग की। पुलिस द्वारा की गई फायरिंग से एक गोली उक्त अपराधी के पैर में जा लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। उसके गिरते ही पुलिस टीम ने उसे घेर कर दबोच लिया। पुलिस गोली से घायल हुए उक्त अपराधी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पास से पुलिस को तमंचा और कारतूस भी मिले हैं।

इनसेट

जब नाबालिग था रामजी वर्मा तभी से अपराधिक घटनाओं में था लिप्त

पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया साइको रेपिस्ट रामजी वर्मा बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। उसने नाबालिग रहते हुए अपराध जगत में कदम रख दिया था। पहली वारदात फर्रुखाबाद के कमालगंज में 23 फरवरी 2018 की है। यहां पर सात साल का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था, तभी लापता हो गया। दोस्त भी कुछ बता नहीं पा रहे थे। परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन फिर मिलने की उम्मीद खो दी। कुछ दिनों बाद बच्चे के घर के पीछे खून से सना बोरा मिला। लोगों की जानकारी पर पुलिस पहुंची। बोरे में से बच्चे का शव मिला। उसके शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था। शरीर पर ढेरों घाव थे। चेहरे पर खरोंच के निशान भी मिले। पोस्मार्टम रिपोर्ट में बच्चे के साथ कुकर्म की पुष्टि हुई। इस घटना में पुलिस पड़ताल के दौरान रामजी वर्मा का नाम सामने आया था। पुलिस ने उस पर केस भी दर्ज किया था। दूसरी वारदात कन्नौज के सदिकापुर में दो मार्च 2018 को होली के दिन छह साल का एक बच्चा लापता हो गया। वह पास की दुकान से पिचकारी लेने गया था। घर लौटते समय रास्ते से अगवा कर लिया गया। दूसरी सुबह बच्चे का शव घर के बाहर बोरी में मिला। उसके शरीर पर भी कई सारे चोट के निशान थे। शरीर से खून भी निकल रहा था। रिपोर्ट में कुकर्म के बाद गला कसकर हत्या की बात सामने आई है। इसमें भी रामजी वर्मा का नाम सामने आया। तीसरी वारदात गुरसहायगंज में तीन मार्च 2018 को हुई। आरोपी गुरसहायगंज पहुंचा, यहां पर फिर से उसने दरिंदगी की कोशिश की, लेकिन इस बार वो पकड़ा गया। होली के एक दिन बाद यहां एक बच्ची अपने घर के सामने से गायब हो गई तब परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की। तभी कुछ लोगों को चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। पूछने पर पता चला कि एक लड़का एक छोटी सी बच्ची के साथ खेत में गलत काम करता हुआ पकड़ा गया है। उसने बच्ची के साथ मारपीट भी की है। परिजन और पुलिस दोनों मौके पर पहुंचे। लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने कन्नौज और फर्रूखाबाद जिले के कमालगंज में कुकर्म के बाद की गई दो बच्चों की हत्याओं का जुर्म भी कबूल लिया। इसके बाद साल 2018 में ही पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। इन वारदातों के समय रामजी नाबालिग था। इस कारण उसे जुवेनाइल जेल में रखा गया था। चार साल बाद 2022 में बालिग होने पर आरोपी रामजी को जेल में शिफ्ट कर दिया गया।

### जमानत मिलने के बाद कन्नौज में बच्ची को बनाया शिकार

वर्ष 2022 में राम जी वर्मा जमानत पर बाहर आ गया। जेल से बाहर आते ही इसने कन्नौज में 23 अक्टूबर 2022 को चौथी घटना को अंजाम दिया। लगभग आठ माह पहले गुरसहायगंज थाना क्षेत्र में डाक बंगला गेस्ट हाउस के पीछे 13 साल की बच्ची खून से लथपथ मिली थी। बच्ची तड़प रही थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजन पहुंचे तो जांच शुरू हुई। सीसीटीवी में आरोपी की पहचान रामजी वर्मा के रूप में हुई। पुलिस तभी से उसकी तलाश कर रही थी। सीसीटीवी में वह बच्ची के साथ बात करते हुए सड़क पर जाता नजर आ रहा था। आरोपी रामजी को पकड़ने के लिए पुलिस ने कई दिनों तक दबिश दी थी, लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं लग सका। आरोपी को पकड़ने के लिए सात नवम्बर 2022 को पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित करते हुए उसे वांटेड करार देते हुए पकड़ने के लिए पुलिस ने पोस्टर जारी किया था।

# क्षय रोग उन्मूलन में कन्नौज को मण्डल में मिला तीसरा स्थान

- टीबी नोटिफिकेशन समेत नौ बिंदुओं पर हुआ मूल्यांकन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**राष्ट्रीय** क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) में बेहतर योगदान के लिए कन्नौज जिले को कानपुर मण्डल में तीसरा स्थान मिला है । यह रैंकिंग माह जनवरी से मई के बीच हुए टीबी नोटिफिकेशन समेत नौ बिंदुओं पर मूल्यांकन के बाद मिली है। उक्त जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डा. केपी त्रिपाठी ने दी।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि मण्डल में कन्नौज जनपद कुल 81.4 स्कोर पाकर तीसरे स्थान पर, वहीं कानपुर देहात 83.8 स्कोर के साथ पहले व कानपुर नगर 78.4 अंक के साथ छठवें नंबर पर रहा । उन्होंने बताया की टीबी स्कोरिंग नौ बिंदुओं में प्रदर्शन के आधार पर की जाती है। इन बिंदुओं में टीबी नोटिफिकेशन, सीबीनॉट जांच, उपचार सुरक्षा दर, निक्षय पोषण योजना के तहत भुगतान, ड्रग रेसिस्टेंट टीबी उपचार, खर्चे, टीबी प्रिवेंटिव ट्रिटमेंट और एचआईवी मरीजों के लिए टीबी प्रिवेंटिव ट्रीट मेंट शामिल हैं। उन्होंने जिले के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने और टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में सामुदायिक सहयोग की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने आम जन से अपील करते हुए कहा कि घर या आस पड़ोस में किसी को दो सप्ताह से अधिक खांसी आ रही है, शाम को बुखार चढ़ता है, पसीने के साथ बुखार होता है, बलगम में खून आ रहा है, तेजी से वजन घट रहा है और भूख भी नहीं लगती है तो वह टीबी का संभावित मरीज हो सकता है। ऐसे संभावित व्यक्तियों को जांच कराने में सहयोग कर टीबी के प्रसार को रोका जा सकता है। यह जांच नजदीकी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरीय स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल कन्नौज और तिर्वा मेडिकल कॉलेज में की जा रही है। बलगम जांच में टीबी की पुष्टि न होने पर एक्सरे जांच से टीबी का पता लगाया जाता है। एक बार टीबी की पुष्टि हो जाने के बाद सीबीनॉट मशीन से जांच करा कर पता लगाया जाता है कि मरीज ड्रग रेसिस्टेंट टीबी से तो पीड़ित नहीं है। दोनों ही स्थिति में मरीज ठीक हो जाता है। मरीज को डरने की जरुरत नहीं है। टीबी रोगी को नियमित डॉक्टर द्वारा बताए अनुसार ही दवा का सेवन करना है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि एक बार टीबी मरीज नोटिफाई होकर जब निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत कर लिया जाता है तो उसे कई योजनाओं का लाभ मिलता है। उसकी एचआईवी व मधुमेह की जांच कराई जाती है। इलाज चलने तक 500 रुपये प्रति माह की दर से पोषण के लिए खाते में पैसे भेजे जाते हैं। इसके अलावा जरूरतमंद मरीज को निक्षय मित्र गोद लेकर उसे पोषण पोटली व सम्पूर्ण इलाज तक दवा सेवन करने में सहयोग करते हैं। इससे उसे अतिरिक्त पोषण व मानसिक सम्बल मिलता है। पीपीएम पूनम दुबे ने बताया कि जनपद में इस समय 1914 टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया की नये टीबी मरीज की सूचना देने वाले निजी चिकित्सकों और गैर सरकारी व्यक्तियों को भी पांच सौ रुपये खाते में देने का प्रावधान है। टीबी मरीजों के सम्पर्क में आने वाले लोगों की जांच करा कर टीबी न होने की दशा में भी टीबी प्रिवेंटिव ट्रिटमेंट (टीपीटी) के तहत छह माह तक बचाव की दवा खिलाई जाती है ।

# कलेक्ट्रेट में इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर हुआ चालू

- अब इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम जनता से जुड़ी हर प्रकार की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी
- अपर जिलाधिकारी ने कंट्रोल कमांड सेंटर का किया निरीक्षण, दी जानकारी



कंट्रोल कमांड सेंटर का निरीक्षण करते एडीएम आशीष कुमार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**कलेक्ट्रेट** में इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर हुआ चालू हो गया है। अब इसके माध्यम जनता से जुड़ी हर प्रकार की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। यूपी 112 की तर्ज पर संचालित होने वाले कंट्रोल कमाण्ड सेंटर में 24 घंटे कर्मियों की तैनाती रहेगी। जो समस्याओं को सुनकर तत्काल समाधान करने की कार्रवाई करेंगे।

उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर के निरीक्षण दौरान दी। उन्होंने बताया कि इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर का नोडल अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश कुमार को बनाया गया है। कमांड सेंटर में अभी गौशाला प्रकोष्ठ को चालू किया गया है। यहां दो कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई हैस कहा कि यहा के दो आपात नंबर 7080368123 तथा 8429393123 जारी किए गए हैं। साथ ही बताया कि गोवंश प्रकोष्ठ पोर्टल एप का निर्माण कराया गया हैं। निराश्रित आवारा गोवंश के संबंध मे जारी किए गए लिंक पर जाकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। कहा कि कंट्रोल सेंटर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए निराश्रित आवारा सड़कों पर घूम रहे गोवंशो को पकड़वा कर संबंधित क्षेत्र की गौशाला में भेजा जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि कंट्रोल सेंटर में कानून व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें भी सुनी जाएंगी। बताया कि यह योजना समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री एवं सदर विधायक असीम अरुण की पहल पर शुरू की गई है। इस कंट्रोल कमाण्ड सेंटर में प्राकृतिक आपदा, परीक्षा व्यवस्था, किसी दुर्घटना की स्थिति में एक ही स्थान पर तैनात कर्मचारियों से संपर्क कर समस्या का समाधान पाया जा सकेगा। आपदा के समय शिकायत मिलने पर राहत दी जाएगी। यहां फोन करने पर तुरंत रिस्पांस मिलेगा और समाधान भी। कहा कि सेंटर में आने वाली समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जाएगी। शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जनता से फीडबैक भी लिया जाएगा।

## क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर चले लाठी-डंडे दो घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज**। कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़िया कछपुरा निवासी रामकृष्ण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही कल्याण सिंह, जमुना देवी, सगुना देवी ने विमला देवी के घर में घुसकर उनके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। दूसरा मामला क्षेत्र के ग्राम गोरियाताल निवासी प्रदीप का है। उन्होने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के ही सर्वेश और राजीव ने मामूली विवाद को लेकर उसके साथ अभद्रता कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ितों की तहरीर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खबरें चलते-चलते

### एएसपी के आदेश पर दहेज उत्पीड़न के दो मुकदमे दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज**। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिताओ के साथ अभद्रता करते हुए उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िताओं ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली कन्नौज क्षेत्र के ग्राम नारायणपुरवा निवासी राधा देवी ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया है कि दो वर्ष पूर्व उसका विवाह गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बदलेपुरवा निवासी शैलेंद्र कुमार के साथ हुआ था। शादी के बाद ही पति शैलेंद्र, ससुर पुत्ती लाल, सास मीनू, ननंद गुड्डी व आरती ने दहेज में एक मोटरसाइकिल एवं 50 हजार नगदी की मांग करने लगे। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने 15 जून की रात उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की और धमकी दी। दूसरे मामले में गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम समधन निवासी जैनम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि विगत दिनों पूर्व उसका विवाह इशरत निवासी जरारी भड़ौसा के साथ हुआ था। शादी के बाद पति सहित सास जाबिरा, जेठानी परवीन, जेठ चंदा ने एक मोटरसाइकिल एवं दो लाख की नकदी की मांग की। विरोध करने पर लोगों ने अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। साथ में जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने अपर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दोनों पीड़ितों के ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### युवती से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज**। पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही 4 लोगों ने युवती से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी काजल पुत्री वीरेंद्र यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार को शाम 05 बजे पुराने विवाद को लेकर गांव के ही विवेक, सिवेक, आदेश पुत्रगण रामतीर्थ, हरमोहन पुत्र सुंदरलाल ने पीड़िता के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उक्त दबंगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध युवक का शव रोड के किनारे मिलने मिला

**सौरिख कन्नौज**। युवक का शव पड़ा होने से हड़कंप मच गया राहगीरों ने मामले की सूचना परिजनों को दी मौके पर पहुंचे परिजनों में चीखपुकार मच गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सौरिख कुसमरा मार्ग पर सुबह सड़क किनारे युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया मृतक की शिनाख्त राजू पुत्र रघुवीर सक्सेना 50 वर्ष निवासी ईजलपुर के रूप में हुई।राहगीरों ने मामले की सूचना परिजनों को दी मौके पर पहुंचे परिजनों में चीखपुकार मच गई मृतक छिबरामऊ में रहकर ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### अस्थाई संविदा कर्मियों ने निकाले जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोष व्यक्त किया

**सौरिख कन्नौज**। स्वास्थ्य केंद्र में तैनात अस्थाई संविदा कर्मी ने अपने जनपद में कार्यरत साथियों के साथ अस्थाई संविदा कर्मियों के हटाए जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोष व्यक्त किया कस्बा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य शुक्रवार को केंद्र में तैनात सुनील कुमार प्रदीप कुमार एल टी जिन्हें कोरोना काल में अस्थाई संविदा कर्मी के तौर पर गरुणा इंटरप्राइजेज लखनऊ से भर्ती पूरे जनपद में हुई थी जिसमें डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं लैब टेक्नीशियन में कार्यरत थे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन लखनऊ द्वारा सभी कन्नौज जनपद के अस्थाई संविदा कर्मियों के कार्यकाल को 30 जून समाप्त करने का आदेश भेजा गया जिसको सुनते ही अस्थाई संविदा कर्मियों में खलबली मच गई और संविदा कर्मी कोरोना काल में कार्य करने की दुहाई देने लगे इसके उपरांत सभी अस्थाई संविदा कर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोष व्यक्त करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में कोविड-19 अस्थाई संविदा कर्मचारी लगभग 9हजार 500 हैं जिन्हें शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक निकाला जाएगा जिसको लेकर जनपद के लगभग 36 कर्मचारी हैं जिसमें ऑपरेटर लैब टेक्नीशियन कार्डियोलॉजी ओटी टेक्निशियन व डॉक्टर और बताया हम लोगों को बाहर निकाला जाए किसी भी तरीके से समायोजित किया जाए इस मौके पर डॉ योगेंद्र मिश्रा नीलेश मिश्रा सुनील प्रदीप अखिलेंद्र अखिलेश मुमितो आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दी

**पैलानी**। वृद्ध ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में गमछे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह पड़ोस की ही एक किशोरी ने उसका शव फंदे पर लटकता हुआ देखा तो परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुत्र ने आनन-फानन शव को फंदा काटकर नीचे उतार लिया। पुलिस ने पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि वृद्ध नशे का आदी था। थाना क्षेत्र के डांड़ामऊ गांव के मजरा चौकी पुरवा निवासी रामरतन पुत्र शिवबली ने गुरुवार की रात कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में अगौछे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह वहां से गुजर रही पड़ोस की ही एक किशोरी ने देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। किशोरी ने घटना की जानकारी मृतक के पुत्र राजू को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुत्र ने आनन-फानन फंदा काटकर शव को नीचे उतार लिया। मृतक के पुत्र राजू ने बताया कि उसका पिता मजदूरी करता था। उसका बटवारा हो चुका था।

# पीड़िता से मिले पुलिस अधीक्षक, नागरिकों ने किया स्वागत

- पुलिस टीम की प्रशंसा कर, आरोपी को फांसी देने की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**बालिका** के साथ दुष्कर्म व हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी को पुलिस टीम ने मुठभेड़ कर धर दबोचा। जिससे पीड़ित परिवार सहित स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। नागरिकों ने सम्मान समारोह का आयोजन कर पुलिस अधिकारियों सहित दिन रात कड़ी मेहनत करने वाली टीम को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।



एसपी का स्वागत करते भाकियू सावित्री के जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता

शुक्रवार की देर शाम नगर पहुंचे पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार, सीओ सदर डॉ. प्रियंका बाजपेई ने पीड़िता से मुलाकात कर हाल जाना और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर जानकारी दी। जिस पर पीड़िता की खुशी का ठिकाना न रहा। अधिकारियों ने पीड़िता को उपहार व बुके भेंट किया। जिसके बाद नगर के तिराहे पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों सहित आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर दिन-रात कड़ी मेहनत करने वाली पुलिस टीम को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता के विश्वास और सहयोग के कारण ही आज आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। यदि किसी तरह जनता पुलिस का सहयोग और विश्वास कायम रखें तो कोई भी अपराधी ज्यादा दिन तक पुलिस की पकड़ से दूर नहीं रह सकता है। पुलिस आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने दिलवाने का प्रयास करेगी। इस दौरान शहर काजी हाफिज जुम्मन, मकबूल अहमद, अवधेश गुप्ता राजू, हाशिम अली, लकी, पूर्व सभासद मोहम्मद शमशाद, सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद सिराज, ताज आलम, सरफराज, सानू, राशिद आदि लोग मौजूद रहे।

# आगामी एक जुलाई से पूरे माह चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

- अभियान की सफलता के लिए कलेक्ट्रेट सभागार मे डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक
- दस्तक परववाड़े के दौरान फाइलेरिया रोगियों को भी किए जायेगा चिन्हीकरण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**आगामी** एक से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह और दस्तक अभियान को सफल बनाए जाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग मिलकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाएं। डीएम ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि अपने घर के आस-पास कहीं भी जलभराव न होने दें, पानी भरे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दें, जिससे मच्छरों को पनपने का मौका नहीं मिलेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनोद कुमार ने कहा कि पिछला संचारी रोग नियंत्रण माह 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया गया था। उसी तर्ज पर 1 जुलाई से शूरू होने वाले संचारी रोग नियंत्रण माह की पूरी तैयारी कर ली गई है। अन्य विभागों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने का प्रयास किया जायेगा। सीएमओ ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण माह 1 जुलाई से 31 जुलाई तक एवं 17 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया दस्तक अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता सावधानी रखते हुए लोगों को मलेरिया, डेंगू, चिकिनगुनिया, फाइलेरिया, टीबी से बचाव के बारे में बेहतर तरीके से जागरूक करें। सीएमओ ने कहा कि अगर हम अपने घर के आस पास सफ़ाई रखेंगे तो संचारी रोगों को पनपने का मौका ही नहीं मिलेगा। वेक्टर बार्न डिजीज के नोडल अधिकारी डॉ बृजेश शुक्ल ने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी द्वारा घर घर जाकर लोगो को संचारी रोगों से बचाव के उपाय, लक्षण एवं निकटतम स्वास्थ्य केंद्र के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएंगी। इस दौरान आशा कार्यकर्त्ताओं द्वारा दिमागी बुखार के लक्षणों एवं उपचार के विषय में समुदाय को जागरूक किया जाएगा। आशा द्वारा घरो के अंदर प्रवेश कर मच्छरों के पैदा होने वाली परिस्थितियों का निरीक्षण किया जाएगा। मलेरिया जाँच में भी आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सहयोग किया जाएगा। साथ ही कॉविड 19 रोग के प्रसार की स्थिति के चलते कई बच्चे टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। ऐसे वंचित बच्चो की सूची भी आशा कार्यकर्ताओं द्वारा गृह भ्रमण के दौरान तैयार की जायेगी।



बैठक में मौजूद डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व सीएमओ डा. विनोद कुमार

जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) डा. हिलाल अहमद खान ने बताया कि इस चरण में आशा कार्यकर्ता द्वारा पहली बार दस्तक अभियान के अंतर्गत फाइलेरिया रोगियों की भी खोज की जाएगी इसके अतिरिक्त बुखार खांसी तथा सांस लेने में दिक्कत या परेशानी की शिकायत वाले रोगियों की भी खोज की जाएगी तथा उन्हें कोविड जांच हेतु संदर्भित करेंगी। साथ ही इस दौरान टीबी रोगियों, कुष्ठ व कालाजार रोगियों की खोज और कुपोषित बच्चों की सूची भी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता द्वारा बनाई जाएगी। इस कार्य को सफल बनाने हेतु विकास खंड अधिकारी, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग ग्राम पंचायत व ग्राम प्रधान, नगर निगम एवं नगर पंचायत आदि का विशेष सहयोग रहेगा। बैठक में डीएमसी आशुतोष वाजपेई एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ ही अन्य विभाग के लोग मौजूद रहे।

# गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 10 हजार का ईनामी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट में वांछित 10 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। आरोपी पर 6 मुकदमे पहले से ही दर्ज है।



शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार चौबे, निरीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह सोलंकी, व0उ0नि0 अवध नारायण पाण्डेय, उपनिरीक्षक विद्या सागर तिवारी ने अपने हमराहों के साथ मुखबिर की सूचना पर रात्रि 11:45 पर नेपाली ग्राउंड छोटा बंगशपुरा के पास से गैंगस्टर एक्ट में वांछित 10 हजार के ईनामी पप्पू उर्फ रामप्रसाद पुत्र नवल किशोर निवासी जंगबाज खां को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर एक थाना मऊदरवाजा व पांच मुकदमे शहर कोतवाली में दर्ज है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

# विद्युत विभाग के जेई, एसडीओ सहित चार पर याचिका दायर



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्युत विभाग के एसडीओ, जेई व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते हैं युवक टूटे पड़े तार की चपेट में आने से मृत्यु हो जाने पर पीड़ित पिता ने विद्युत विभाग के एसडीओ, जेई व दो अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई।

जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर के ग्राम सिधौली निवासी डेम्पा पुत्र करीम खां ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि मेरा 14 वर्ष पुत्र इस्माइल 26 मई को सुबह 11 बजे घर से सड़क की तरफ जा रहा था। जहां 1 दिन पूर्व बिजली का तार टूट गया था जो पड़ा, था मेरा पुत्र उसकी चपेट में आ गया। टूटे पड़े तार में लाइन चालू होने के चलते विद्युत सप्लाई आ रही थी। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया और मरणासन हो गया। घटना की जानकारी होते ही मैं व मीना, पप्पू आदि लोग वहां भागकर पहुंचे। लकड़ी के डंडे से तार किसी तरह हटाया और एंबुलेंस से अपने पुत्र को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। विद्युत तार टूटे होने की जानकारी पूरी तरह से जेई रंग लाल पाल, एसडीओ व दो अन्य कर्मचारियों को थी, लेकिन उसके बावजूद तार को नहीं जोड़ा और लाइन भी नहीं काटी। लाइन चालू होने के चलते उस में बिजली आ रही थी, जबकि विद्युत विभाग के सभी लोगों को यह बात मालूम थी कि कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है, उसके बावजूद विद्युत तार नहीं जोड़ा गया। जिसकी लापरवाही के चलते मेरे पुत्र की मौत हो गई।

## पुलिस ने वारंटी को दबोचा

**फर्रुखाबाद (सं.)।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना नवाबगंज पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चला रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर वारंटी हरिओम निवासी ग्राम त्योरी इस्माइलपुर थाना नबाबगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# महिला बोली साहब प्रेमी से हमारे बच्चे दिलवा दीजिए, हम पहले पति के साथ रहेंगे

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** पांच वर्ष पूर्व पति को छोड़कर एक बच्चे की मां प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गयी। महिला एक बेटी को जन्म देने के बाद प्रेमी की प्रताड़ना से तंग आकर अब पहले पति के साथ रहने के लिए तैयार है। प्रेमी द्वारा महिला के दोनों बच्चे ना दिए जाने पर पीड़िता ने तहरीर देकर अपने बच्चे प्रेमी से दिलाए जाने की मांग की। थानाध्यक्ष ने जांच कर न्याय दिलाने का पूरा भरोसा दिया।

वर्ष 2010 में राधे निवासी नगरा खानपुर थाना गोकुल बेहटा जनपद हरदोई ने अपनी पुत्री माधुरी की शादी विनोद पुत्र दयाराम जाटव निवासी ग्राम उजरामऊ थाना राजेपुर जनपद फर्रुखाबाद में की थी। विनोद दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। शादी के बाद वह अपनी पत्नी माधुरी को भी साथ लेकर दिल्ली में रहने लगा। पड़ोस में थाना अमृतपुर के अंतर्गत गांव गनुआ



प्रार्थना पत्र दिखाती पीड़ित महिला

गलारपुर निवासी छोटेलाल से माधुरी का प्रेम प्रसंग हो गया। कोर्ट मैरिज के बाद वह अपने 7 वर्षीय पुत्र सोनम को लेकर पांच वर्ष पूर्व अपने प्रेमी के साथ रहने लगी। इसी बीच प्रेमी के संसर्ग से एक पुत्री अर्नव का जन्म हुआ। प्रेमी द्वारा शराब पीकर प्रताड़ित किए जाने से तंग आकर अब माधुरी अपने पहले पति के साथ रहने को तैयार है, लेकिन प्रेमी छोटेलाल उसके दोनों बच्चों को देने को तैयार नहीं है। वहीं थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद ने तहरीर लेकर मामले की जांच कर न्याय दिलाने का पूरा भरोसा दिया।

# प्रोन्नति ऐरियर व मंहगाई भत्ता को लेकर सौंपा ज्ञापन

- स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने 10 सूत्रीय मांगपत्र में रखीं समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार वाल्मीकि ने समस्याओं को लेकर दस सूत्रीय ज्ञापन अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गयी है कि सेवानिवृत्त संविदा बैकलॉक सफाई कर्मचारी, ठेका ट्रैक्टर चालक की समस्याओं का निराकरण किया जाये, नगर पालिका में नियमित सफाई कर्मचारियों को वरिष्ठता सूची के आधार पर प्रोन्नति कर सफाई नायक बनाया जाये, पूर्व में बैकलॉक सफाई कर्मचारियों को प्रोन्नति कर बाबू बनाया गया, बाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारियों का समायोजन व सफाई नायक नहीं बनाया गया। देश भावना के चलते ठीक नहीं है। संविदा कर्मचारियों का साप्ताहिक अवकाश पूर्व की भांति दिया जाये, बैकलॉक सफाईकर्मी जो प्रत्येक सर्किल से लिये गये हैं इन्हीं के क्षेत्रों में भेजकर ट्रैक्टर से कूड़ा उठवाया जाये, पालिका के किसी भी सफाई कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु होने पर कंडोलेंस किया जाये, कर्मचारियों को महंगाई भत्ता, ऐरियर बकाया है उसे दिया जाये, महिला कर्मचारियों को उनके छोटे बच्चे स्कूल जाने की दृष्टि से 7 बजे कार्य पर बुलाया जाये, बैकलांक सफाई कर्मचारियों के भत्ते, ऐरियर का भुगतान जीपीएस खाते में नहीं भेजा गया।

फंड भी नहीं काटा जा रहा है। कर्मचारियों को एनएससी बनाकर उपलब्ध करायी जाये, समय-समय पर महंगाई भत्ते का ऐरियर जुलाई 2020 व 21 से 14 प्रतिशत, अगस्त 2021 से नवंबर 2021 तक 3 प्रतिशत, जनवरी 2022 से जुलाई 2022 तक 3 प्रतिशत, दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 तक 4 प्रतिशत भत्ता दिया जाये, सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारियों को भत्ते का भुगतान दिया जाये आदि मांगों को पूरा किया जाये। इस मौके पर दीपक, बाबू, रामलखन वाल्मीकि मौजूद रहे।

## लोकतंत्र सेनानी 25 जून को मनायेंगे काला दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आपातकाल लोकतंत्र सेनानी समिति के प्रदेश अध्यक्ष बृजकिशोर मिश्रा ने पत्र जारी कर कहा भारतीय इतिहास में 25 जून 1975 काला दिवस के रुप में सदैव स्मरण किया जायेगा। जब अपनी सत्ता और कुर्सी सदा सर्वदा के लिए बनाये रखने की नियत से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल घोषित कर दिया और देश के बुद्धिजीवियों तथा अपने विरोधी राजनेताओं को मीसीडीआईआर के अंतर्गत कारागार में बंद कर दिया। देश की आजादी तानाशाह न छीन ली और आपातकाल लगा दिया। 25 जून को काला दिवस के रुप में मनाया जाता है। प्रेस क्लब लखनऊ में जिलाधिकारी लखनऊ के आवास के पास के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में शाम 4 बजे कार्यक्रम होगा। जिसमें लोकतंत्र सेनानी दी जलाकर आपातकाल के विरुद्ध अपनी आबाज बुलंद करेंगे और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही उन्हें सुविधायें देने के लिए ज्ञापन दिया जायेगा। साथ ही वक्तागण लखनऊ में अपने विचार रखेंगे।

# थानाध्यक्ष ने फ्लैगमार्च कर परखी कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था



नगर में फ्लैगमार्च करते थानाध्यक्ष व पुलिस फोर्स

- शराब ठेकों पर भीड़ लगाये लोगों को दी कड़ी चेतावनी
- व्यापारियों को दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरे व ट्यूबलाइट लगवाने के दिये निर्देश

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** थानाध्यक्ष ने फ्लैग मार्च कर जहां व्यापारियों को सुरक्षा का एहसास कराया, वहीं अराजकतत्वों को चेतावनी दी सुधर जाओ वरना हम सुधार देंगे।

जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद ने कस्बा में पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च कर कस्बा व्यापारियों को सुरक्षा का एहसास कराया। वहीं ठेका देसी शराब, अंग्रेजी शराब तथा चौराहे पर खड़े अराजकतत्वों को चेतावनी देते हुए कहा सुधर जाओ वरना हम सुधार देंगे।

थानाध्यक्ष ने फ्लैग मार्च के दौरान सर्राफा व्यापारियों से लेकर अन्य व्यापारियों से संपर्क कर सुरक्षा के हिसाब से सीसीटीवी कैमरा लगवाने के साथ दुकान के बाहर ट्यूब लाइट बल्ब लगाने की सलाह दी। इसके साथ ही व्यापारियों से कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़े, तो तत्काल पुलिस को सूचना करें। पुलिस हर समय आपकी सेवा में तत्पर है। वहीं भ्रमण के दौरान पुलिस फोर्स देखकर ठेका देशी शराब व अंग्रेजी शराब की दुकानों में पुलिस को देखकर शराबियों में भगदड़ मच गई। थानाध्यक्ष ने शराबियों को चेतावनी दी कि शराब पीना है तो घर ले जाकर पियो। यद्यपि शराब पीकर यहां कस्बा में शांतिभंग करने की गुस्ताखी को तो किसी कीमत में बक्से नहीं जाओगे। थानाध्यक्ष के प्रेमपूर्वक समझाने से प्रभावित शराबियों ने हाथ जोड़कर सम्मान पूर्वक दोबारा ऐसी गलती ना करने का वादा किया। थानाध्यक्ष ने जनता से भी अपराध पर अंकुश लगाने में सहयोग करने की अपील की।

# खबरें चलते-चलते

## वोल्टेज की समस्या से अन्ना हजारे पार्क के निवासी परेशान

**फर्रुखाबाद (सं.)।** गत दो सप्ताह से बिजली की पावर सप्लाई में निरन्तर वोल्टेज में अस्थिरता के कारण आवास विकास कालोनी के अन्ना हजारे पार्क और चन्द्रशेखर पार्क के निवासी भीषण गर्मी के कारण परेशान हैं। वोल्टेज में विखण्डन के कारण समर्सिबिल, टिल्लू पम्प आदि के न उठने के कारण पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। जिससे पार्क के निवासी इधर उधर लगे हैंडपंपों से पानी भरने को मजबूर हैं। पार्कवासियों ने कई बार लकूला पावर हाउस के कनिष्ठ अभियन्ता विजय शंकर यादव से मौखिक शिकायत की। दिनांक 19 जून को उपखण्ड अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया, परन्तु समस्या अभी भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। पार्कवासियों ने मांग की दोनों पार्कों का लोड जिस ट्रांसफार्मर पर है, उसे बदला जाये और अधिक लोड क्षमता वाले ट्रांसफार्मर को लगाया जाए। यदि एक सप्ताह के अन्दर इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ तो पार्क के निवासी जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह और मुख्यमन्त्री पोर्टल पर शिकायत करने के लिए बाध्य होंगें।

## दुकान पर कब्जे को लेकर याचिका दायर

**फर्रुखाबाद (सं.)।** नेहरु रोड स्थित कटरा भैरोनाथ में सर्राफा मार्केट है। मार्केट में राकेश रस्तोगी के किरायेदार सूरज सिंह पुत्र रामचंद्र हैं। 10 मई को उनका नाती कृष्णा दुकान खोलने गया, तो वहां राकेश रस्तोगी के अलावा अन्य लोग सचिन, मिन्टू आदि ने जबरन शटर काटकर इंटरलॉक लगवा दिया और दुकान में ताले डाल दिये। 15 मई को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर सूरज सिंह ने मांग की है कि दुकान में इंटरलॉक लगाने के दौरान तीन किलो चांदी व 100 ग्राम सोना लूट लिया गया और दुकान पर जबरन कब्जा किया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाही करने के लिए शहर कोतवाल को निर्देश दिये थे। साथ ही जांच के लिए विधायक सुशील शाक्य ने भी सूरज सिंह की पैरवी की। इतने दिन बीत जाने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, तो उन्होंने न्यायालय की शरण ली और याचिका दायर की।

# ब्लाक कायमगंज में पेयजल व स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न



पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के बारे में जानकारी देते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से उजाला वेलफेयर सोसाइटी ने जिले के विकास खण्ड कायमगंज में आयोजित दो दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, जिला पंचायत सदस्य, सामाजिक अभिरूचि रखने वाले नागरिकों के क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में जिला समन्वय अखिलेश जयसवाल, लव कुमार ने कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी एवं ब्लाक कोआर्डीटर लक्ष्मी जयसवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य वक्ता अमर सिंह ने किया।

# डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को बलिदान दिवस पर किया याद



श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवाभाव को आधार बनाकर भारतीय जनसंघ की स्थापना करना वाले डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया गया। भाजपा पूर्वी मंडल के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा के निवासी तलैया फजल इमाम में कायकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। अभिषेक त्रिवेदी ने कहा राष्ट्रोत्थान व सेवाभाव के लिए जीवन भर समर्पित रहे जनसंघ के जनक श्यामा प्रसाद अपने आप में एक शख्शियत थे। उन्होंने जीवन भर संघर्ष किया। इस मौके पर पूर्वी मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समर कैम्प में विज्ञान के सरल प्रयोग की दी गईं जानकारियां



समर कैम्प में छात्राओं को जानकारी देतीं शिक्षिका पारुल जैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कॉलेज में 22 से 28 जून तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जहां छात्राओं को विभिन्न विधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। कल 23 जून को विज्ञान के सरल प्रयोग पर कार्यशाला का नेतृत्व व कुशल संचालन पारुल जैन ने किया। शिक्षिका अनीता सिंह ने सहयोग किया। कार्यशाला में विभिन्न रोचक प्रयोगों के माध्यम से उनके पीछे छुपे विज्ञान को बताया गया। छात्राओं के लिए यह अनुभव बहुत ही रोमांचक व रुचि पूर्ण रहा। छात्राएं विज्ञान कार्यशाला में प्रतिभाग कर बहुत उत्साहित हुई तथा ऐसे ही विज्ञान आधारित प्रयोग घर पर करने का संकल्प लिया। इस मौके पर विज्ञान शिक्षिकाएं पारुल जैन, अनीता सिंह, लिपिक राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, सुनीता बाथम, सविता, रमेश तथा छात्राएं गायत्री चौरसिया, परी राजपूत, खुशी देवी, रुति तिवारी, शिल्पी, मंजू, तन्वी सिंह, सलोनी, सानिया, मानया मिश्रा, स्मृति मिश्रा, पलक गुप्ता, जान्हवी आदि उपस्थित रहीं।

# सपा महानगर अध्यक्ष बनने के पैनल में शशांक, राघव दत्त, राजीव के नाम की चर्चा



शशांक सक्सेना



राघव दत्त मिश्रा



राजीव चतुर्वेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शशांक सक्सेना ने महानगर अध्यक्ष के लिए दावेदारी की है। इस संबंध में वह लखनऊ जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करके आये हैं। उन्हें राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से महानगर अध्यक्ष बनने का आश्वासन मिल गया है। शशांक सक्सेना पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों एवं चुनावों में लगातार अपना योगदान दिया है।

सपा नेता राघवदत्त मिश्रा को पार्टी ने जो भी कार्य दिया है उन्होंने बखूबी उसे निभाया है। भारी भरकम चेहरा होने के चलते उनकी पर्सनाल्टी भी है। उनमें अलग से नेता की छवि दिखती हैं। विधानसभा व नगर पालिका के चुनाव में राघवदत्त ने बढ़-चढ़कर पार्टी हित में काम किया। जिसके चलते वह महानगर अध्यक्ष बनने के हकदार हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष मुलाकातों से उनका पलरा भारी माना जा रहा है।

छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी ब्राह्मण चेहरे के साथ पार्टी में जिला उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या के खास समर्थकों में गिने जाते हैं। सपा महानगर अध्यक्ष बनने की दौड़ में राजीव चतुर्वेदी का भी नाम उभरकर सामने आ रहा है। स्वामी प्रसाद मौर्या की चली, तो महानगर अध्यक्ष बनने में राजीव चतुर्वेदी का नाम सबसे ऊपर है। राजीव चतुर्वेदी की समाज में अच्छी पकड़ है।

# क्षय रोग उन्मूलन में जनपद को मण्डल में मिला दूसरा स्थान

- टीबी नोटिफिकेशन समेत नौ बिन्दुओं पर हुआ मूल्यांकन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) में बेहतर योगदान के लिए जनपद को कानपुर मण्डल में दूसरा स्थान मिला है । यह रैंकिंग माह जनवरी से मई के बीच हुए टीबी नोटिफिकेशन समेत नौ बिंदुओं पर मूल्यांकन के बाद मिली है। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रंजन गौतम ने दी।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि मण्डल में जनपद कुल 82.7 स्कोर पाकर दूसरे साथन पर, वहीं कानपुर देहात 83.8 स्कोर के साथ पहले व कानपुर नगर 78.4 अंक के साथ छठवें नंबर पर रहा। उन्होंने बताया की टीबी स्कोरिंग नौ बिंदुओं में प्रदर्शन के आधार पर की जाती है। इन बिंदुओं में टीबी नोटिफिकेशन, सीबीनॉट जांच,



डा0 रंजन गौतम

उपचार सुरक्षा दर, निक्षय पोषण योजना के तहत भुगतान, ड्रग रेसिस्टेंट टीबी उपचार, खर्चे, टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट और एचआईवी मरीजों के लिए टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट शामिल हैं। उन्होंने जिले के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने और टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में सामुदायिक सहयोग की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने आमजन से अपील की घर या आसपास में किसी को दो सप्ताह से अधिक की खांसी आ रही है, तो वह तुरंत जांच करायें।

# ओ.पी.एस. बहाली को लेकर आंदोलन 28 को

- पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों ने भरी हुंकार, बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी पहुंचेंगे लखनऊ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रादेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक नेहरु रोड स्थित श्रीजी पैलेस में सम्पन्न हुई। बैठक में ओ.पी.एस. बहाली हेतु राष्ट्रीय पेंशन बहाली मंच के तत्वावधान में चलाये जा रहे आंदोलन को गतिमान बनाये जाने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने कहा ओ.पी.एस. हम सभी के लिए वृद्धावस्था का महत्वपूर्ण सहारा है। इसे प्राप्त करने के लिए हम सभी को 27 जून दिन मंगलवार को अधिक से अधिक संख्या में चारबाग स्टेडियम लखनऊ पहुंचना है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन मेरा अधिकार है। इसको लेकर रहेंगे। पेंशन बहाल नहीं हुई, तो आगामी चुनाव में सरकार को परिणाम भुगतान पड़ सकता है।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक

जिला मंत्री प्रवेश सिंह राठौर ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी साथी इस महा आंदोलन को समर्पित सहयोग देकर सफल बनायें। उपाध्यक्ष सोमनाथ दीक्षित ने कहा कि लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए ओ.पी.एस. के लिए सभी शिक्षक व कर्मचारीगण मंच के बैनर तले बढ़-चढ़कर सहयोग करें। जिसमें सरकार विवश होकर ओ.पी.एस. बहाली की घोषणा करे। बैठक का संचालन करते हुए आदेश अवस्थी ने कहा कि इसी सही वक्त पर सभी शिक्षक व कर्मचारी एक जुट होकर हुंकार रैली को सफल बनायें। बैठक में अजय दीक्षित, रमेश यादव, प्रमोद सिंह, विनेश कुमार, मनोज वर्मा, सौरभ राजपूत, ब्रह्मशंकर मिश्रा, ओमप्रकाश नारायण, कमल मिश्रा आदि ने अपने विचार रखे। इस दौरान मनोज मिश्रा, सुहेल खां, अजीमुद्दीन, प्रमोद यादव, सुमन प्रकाश दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान की पुत्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

▸ पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में पूर्व प्रधान की पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हूसा निवासी पूर्व प्रधान सुरेन्द्र पाल की 17 वर्षीय पुत्री सीमा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि सीमा इंटर की छात्रा थी। परिजन गांव के ही एक विवाह समारोह में शमिल होने गये थे। सीमा घर पर थी, तभी उसने छत के कुंडे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुकान का ताला तोड़कर चोरी कर लेने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के क्षेत्र राजीव गांधी नगर निवासी वेदराम पुत्र रामप्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी चार दुकान झौनी नगला में पेट्रोल पम्प के आगे है। जिसमें एक दुकान सुरेश व एक दुकान शैलेन्द्र किराये पर लिये है। 20 जून की रात्रि अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर दो जनरेटर, अल्टीनेटर, एक आक्सीजन सिलेंडर, एक सोलर बैटरी, कुछ गाड़ियों के कुलपुर्जे जिनकी कीमत लगभग 90 हजार चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# बंच केबिल फुंकने से 500 घरों की बिजली गुल

▸ बरसात के कारण 33 केवीए लाइन में फाल्ट होने से रात भर उपकेंद्र रहा ठप

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** नगर में बुधवार रात से गुल हुई बिजली गुरूवार शाम को चालू की गयी। कुछ ही देर में बंच केबिल फुंक गयी। इससे करीब 500 घरों को दूसरे दिन भी बिजली नसीब नहीं हो सकी। वहीं रात में भी अंधेरा पसरा रहा। गर्मी व उमस से लोग बेहाल हो गए। बुधवार को हुयी बरसात के कारण 33केवीए लाइन में फाल्ट होने से रात भर उपकेंद्र ठप रहा। गुरूवार को विद्युत कर्मियों ने पेट्रोलिंग के बाद फाल्ट सही कर शाम करीब चार बजे आपूर्ति शुरू की। दस मिनट बाद बिजली नहीं नगर के मोहल्ला मांझ गांव पूर्व में बंच केबिल जल गयी। इससे आधा कस्बा के 500 घरों में बिजली फिर गुल हो गयी। बिजली न मिलने से दूसरी रात में भी गलियों में अंधेरा पसरा रहा। वहीं पेयजल के लिए भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी में परेशान लोगों ने जेई को मामले की सूचना दी। शुक्रवार सुबह बंच केबिल बदलने का काम शुरू किया गया। जिसके कारण पूरे नगर की बिजली बारह घण्टे तक बाधित रही। शुक्रवार शाम तक कर्मचारियों ने नयी बंच केविल को डाल बिजली आपूर्ति शुरू की। अवर अभियंता प्रमोद कुमार ने बताया कि नगर की सभी खराब बंच केबिल को जल्द बदलकर सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति की जाएगी।

## डीएम के निर्देश पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास निवासी फूलनदेवी पत्नी अनिल ने डीएम संजय सिह को प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि उसका पति अनिल शराबी पीने का आदी है। वह आये दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। पीड़िता के तीन पुत्रियां व एक पुत्र है। उसका पति पैतृक जमीन को बेचने की फिराक में है। पति जेठ के लड़कों के कहने पर उसे आये दिन पीटता है और घर से निकल जाने की कहता है। उसने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# पुलिस ने अंतर्जनपदीय दो चोरों को लाखों के सामान सहित दबोचा

▸ लाखों की 15 सोलर प्लेटें तथा 50200 की नकदी बरामद, दोनों पर दर्ज हैं कई मुकदमे



घटना का खुलासा करते सीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्जनपदीय गिरोह नकबजन के सरगना व उसके साथी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 15 सोलर प्लेट (कीमत करीब 2,10,000 रुपये) व अन्य चोरी के 50200 रुपये की नगदी तथा 1 ऑटो बरामद हुआ। आरोपियों पर थाने में कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को सीओ अमृतपुर रविन्द्र कुमार राय ने वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि थाना राजेपुर प्रभारी निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज, उपनिरीक्षक जितेन्द्र चौधरी, इला सिंह व सहायक उपनिरीक्षक उदय नारायण शुक्ला ने अपने हमराहों के साथ मुखबिर की सूचना पर थाना राजेपुर व अल्लाहगंज में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित अर्पित शाक्य पुत्र रामनरेश शाक्य निवासी बबरापुर थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज हाल पता टिलिया बीबीगंज थाना मऊदरवाजा व उसका साथी नितिन यादव पुत्र अजय सिंह यादव निवासी खंदिया थाना मऊदरवाजा को 1:50 पर राजेपुर क्षेत्र भरखा चौराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 15 चोरी की सोलर प्लेट, 6 सोलर प्लेट प्राइमर कम्पनी, 9 सोलर प्लेट अडानी कम्पनी,(कीमत करीब 2,10,000 रुपये) व अन्य चोरी के 50,200 रूपये व एक आटो संख्या यूपी 76टी/3649 बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी अर्पित पर 10 व नितिन यादव पर 7 मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम लोग देहात में घूमकर अपने ऑटो से जाकर रैकी करते है और रात्रि के समय ऑटो से जाकर एक किनारे खड़ा करके एकान्त खेतों में लगे सोलर समर सेबिल पम्प व सोलर प्लेटों तथा दुकानों व घरों से चोरी करते है और चोरी का सामान ऑटो से ले जाते है तथा चोरी का सामान बेंच देते है। पुलिस ने विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पिकअप की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव कटिया निवासी 20 वर्षीय प्रदीप जाटव पुत्र हंसराम जाटव बाइक द्वारा अपने साला शिशुपाल की शादी समारोह के प्रोग्राम में शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र के गांव गियुडी शामिल होने गया था। वहां से वापस घर लौटते समय जैसे ही बह दूंदेमई के निकट पहुंचते ही अज्ञात पिकअप चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# दो घरों से हजारों की नकदी सहित सोने-चांदी के जेवरात चोरी

▸ आये चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** दो घरों से चोरों ने हजारों की नकदी सहित सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिये। घटना के बाद मुहल्ले के लोगों की भीड़ लग गयी। पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। क्षेत्र में चोरों का आतंक जारी है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद क्षेत्र में अज्ञात चोरों का आतंक जारी है। चोर पुलिस की गश्त व्यवस्था को दरकिनार कर आये दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। लोगों का कहना था कि निजाम बदल गया लेकिन अपराधियों की नीति नहीं बदली। वे आज भी उसी तर्ज को अपनाते हुए अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसका उदाहरण शमशाबाद नगर के मोहल्ला अकबरपुर दामोदर कटरा तराई में देखने को मिला। जहां एक साथ दो घरों को निशाना बनाकर चोरों ने हजारों की नगदी तथा सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। बताया गया है कि इसी मोहल्ले के राम बहादुर अपने चार पुत्रों के साथ रहते हैं। घर पर जितेंद्र तथा उसकी पत्नी मीना एवं ससुर रामबहादुर भीषण गर्मी के चलते छत के ऊपर सोए हुए थे। चोरों ने पड़ोसी भवानी दास बाबा के घर को निशाना बनाया। भवानी दास के घर में घुसकर चोरों ने तोड़फोड़ की। वहीं बक्से आदि में रखी पैंतीस हजार की नकदी तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। भवानी दास के मकान की दीवार जिसके सहारे छत और छत के सहारे जीने से चोर राम बहादुर के घर में दाखिल हुए। घर के अंदर कमरों के ताले तोड़कर सेफ में तोड़फोड़ की और बक्से उठा ले गए। जो गांव से कुछ दूरी पर स्थित मक्के के खेत में पड़े देखे गए। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब सुबह परिवार की महिलाएं नीचे आई और जब कमरे के अंदर सामान बिखरा देखा तो उनके होश उड़ गये। बताया गया चोरी की इस घटना में अज्ञात चोरों ने पचास हज़ार रूपये की नगदी, सोने चांदी के आभूषणों में सोने का मांग का वेंदा, सोने का पेंडल, कमर का बिछुआ, मंगलसूत्र जो अलमारी के अंदर रखे हुए थे के अलावा कीमती कपड़े भी थे जिन्हें अज्ञात चोर चुरा ले गए। एक साथ दो घरों में चोरी की घटना के बाद मोहल्ले में दहशत फैल गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना के बाद थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर जांच की तथा सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना के बाद फिंगरप्रिंट टीम ने नमूने एकत्रित किए। राम बहादुर ने बताया कि दो लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ। वहीं भवानीदास बाबा ने बताया कि वह ढाईघाट शमशाबाद में थे।



नमूने एकत्र करतीं फिंगर प्रिंट टीम

# खबरें चलते-चलते

## दबंगों ने किशोर को पीटा

**कायमगंज (सं.)।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने किशोर को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित किशोर ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव जिजपुरा निवासी 10 वर्षीय मंदीप कठेरिया पुत्र नीरज कठेरिया ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी गांव के रविन्दर आया और हमारे साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट कर दी। मैने घर जाकर मामा सूरज पुत्र नीरज से कही। जिस पर मैं अपनी शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचा तो रविन्दर पुत्र राकेश, आशीष पुत्र नरेश ने लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग गया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने की बता कही।

## नगर पालिका ईओ न्यायालय में तलब

**फर्रुखाबाद (सं.)।** न्यायालय में प्रस्तुत ना होने पर फर्रुखाबाद नगर पालिका अधिशासी अधिकारी न्यायालय ने स्पष्टीकरण के साथ 26 जून को उपस्थित होने का आदेश दिया है। ऐसा ना करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को नोटिस जारी किया है। अशोक कुमार प्रति राजू पाल आदि ने कोतवाली फर्रुखाबाद के अंतर्गत 156(3) सीआरपीसी में अतिक्रमण हटाए जाने के संदर्भ में आख्या हेतु 20 मई को पत्र प्रेषित किया था। जिसमें नगर पालिका द्वारा आख्या प्राप्त नहीं हुई। जिसके चलते प्रार्थना पत्र निस्तारण में बिलंब हो रहा है। अदालत ने नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी को आदेशित किया है कि 26 जून को उपस्थित स्पष्टीकरण सहित हो अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## रंगदारी मांगने की शिकायत जिलाधिकारी से

**फर्रुखाबाद (सं)।** रंगदारी मांगने के मामले में स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह से शिकायत कर न्याय दिलाने की गुहार लगायी। जिलाधिकारी आवास खान कॉलोनी सिविल लाइन फतेहगढ़ निवासी मोहम्मद निजामुद्दीन, खैरून्निशा, मरजीना बानो, निशा खान, खालदा बेगम, अमजद खां, शबाना कमल, महजवी बेगम, रुमाना खान, रामशांति गुप्ता, मोहम्मद हारुन, शहनाज बानो, बेवी सबीना आदि ने जिलाधिकारी लिखित शिकायत कर बताया कि हम लोगों ने 12 वर्ष पूर्व पूर्व सैनिक की विधवा पत्नी कामिलनिशा जो सिविल लाइन जमीन से प्लाट खरीदे थे। उनके बीमार होने के चलते उनके पुत्र खालिद खां ने अपनी मां से अधिकार पत्र लेकर भूमि के बैनामा किए। नियमानुसार नक्शा व नगर पालिका में दाखिल खारिज आदि सभी दस्तावेज पूर्ण कर हम लोगों ने मकान बना लिए और रह रहे हैं। 20 मार्च को सिविल लाइन मड़ैया निवासी सुधीर दिवाकर, सुशील उर्फ गुड्डू ने धमकी दी कि 50-50 हजार रुपये दो नहीं तो शिकायत कर अवैध कॉलोनी घोषित कर गिरवा देंगे। मोहल्ले वालों ने जिलाधिकारी से न्याय दिलाये जाने की गुहार लगाई है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## दो महिलाओं का शान्तिभंग में चालान

**मेरापुर (सं.)।** पुलिस ने झगड़ा कर रहीं दो महिलाओं का शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव नगला सूदन निवासी बबलू की पत्नी ममता व प्रवीन की पत्नी प्रभा आपस में मारपीट व गाली-गलौज कर रहीं थीं। सूचना पर पहुंची मेरापुर पुलिस ने उक्त दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर उनका शान्तिभंग में चालान कर दिया।

# अनियंत्रित कार खड्ड में पलटी, कई सवारियां घायल

▸ चालक को झपकी आने से घटी घटना



खड्ड में पलटी पड़ी कार

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** बारात से लौट रही अनियंत्रित कार खड्ड में जा गिरी। जिससे चालक सहित आधा दर्जन सवार घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए रिश्तेदारों द्वारा कस्बे के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर निवासी रोहित पुत्र राम सिंह एक शादी समारोह के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गुरुवार की शाम जलालाबाद गए हुए थे। बताया गया है रोहित भी कार लेकर जलालाबाद बारात में गया था। कार में आधा दर्जन लोग सवार थे जो जलालाबाद बारात गए हुए थे। बताया गया है जब लोग बारात के कार्यक्रम से वापस लौटने लगे तो रोहित भी कार से दोस्तों के साथ वापस लौट रहा था। ढाईघाट शमशाबाद मार्ग पर बूढ़ी गंगा के निकट अचानक कार चालक को नींद की झपकी आ गई। जिससे कार अनियंत्रित होकर खड्डु में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार चालक सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में एक व्यक्ति की हालत ज्यादा खराब बताई गई है। दुर्घटना की सूचना पर रिश्तेदार मौके पर पहुंचे तथा सभी घायलों को उपचार हेतु कस्बे के प्राइवेट नर्सिंग होम लाया गया। खड्डु में कार गिरने तथा कार सवार लोगों के घायल होने की जानकारी जब स्थानीय पुलिस को हुई, तो पुलिस का कहना था सूचना मिली थी घायलों को परिवार के लोगों ने उपचार हेतु निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना की तहरीर नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# दबंगों ने होटल मालिक व उसके कर्मचारियों को पीटा

▸ मौके से चीता पुलिस ने एक को दबोचा
▸ तीन नामदर्ज व आठ अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीती रात दबंगों ने होटल मालिक व उसके कर्मचारियों को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर खड़ी चीता पुलिस ने एक आरोपी को दबोच लिया। इस दौरान अन्य आरोपी मौके से भाग गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में तीन नामदर्ज व आठ अज्ञात के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराकर मामले की जांच शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला तलैया फजल इमाम निवासी नीरज पुत्र नवीन चन्द्र गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनका थाना कादरी गेट के क्षेत्र रोडवेज बस स्टैण्ड के सामने होटल है। जिस पर मैं बीती रात बैठा था। उसी समय कुछ बाइक सवार लोग आये और विवाद करने लगे। जब मैंने इसका विरोध किया तो उक्त दबंगों ने मेरे साथ व मेरे कर्मचारियों के साथ अभद्रता कर दी और चले गये। कुछ देर पुनः आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ लाठी-डंडा लेकर आये और हमला कर दिया। जिससे मैं व कर्मचारी घायल हो गये। उसी समय कुछ दूरी पर चीता पुलिस खड़ी थी। घटना की जानकारी होने पर चीता पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया। इस दौरान अन्य आरोपीगण मौके से भाग गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में नामदर्ज आरोपी लाख उर्फ रजा पुत्र सलीम निवासी खटकपुर, कन्हैया निवासी खतराना, बशर निवासी खटकपुरा व आठ अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरु कर दी।

## बीस लीटर कच्ची शराब सहित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने छापामारी कर बीस लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपरण सहित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज पुलिस ने अपने हमराहों के साथ ग्राम रजीपुर में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की। इस दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम सोनू पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम रजीपुर बताया। तलाश में उसके पास से 20 लीटर अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# सक्षम अधिकारी 27 जून को न्यायालय में तलब

▸ शमीम हत्याकांड में अनुपम दुबे की हुई पेशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ठेकेदार शमीम हत्याकाण्ड में बसपा नेता डॉ अनुपम दुबे की पेशी पूर्ण हुई। शमीम हत्याकांड में अंगूठा चिन्ह प्रमाणित ना होने पर न्यायालय ने मूल अभिलेखों में उपलब्ध अंगुष्ठ चिन्हों का परीक्षण कर अविलंब रिपोर्ट न्यायालय में 27 जून को प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। शमीम हत्याकांड के मुख्य आरोपी अनुपम दुबे धारा 147, 148, 149, 302 में अंगूठा चिन्हों की जांच हेतु अंगुल चिन्ह ब्यूरो अशोक कुमार एक्सपर्ट सब इंस्पेक्टर, आनंद मसीह विशेष इन्स्पेक्टर, शैलेंद्र नारायण सक्सेना विशेष सब इंस्पेक्टर, लक्ष्मी नारायण मिश्रा फोटोग्राफर उपस्थित थे। उनके द्वारा 29 मई को अंगुल छाप को कैमरे के माध्यम से प्राप्त कर जांच हेतु प्रयोगशाला ले गए थे। परंतु उनके द्वारा दी गई आंख्या में बताया गया कि पर्याप्त प्रकाश ना होने के कारण अंगूठा चिन्हों की फोटोग्राफ लेने पर साफ व स्पष्ट नहीं आए थे। इस कारण चिन्हों की जांच नहीं की जा सकी। जिसके लिए मूल्य अभिलेखों की आवश्यकता है। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट राकेश कुमार सिंह ने संबंधित मूल्य अभिलेख न्यायालय में पत्रावली में उपलब्ध सक्षम अधिकारी को इस संबंध में 27 जून को न्यायालय में भेजकर मूल्य अभिलेख प्राप्त करवाएं और अभिलेखों का परीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

## लेखपाल सहित पांच लोगों के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद।** कूटचरित दस्तावेज तैयार कर गलत तरीके से पैमाइश के मामले में लेखपाल सहित पांच लोगों के विरुद्ध कोर्ट में याचिका दायर की गई। कादरीगेट थाना क्षेत्र के दीनदयाल बाग पंचाल घाट निवासी मूलचंद दीक्षित ने याचिका में दर्शाया कि मैं सेवानिवृत्त कर्मचारी हूं। मैंने अपनी पत्नी सरला दीक्षित के नाम से आवासीय भूखंड का बैनामा गाटा संख्या 416 रकवा, आठ 1 वर्ग मीटर का कराया था। पैमाइश होने के बाद नक्शा पास कराकर निर्माण भी करा लिया, लेकिन बिटोला देवी ने भी खसरा संख्या 598 रकवा 0. 158 हे0 का जमीन का भी बैनामा कराया था और उस पर निर्माण भी करा लिया, जबकि मेरे और उनके गाटा संख्या में काफी परिवर्तन है। उसके बावजूद बिटोला देवी ने अपने पति व पुत्रगणों से मिलकर व क्षेत्रीय लेखपाल के साथ षड्यंत्र करके प्लाट की चौहद्दी बदलकर गलत दिखा दी और क्षेत्रीय लेखपाल ने गलत पैमाइश जमीन की कर दी। मेरी पत्नी के नाम से जमीन है जो उसके बगल में पड़ी है। जमीन को हड़पने के उद्देश्य से यह सब किया गया है। जब मैंने रोकना चाहा तो उक्त सभी लोग मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित ने प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों से शिकायत की पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# मारपीट के मामले में प्रधान पति सहित पांच पर मुकदमा दर्ज

▸ मुकदमे की जांच उप निरीक्षक लव कुमार को सौंपी गयी



**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव नगला सबल निवासी खुशीराम यादव पुत्र सुखवासी लाल ने गांव की निवासिनी ग्राम प्रधान मीरा देवी के पति सुखवीर यादव व इनके पुत्र विवेक यादव व शिवम पुत्र उदयवीर एवं दो अज्ञात लोंगो के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज व जान से मार देने की धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार खुशीराम यादव का पुत्र उमेश गुरुवार की शाम गांव मुरान स्थित बाजार से सामान लेकर अपने घर आ रहा था, तभी रास्ते में जयवीर सिंह के खेत के पास उपरोक्त सभी आरोपितों ने पुरानी रंजिश के कारण उमेश को पकड़ लिया और उसके साथ गाली-गलौज कर लाठी डंडों से मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गया। शोरगुल की आवाज पर मौके पर पंहुचे कुछ लोंगो ने बीच बचाव कर दिया। इसके बाद उक्त सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये। पुलिस ने खुशीराम की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल उमेश यादव का सीएचसी मोहम्मदाबाद में चिकित्सीय परीक्षण करवाया और मुकदमें की जांच उपनिरीक्षक लव कुमार के सुपुर्द कर दी।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का निरीक्षण कर दवाओं के भरे सैम्पल

▸ दवाओं का रख-रखव एवं स्टाक देखा



जन औषधि केंद्र पर निरीक्षण करते ड्रग इंस्पेक्टर अशोक कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 की आयुक्त अनीता सिंह के निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर अशोक कुमार चौधरी ने शुक्रवार को प्रधान मंत्री जन औषधि केंद्रों का निरीक्षण कर दवाओं के सैम्पल भरे, जिन्हे जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जायेगा। औषधि निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि फर्रुखाबाद नगर के चौक बाजार तथा सधवाड़ा स्थित प्रधान मंत्री जन औषधि केंद्रों का निरीक्षण किया तथा दवाओं का रख-रखाव एवं स्टाक देखा गया। चौक स्थित जन औषधि केंद्र के प्रोपराइटर रामा शर्मा तथा सधवाड़ा स्थित प्रो0 कपिल साध के जन औषधि केंद्रों से एम्लोडेपिन एण्ड एटीनोनाल, रैवीप्रजोल डोमप्रिनडोन, ऐसोमेप्रजोल- डोमपेरीडान, डिम्लफिनिक-पैरासीटामोल एवं अमोक्सीसाइक्लिन दवाओं के जांच हेतु सैम्पल भरे गये। जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जायेगा। औषधि निरीक्षक ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 की आयुक्त अनीता सिंह ने प्रधान मंत्री जन औषधि केंद्रों का निरीक्षण किये जाने के आदेश दिये गये है। जिसके क्रम में जनपद के सभी जन औषधि केंद्रों का निरीक्षण किया जायेगा।